भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026 haribhoomi.com

परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## गायत्री शक्ति पीठ में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार एवं शिक्षक समारोह

# संस्कृति से परिचय के साथ बच्चों को मिल रही नैतिक शिक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह रविवार को गायत्री शक्तिपीठ एमपी नगर के अश्वमेध सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यालय एवं महाविद्यालय के लगभग 100 प्राचार्य एवं शिक्षकों का सम्मान किया गया तथा 34 छात्र एवं छात्राओं का जिन्होंने जिले में प्रथम, द्वितीय व तृतीय कक्षावार स्थान प्राप्त किया उन्हें परितोषिक वितरण किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक कृष्णा शर्मा ने बताया कि यह परीक्षा बच्चों में अपनी संस्कृति से परिचय कराने, महापुरुषों के बारे में जानकारी प्राप्त करने एवं नैतिक शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रही है। जिला भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने कहाकि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा निश्चित ही बच्चों के व्यक्तित्व के विकास एवं उनके कॅरियर के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। कार्यक्रम के प्रारंभ में केएल पटेल साहब ने बताया कि भोपाल जिले में लगभग 19000 बच्चों ने यह परीक्षा दी जिसमें भोपाल जिले में सर्वाधिक केएम कॉन्वेंट स्कूल के 1400 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक एवं गायत्री परिवार भोपाल जोन प्रभारी राजेश पटेल ने सभी शिक्षकों एवं प्राचार्य से आग्रह किया कि अगले वर्ष अधिक से अधिक बच्चों को परीक्षा में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम का संचालन सुधाकर गीतकार ने किया। कार्यक्रम में पूनम चंद वर्मा, कमलापति रावत, अजीत कुमार भगत, घनश्याम पाटीदार, राकेश मिश्रा, डॉ दयानंद समेले सहित गायत्री परिवार के परिजनों ने भाग लिया।



## श्री नारायण गुरु मंदिर परिसर में 19 से 23 तक चलेगा कार्यक्रम, पंचलोह प्रतिष्ठा होगी

# प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की हुई गणपति होम के साथ शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री नारायण मिशन मां शारदा के प्रथम वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन गोविंदपुरा स्थित श्री नारायण गुरु मंदिर परिसर में स्थित शारदा मंदिर में 19 से 23 अप्रैल तक होगा। इस मौके पर नारायण हॉल का भी उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान पंचलोह प्रतिष्ठा की जाएगी। अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति और गुरु पूजा के साथ हुआ।

इसके बाद सभी श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। दोपहर में भंडारे में लगभग 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता केरल की प्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रवक्ता सौम्या अनिरुद्धम मौजूद थी। उन्होंने श्री नारायण गुरु के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शाम को विशेष पूजा-अर्चना एवं दान कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन के सचिव राजू बी ने बताया कि प्रतिदिन विशेष पूजा, प्रवचन एवं धार्मिक आयोजन होंगे।



## खबर संक्षेप



### उपकरणों की लापरवाही हो सकती है जानलेवा

**भोपाल।** एम्स भोपाल ने चेतावनी दी है कि इलाज के दौरान इस्तेमाल होने वाले चिकित्सा उपकरणों से जुड़ी किसी भी खराबी या दुष्प्रभाव को नजरअंदाज करना मरीज के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। बंगरसिया में चलाए गए जागरुकता अभियान में लोगों को इसकी जानकारी दी गई कि ऐसी किसी भी समस्या की तुरंत शिकायत करना जरूरी है। अभियान में लोगों को बताया गया कि चिकित्सा उपकरणों से होने वाली किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत देना क्यों जरूरी है और इसे कैसे रिपोर्ट किया जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार चिकित्सा उपकरणों में तकनीकी खराबी या गलत उपयोग से संक्रमण फैलना, गलत रीडिंग के कारण गलत इलाज, उपकरण का अचानक फेल होना, एलर्जी या त्वचा पर रिएक्शन और गंभीर मामलों में अंगों को नुकसान या जीवन को खतरा तक हो सकता है।

### श्री गुजराती समाज के अध्यक्ष बने संजय पटेल

**भोपाल।** श्री गुजराती समाज के चुनाव गुजराती भवन में हुए। इसमें 14वीं बार संजय पटले को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए । पटेल वर्ष-2001 में पहली बार अध्यक्ष चुने थे, तब से लगातार समाज के लोग पटेल को अध्यक्ष चुन रहे हैं। निर्विरोध निर्वाचन का निरंतर इतिहास रचते हुए ,इस बार भी संजय पटेल ने लगातार 26 वर्ष की समाज सेवा और निर्वाचन का कीर्तिमान रचते हुए श्री गुजराती समाज,भोपाल में 14 दवी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

### बांदकपुर से घटेरा रेलवे सेक्शन पर तीसरी लाइन का काम पूरा

**भोपाल।** पमरे जोन के अंतर्गत आने वाले मप्र के महत्वपूर्ण रेल खंडों में से एक बीना-कटनी सेक्शन पर तीसरी लाइन परियोजना के अंतर्गत बांदकपुर से घटेरा रेलखंड का कार्य संपन्न होने के साथ ही इस परियोजना का कार्य पूर्ण हो गया है। कुल 259.91 किलोमीटर लंबी यह परियोजना वर्ष 2016-17 में स्वीकृत हुई थी, जिसकी कुल लागत लगभग 4000 करोड़ से अधिक रही। इस खंड में 12 महत्वपूर्ण एवं 26 बड़े पुलों सहित 311 छोटे पुलों का निर्माण किया गया तथा कुल 32 रेलवे स्टेशन इस परियोजना से लाभान्वित हुए हैं।

### नर्सिंग आफिसर भर्ती जीव विज्ञान की अनिवार्यता को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने मध्य प्रदेश के शासकीय मेडिकल कालेजों में नर्सिंग आफिसर के पदों पर भर्ती के लिए जीव विज्ञान की अनिवार्यता को चुनौती के मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने इसी के साथ कर्मचारी चयन मंडल को सभी अभ्यर्थियों के आवेदन को स्वीकार करने के अंतरिम निर्देश दे दिए। कर्मचारी चयन मंडल को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## दो दिन मनाई जा रही भगवान परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया

# परशुराम जयंती की धूम: अक्षय तृतीया पर राजधानी में निकलीं शोभायात्राएं



शाहपुरा से पाल समाज की सामूहिक बारात निकली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भोपाल में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को ब्राह्मण समाज ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए यह श्रद्धा उत्सव मनाया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान,शोभायात्रा निकाली गई। तो वहीं कुछ जगहों पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने भगवान परशुराम की आराधना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

### महाआरती दीपोत्सव का हुआ आयोजन

शीतला माता मंदिर टीलारामपुरा में शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल व परशुराम युवा एकता परिषद की ओर से रविवार को परशुराम जयंती के अवसर पर महाआरती दीपोत्सव व महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज व श्रध्दालु मौजूद थे। इसी तरह रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में रविवार को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं के साथ मनाई गई। पूजन, अभिषेक और हवन के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत समस्त देवी-देवताओं के विधिवत पूजन से हुई।

### कोलार में शोभायात्रा निकाली

भगवान परशुराम जंयती पर कोलार में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसी तरह शिवाजी नगर स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भी दो दिवसीय प्रगटोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है।



### अक्षय तृतीया पर राजधानी में सामूहिक विवाह सम्मेलन

राजधानी में अक्षय तृतीया के अबूझ और महामुहूर्त में गजब का उत्साह देखने को मिला। कई जगह पर सामूहिक और घरेलू विवाह सम्मेलनों का आयोजन किया गया। जिनमें करीब 170 से ज्यादा जोड़ों ने सात फेरे लिए।



### आज गुफा मंदिर में होगा ब्राह्मण समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

गुफा मंदिर प्रांगण में सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन में ब्राह्मण समाज के परिवार शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे भगवान परशुराम के पूजन एवं अभिषेक से होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे लालघाटी चौराहे से गुफा मंदिर के लिए सामूहिक बारात निकलेगी, जिसमें दूल्हे पारंपरिक वेशभूषा में घोड़ी पर सवार होकर विवाह स्थल पहुंचेंगे।

# भाई दूज एवं चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के ऐच्छिक अवकाश को शासकीय अवकाश में बदलने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कायस्थम मप्र ने सवाल उठाया है कि मध्य प्रदेश में प्रायः सभी धर्म और वर्गों के महापुरुषों की जयंतियों और त्योहारों के लिए कोई न कोई एक दिवस शासकीय अवकाश के रूप में घोषित है तो कायस्थ समाज को इससे क्यों वंचित रखा गया है। कायस्थम मप्र के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार होली, दिवाली के भाई दूज और आगामी 23 अप्रैल को कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव पर मप्र शासन द्वारा मात्र ऐच्छिक अवकाश ही घोषित है, जबकि कायस्थ समाज वर्षों से इन अवसरों पर किसी एक दिन शासकीय अवकाश घोषित करने की मांग करता आया है। श्रीवास्तव ने बताया कि मप्र में लगभग 8 से 10 लाख कायस्थ परिवार हैं, जिसके अनुसार कायस्थ मतदाताओं की संख्या लगभग 40 लाख है। इतनी बड़ी तादाद में होने के बावजूद उनके आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना वाले यम द्वितीया महोत्सव या होली एवं दीवाली के दूसरे दिन भाई-बहन के पवित्र पर्व भाई-दूज अथवा श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के अवसर पर शासकीय अवकाश घोषित नहीं किए जाने से कायस्थ समाज में वर्षों से रोष है।

**कायस्थम ने उठाया सवाल, सभी धर्म, वर्गों के त्योहार, जयंती के लिए शासकीय अवकाश तो कायस्थ समाज के लिए के क्यों नहीं?**

इन तीनों अवसरों पर श्री चित्रगुप्त मंदिरों और कायस्थ घरों में भक्ति भाव से भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन- अर्चन किया जाता है। शासकीय कर्मचारियों के लिए साल में मात्र तीन ऐच्छिक अवकाश लेने की पात्रता है, इस कारण चित्रांश बंधु अपने कुल के आराध्य देव की पूजा भी पूरे मनोयोग एवं भक्ति भाव से नहीं कर पाते। जबकि प्रदेश में भगवान श्री चित्रगुप्त के लगभग 272 मंदिर हैं, जहां इन तिथि अथवा विशेष अवसरों पर पूजा, हवन, भंडारा, शोभायात्रा आदि का आयोजन किया जाता है। मध्य प्रदेश सरकार को चाहिए कि इनमें से किसी एक दिवस या अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए, ताकि चित्रांश बंधु पूरी आस्था, निष्ठा और भक्तिभाव के साथ अपने आराध्य देव का पूजन कर सकें।

## छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का खर्चा उठाए सरकार: शर्मा



कांग्रेस ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी बोर्ड की 10-12वीं परीक्षा में राजधानी भोपाल का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता पीसी शर्मा ने सम्मान किया। अपने 1100 क्वार्टर्स निवास पर पीसी शर्मा ने चांदनी विश्वकर्मा, खुशी राय, यश पर्वत, मीनू द्विवेदी, श्रद्धा गिरी, श्रृष्टि बघैल, अब्दुल सामी को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। पीसी शर्मा ने छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए भविष्य की सफलताओं के लिए आशीर्वाद दिया। सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर पीसी शर्मा ने कहा कि प्रदेश के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का खर्च सरकार को उठाना चाहिए ताकि भविष्य में और छात्र प्रदेश का नाम रोशन कर सके।

## 18 से 24 मई तक होगा धार्मिक आयोजन

# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



गुफा मंदिर में बैठक संपन्न।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में गुफा मंदिर के महंत श्री श्री 1008 श्री महंत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में 18 से 24 मई में होने वाले सप्त दिवसीय पंच कुंडात्मक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ, श्री यंत्रार्चन एवं वृंदावन की प्रसिद्ध रासलीला मंचन का आयोजन किया जाना है। इसकी तैयारियों को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महायज्ञ में होने वाले प्रत्येक बिन्दु पर विचार विमर्श किया गया एवं लोगों के सुझाव भी लिए गये।

## बैठक में बनी भवन निर्माण पर सहमति, विस्तार से हुई चर्चा

# सात सदस्यीय समिति बनाकर भवन निर्माण की तैयारी, जून में होगा पारिवारिक मिलन महोत्सव



अग्रहरि समाज की बैठक संपन्न हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अग्रहरि (वैश्य) समाज भोपाल की बैठक रविवार को गुलमोहर कॉलोनी स्थित आईसीएच में आयोजित हुई। बैठक में समाज के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। बैठक में भवन निर्माण पर सहमति बनी है। समाज के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन और क्रय को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से 7 सदस्यीय समिति गठित कर निर्माण प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया।

### जून में हो सकता है पारिवारिक मिलन

समाज की बैठक में लंबे समय से लंबित पारिवारिक मिलन महोत्सव जल्द आयोजित करने पर सहमति बनी। युवा सदस्यों ने भीषण गर्मी और अन्य कारणों से इसे मई के बताय जून में कराने का सुझाव दिया, जिस पर सकारात्मक सहमति बनी। बैठक में एक बार फिर से नो नेगेटिव एक्टिविटी का संकल्प दोहराया गया। बैठक में सदस्य संख्या बढ़ने, समय पर उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी पर संतोष जताया गया। सभी ने नो नेगेटिव एक्टिविटी के संकल्प को दोहराते हुए समाजहित में निस्वार्थ कार्य करने की शपथ ली।

## कचरा प्रबंधन से जुड़े ढांचे के साथ हो रही तोड़फोड़, निगम में की शिकायत

स्वच्छता एंबेसडकर सप्ताह में एक दिन करते हैं श्रमदान

# कलियासोत डैम पर शरारती तत्वों ने डस्टबिन तोड़े, टायर बिन्स डैम में फेंके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के प्रमुख पर्यटन और प्राकृतिक स्थलों में शामिल कलियासोत डेम पर कचरा प्रबंधन से जुड़े ढांचे के साथ तोड़फोड़ की जा रही है। यहां असामाजिक तत्वों द्वारा नगर निगम द्वारा लगाए गए मेटल बिन को तोड़कर डेम किनारे फेंक दिया गया, जबकि सनसेट पॉइंट पर लगाए गए टायर बिन्स को भी डेम में डाल दिया गया। इस घटना से न केवल स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि शहर के इस खूबसूरत स्थल की छवि पर भी असर पड़ा है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम और स्वच्छता एंबेसडर की टीम द्वारा पिछले कुछ समय से यहां सफाई और सौंदर्यीकरण के विशेष प्रयास किए जा रहे है। करीब एक दर्जन से अधिक लोगों की टीम नियमित रूप से डेम किनारे कचरा साफ करने, लोगों को जागरूक करने और स्थान को आकर्षक बनाने में जुटी हुई है। टीम ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए टायर बिन्स, डस्टबिन और विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से इस क्षेत्र को सजाया था। गत दिवस जब वे मौके पर पहुंचे तो उन्हें डस्टबिन उखड़े मिले और आसपास झाड़ी भी आग से झुलसी मिली।







### निगम ने भी लगाए थे मैटल बिन

कलियासोत डेम पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसे देखते हुए नगर निगम उक्त क्षेत्र में लगातार सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए ध्यान दे रहा है। उद्यानिकी शाखा द्वारा घास की कटाई, सौंदर्यीकरण के लिए पौधे लगाने का काम भी किया जा रहा है।

### एएचओ को निगरानी के निर्देश

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि शहर में कहीं भी सफाई व्यवस्था को लेकर गडबड़ी करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। पर्यटन स्थलों पर निगरानी के लिए एएचओ को निर्देश दिए गए हैं। तोड़फोड़ या नुकसान करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष -03 ■ वर्ष : 13, अंक : 18 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 40 न्यून. 27 haribhoomi.com



परशुराम जयंती आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अक्षय तृतीया की मंगलकामनाएं



पीएम ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की

# बंगाल में दुकान पर अचानक रुककर प्रधानमंत्री मोदी ने खाई 'झालमुरी'


उन्होंने आसपास के लोगों को यह स्ट्रीट फूड बांटा भी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार में जुटे पीएम नरेंद्र मोदी ने पारंपरिक फूड का स्वाद लिया। पीएम ने इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। झारग्राम में जनसभा को संबोधित करने के बात पीएम हैलिपेड ग्राउंड जाते समय अचानक कॉलेज कॉलेज मोड़ पर रुके।

जहां उन्होंने एक स्थानीय दुकान से झालमुरी खाई और आम लोगों से बातचीत की। पीएम ने दुकाने वाले को 10 रुपए भी दिए। इस दौरान उन्होंने लोगों के साथ झालमुरी को बांटा भी। दुकानदार विक्रम साह ने बताया कि आते ही पीएम मोदी ने कहा बढ़िया झालमुरी बनाओ। मैंने मिर्च, मसाला और चार के साथ झालमुरी बनाई। पीएम ने कहा कि बढ़िया बना है। 'झालमुरी' मुख्य रूप से कुरकुरे मुरमुरे , कच्ची मूंगफली, बारीक कटी सब्जियों, विशेष मसालों (भजा मोसला) और सरसों के तेल को मिलाकर बनाया जाता है।

▶▶ पढ़ें पेज 09 भी



झालमुरी का स्वाद लेते हुए



स्थानीय महिलाओं और बच्चों को खिलाते हुए

### पीएम की मां की फोटो लेकर पहुंचा बच्चा, वे बोले-आपने मुझे भावुक कर दिया

पुरुलिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अपना भाषण बीच में ही रोक दिया, उनकी नजर एक छोटे बच्चे पर गई जो उनकी मां की फोटो लेकर पहुंचा था, पीएम मोदी ने उस बच्चे से बात की और उसे थैंक्यू कहा। प्रधानमंत्री ने एसपीजी को निर्देश देकर वो तस्वीर अपने पास मंगवाई और कहा कि मां की तस्वीर देखकर वो भावुक हो गए। पीएम मोदी ने कहा कि थैंक्यू बेटा, बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं आपका बहुत आभारी हूं, आप मेरी मां की तस्वीर लेकर ▶▶ शेष पेज 4 पर



भगवान के दर्शन करने पहुंची हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई

# चारधाम यात्रा शुरू, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुले

केदारनाथ धाम के कपाट 22 को और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर उत्तराखंड में श्रद्धा और आस्था से जुड़ी चारधाम यात्रा 2026 का विधिवत शुभारंभ हो गया है। इस शुभ दिन पर सबसे पहले गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए, जिसके साथ ही चारधाम यात्रा का आध्यात्मिक सफर औपचारिक रूप से शुरू हो गया। गंगोत्री में पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई, जिसमें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। बाबा केदार ▶▶ शेष पेज 4 पर










कांग्रेस व सहयोगी दलों को किया जाएगा 'बेनकाब'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा- बताया जाएगा कि महिलाओं का अधिकार किसने रोका?

# मप्र सरकार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाएगी, आज राजधानी में आक्रोश रैली

सीएम ने कहा कि विपक्ष का असली चेहरा जनता के सामने आ गया। विपक्ष ने 2023 में आगामी लोकसभा चुनाव में हार की आशंका से अधिनियम का समर्थन किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार व भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कांग्रेस व सहयोगी दलों के असली चेहरे को बेनकाब करेगी। विपक्षी दलों ने इस बिल को लोकसभा में गिरा दिया था।

मप्र की मोहन सरकार विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र बुलाएगी और बताएगी कि महिलाओं का अधिकार किसने रोका? इसके अलावा प्रदेश भर में इस मुद्दे पर आक्रोश रैलियां व पदयात्राएं की जाएंगी। सोमवार को राजधानी भोपाल में आक्रोश यात्रा निकाली जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में पूछा कि कांग्रेस ने 2014 से पहले आरक्षण की बात क्यों नहीं की थी? जातिगत जनगणना भी कांग्रेस ने ही बंद कराई थी। उन्होंने कहा कि द्रौपदी का चीरहरण तो हमने 5000 साल पहले का सुना था, लेकिन बहनों की इज्जत के साथ खेलने का घटनाक्रम संसद में जिस तरह से हुआ, वह हमारे लिए अत्यंत कष्टकारी और निंदनीय है। प्रेस कांफ्रेंस को ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रदेश भर में पदयात्राएं और आक्रोश सभाएं होंगी



प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान आगे की रणनीति की जानकारी देते सीएम

**सीएम ने कहा- भाजपा सिर्फ कहती नहीं, करके दिखाती है**

**प्रदेश के 17 जिलों में महिलाएं कलेक्टर व 10 जिलों में एसपी**

## उत्तर-दक्षिण का विवाद बेवजह खड़ा किया जा रहा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय किया है। इसका पर्दाफाश जनता के बीच किया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस के साथ इसका आगाज हुआ है। भाजपा इस मुद्दे पर रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि आगे विभिन्न जिलों, नगर पालिकाओं, नगर निगमों और नगर पंचायतों में प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1954 में देश की आबादी 55 करोड़ थी। आज 140 करोड़ से भी ज्यादा हो गई है। उसी अनुपात में सीटें भी बढ़नी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस का जश्न, महिलाओं का अपमानः हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि संसद में देश की आधी आबादी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय था, जिसे विपक्ष, राहुल गांधी और उनके सहयोगियों ने यह बता दिया कि उनकी मानसिकता महिला विरोधी है। इससे कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस को देश की महिलाएं कभी भी माफ नहीं करेंगीः रेखा

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री व गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि नारी शक्ति वंदन अधिनयम पारित करने दीजिए, क्रेडिट भी आप ही ले लीजिए, मुझे क्रेडिट भी नहीं चाहिए। इसके बाद भी विपक्ष ने बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि 70 साल से देश की नारी अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रही थी और 33% आरक्षण की मांग कर रही थी। कांग्रेस महिलाओं को उनका अधिकार भी नहीं दे रही है। कांग्रेस को देश की महिलाएं कभी भी माफ नहीं करेंगी।

▶▶ पढ़ें पेज 02 व 03 भी



विस्फोट के बाद वनजा पटाखा फैक्ट्री पूरी तरह से ध्वस्त

तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में धमाका

# हादसे में 23 लोगों की मौत, 6 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**पीएम मोदी, राष्ट्रपति सहित सीएम स्टालिन ने जताया दुख**

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के पास कट्टानारपट्टी स्थित एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाके से भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 गंभीर रूप से झुलस गए हैं। जो आईसीयू में हैं। जिला कलेक्टर डॉ. एनओ सुखपुत्रा ने इसकी पुष्टि की है। सीएम एमके स्टालिन ने घटना पर दुख जताया है। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार विशेष टीमें गठित की गई हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि नियमों का उल्लंघन करते हुए फैक्ट्री रविवार को भी संचालित की जा रही थी। वहीं, हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। फैक्ट्री परिसर में 30 से अधिक कमरे बने हुए हैं और यहां 100 से ज्यादा कर्मचारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया आश्रम संन्यास

**उज्जैन।** प्रयागराज महाकुंभ से चर्चा में आई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर हर्षा रिछारिया ने आश्रम की संन्यास दीक्षा ले ली है। यह दीक्षा शिप्रा नदी के किनारे मौनी तीर्थ आश्रम में ली गई। अब आज से हर्षा रिछारिया स्वामी हर्षानंद गिरि नाम से पहचानी जाएगी। यहां उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में रविवार एक दीक्षा आयोजन हुआ।



### गेंद निकालने के प्रयास में दो बच्चे कुए में डूबे

**देवास।** नेवरी चौकी क्षेत्र में रविवार शाम क्रिकेट खेल रहे बच्चों के साथ हादसा हो गया। खेल के दौरान गेंद कुए में जा गिरी। गेंद निकालने के प्रयास में एक बच्चे का पैर फिसल गया और वह कुए में गिर पड़ा। उसे बचाने के प्रयास में दूसरा बच्चा भी गिर गया। लोगों ने दोनों निकालकर अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



पीएमश्री हेली सेवा के रूप में

## ओरछा के लिए शुरू की गई पुष्पक विमान की व्यवस्था



राजधानी के स्टेट हैंगर पर हरी झंडी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रविवार को जिन दो शहरों के लिए हेली सेवा की शुरुआत की गई है, यह दोनों ही प्रदेश के विरासत स्थल हैं। चंदेरी का संबंध भी श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही है। चंदेरी, पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात है। मप्र में तेजी से बढ़ रहे एविएशन सेक्टर से ▶▶ शेष पेज 4 पर

डिजिटल जनगणना में गड़बड़ी

## 'पोर्टल' पर अरुणाचल की जगह चीन का लिखा नाम



त्रुटि सामने आने के बाद सरकार ने ठीक किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में पहली बार डिजिटल जनगणना की तैयारी के बीच एक बड़ी तकनीकी गलती ने विवाद खड़ा कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट शहर को जनगणना के सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर चीन के शहर मेडोग के नाम से दिखाया गया। यह मामला तब सामने आया जब रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी मोहोंतो ▶▶ शेष पेज 4 पर

पंजाब ने आईपीएल में रचा इतिहास

## सीजन का सबसे बड़ा स्कोर लखनऊ को 54 रन से हराया

एजेंसी ▶▶ न्यू चंडीगढ़

पंजाब किंग्स ने आईपीएल में 5वीं जीत हासिल की। टीम ने रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 54 रनों से मात दी। न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर स्टेडियम में टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पंजाब ने 7 विकेट खोकर 254 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 5 विकेट पर 200 रन की बना सकी। पंजाब का यह आईपीएल 2026 सीजन का सबसे बड़ा स्कोर रहा। कूपर कोनोली और प्रियांश आर्या के दम पर सीजन का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



| कोनोली | | प्रियांश आर्या | |
|---|---|---|---|
| 87 | रन | 93 | रन |
| 46 | गेंद | 37 | गेंद |
| 08 | चौके | 04 | चौके |
| 07 | छक्के | 08 | छक्के |

फेमिना मिस इंडिया 2026 का खिताब

# गोवा की साध्वी सतीश सैल के सिर सजा ताज

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

▶▶ वे 7 भाषाएं लिख-पढ़ सकती हैं

यहां आयोजित फेमिना मिस इंडिया 2026 के 60वें संस्करण में गोवा की लड़की ने बाजी मार ली। भारत के कोने-कोने से आई 30 सुंदरियों को पछाड़ मिस इंडिया वर्ल्ड 2026 का खिताब साध्वी सतीश सैल के सिर सजा। जिन्होंने अपनी ब्यूटी और ▶▶ शेष पेज 4 पर,
▶▶ पढ़ें पेज 12 भी



अनूपपुर में दर्दनाक हादसा

# ट्रैक्टर पलटने के बाद दबकर 4 युवकों ने मौके पर तोड़ा दम

सभी युवक गिट्टी लेने क्रेशर जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

अनूपपुर के करन पठार थाना क्षेत्र में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। ट्रैक्टर में सवार सभी लोग करंजिया डिंडोरी से अनूपपुर जिले के पौनी स्थित क्रेशर गिट्टी लेने जा रहे थे। जहां क्रेशर से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर ट्रैक्टर ठाढ़ पाथर तालाब के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। मृतकों की पहचान अंकुश उईके (24 वर्ष) जो कि ट्रैक्टर चला रहा था। बृजेश पेंद्रो (20 वर्ष), चंद्र प्रकाश मार्को (18 वर्ष) और रविन्द्र कुमार गोयल (30 वर्ष) निवासी भीम कुंडी, करंजिया (जिला डिंडोरी) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह घटना सुबह 6:00 बजे हुई।



हादसे के बाद ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त

### आलीराजपुर में शादी समारोह से लौटते समय 3 दोस्तों की मौत

**आलीराजपुर।** बोरी गांव में बाइक सवार तीन दोस्तों को वाहन ने टक्कर मार दी। दो की मौके पर मौत हो गई। वहीं, एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसा शनिवार देर रात करीब 1 बजे उनके घर से करीब 100 मीटर दूर हुआ। मृतकों की पहचान अनिल (14) पिता अभय सिंह निवासी देवधा, थाना बाग), रोशन (17) पिता ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आज से दो दिन तक कुछ जिलों में बादल और आंधी के साथ बारिश

बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा खरगोन, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में आंधी के साथ बौछारें पड़ेंगी

# पांच जिलों में लूः भोपाल में 42 डिग्री की तपन, नौगांव का पारा 45 डिग्री की ओर

अलीराजपुर झाबुआ रतलाम, गुना उमरिया, डिंडोरी मंडला, पन्ना छतरपुर टीकमगढ़ निवाड़ी में लू का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में रविवार को गर्मी और बढ़ गई। 5 जिलों में लू चली। प्रदेश में सबसे गर्म रहे नौगांव में पारा 44.3 डिग्री रहा। साथ ही छिंदवाड़ा, मंडला, मलाजखंड और रतलाम में लू का असर रहने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां पारा 43 से 44 डिग्री के बीच और सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक अधिक दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा अप्रैल वर्ष 2022 के बाद सर्वाधिक 41.8 ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी के जीपीओ रोड पर दोपहर 2:10 बजे का दृश्य

### पूरा प्रदेश 41 डिग्री के ऊपर

रविवार को दिन के तापमान में औसतन आधा डिग्री तक बढ़त रही। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 41 डिग्री रहा, जबकि हिल स्टेशन पचमढ़ी में सबसे कम 33.2 डिग्री पर राहत महसूस की गई। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 41.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक है।

### 19 जिले 42 से 43 डिग्री तक

रविवार को भोपाल सहित 19 जिले 42 से 43 डिग्री के बीच गर्म रहे। इनमें प्रमुख रूप से छिंदवाड़ा, जबलपुर, दमोह, खजुराहो, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया, मलाजखंड, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, रायसेन और श्योपुर आदि ▶▶ शेष पेज 4 पर

भगवान परशुराम और श्रीकृष्ण लोक से जानापाव को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान

# भव्य और दिव्य स्वरूप में विकसित होगी भगवान परशुराम की जन्म-स्थली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगवान परशुराम की जन्म-स्थली जानापाव में 17.41 करोड़ की लागत से परशुराम-श्रीकृष्ण लोक विकसित किया जाएगा, जो भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने वाला एक प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन का केन्द्र बनेगा। इस लोक के माध्यम से जानापाव को राष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर इंदौर जिले के जानापाव में आयोजित 'परशुराम प्रकटोत्सव' को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की और महाभारतकालीन अस्त्र-शस्त्रों और चक्रव्यूह की कला पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और विकासोन्मुख दृष्टि का समन्वित संदेश देते हुए कहा कि भगवान परशुराम का जीवन आस्था, श्रद्धा और धर्म की स्थापना के लिए समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हर युग में अधर्म के विरुद्ध खड़े होकर परशुराम ने धर्म की पुनर्स्थापना की और शस्त्र तथा शास्त्र दोनों में पारंगत रहकर संतुलित शक्ति का परिचय दिया।

### प्रदेश में श्रीकृष्ण पाथेय के स्थलों को भव्य तीर्थ के रूप में किया जाएगा विकसित

### जानापाव तीर्थ क्षेत्र में गंभीर व अजनार नदी को किया जाएगा पुनर्जीवित

**17.41 करोड़ की लागत से होंगे विकास कार्य**

**मुख्यमंत्री ने भगवान परशुराम की जन्म-स्थली पर की पूजा-अर्चना**


जानापाव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान परशुराम प्रकटोत्सव में प्रतीक स्वरूप फरसा भेंट किया गया।

### जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव क्षेत्र से 7 से अधिक नदियों का उद्गम हुआ है, जिनमें प्रमुख रूप से चंबल, गंभीर, अजनार, चोरल शामिल हैं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंभीर और अजनार नदी को पुनर्जीवित करने की कार्य-योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदियां धरती माता की धमनियों के समान है। उनका संरक्षण, पुनर्जीवन और सतत प्रवाह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। नदियों के जीवित होने से हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

### पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जानापाव में प्रस्तावित लोक में पौराणिक महत्व को दर्शाने वाला एक भव्य संग्रहालय बनाया जाएगा, जिसमें शस्त्र दीर्घा, उत्पत्ति दीर्घा, स्वरूप दीर्घा, संतुलन दीर्घा और ध्यान दीर्घा के माध्यम से भगवान परशुराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध आयामों को प्रस्तुत किया जाएगा। परिसर में दोनों भगवानों की कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, 30 फीट ऊंचा भव्य प्रवेश द्वार निर्मित होगा, कथा मंच का निर्माण किया जाएगा तथा गज़ेबो, व्यू पॉइंट, लैंडस्केपिंग और पाथ-वे सहित अन्य आधारभूत विकास कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के लीला-स्थलों को श्रीकृष्ण पाथेय के रूप में विकसित कर उन्हें तीर्थ स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई हैं, उन सभी स्थानों को आस्था



और पर्यटन के प्रमुख केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नदी जोड़ो अभियान की सराहना करते हुए कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना से मालवा एवं राजस्थान क्षेत्र को पेयजल, सिंचाई, उद्योग और बिजली उत्पादन में व्यापक लाभ मिलेगा, जो क्षेत्रीय विकास को नई गति देगा।

### महिलाओं को हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः सीएम डॉ. मोहन

*सीएम ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क, पुल, बांध, नहर, अस्पताल और स्कूल जैसी आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सांदीपनि विद्यालय के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य हर त्यौहार और परंपरा को समाज के साथ मिलकर उत्सव के रूप में मनाना और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महिलाओं के अधिकारों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि उन्हें उनका हक दिलाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सनातन संस्कृति में माता के सम्मान और देवताओं के साथ उनके नाम के महत्व को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम में परशुराम नाट्य लीला से भगवान परशुराम के विराट व्यक्तित्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।*

### मुख्यमंत्री ने उज्जैन हेलीपैड विश्राम गृह का किया लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन सिंहस्थ-2028 में दुनिया हमारे सनातन के वैभव को देखेगी। हमारा प्रयास है कि सिंहस्थ के विश्व स्तरीय आयोजन में श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएं मिले और पूर्ण सनातन वैभव के साथ सिंहस्थ महापर्व-2028 का सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारी के अंतर्गत एक करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस विश्राम गृह में ऑफिस कक्ष, आमजन से भेंट के लिए हॉल और पायलट के लिए भी कक्ष बनाए गए है। यह हेलीपैड उज्जैन सिंहस्थ 2028 में अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आम जन और विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर भेंट करने के लिए बनाया गया है। अतिथियों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी
हेलीपेड एवं विश्राम गृह का निर्माण हो जाने से मुख्यमंत्री के उज्जैन आगमन पर अतिथि सत्कार के लिए आने वाले विशिष्ट अतिथियों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने उज्जैन प्रवास के दौरान नगर निगम को 2.25 करोड़ रुपए की लागत की इलेक्ट्रिक व्हील लोडर मशीन की चाबी प्रदान की।

### सीएम डॉ. मोहन ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद और गृहस्थी का सामान

मुख्यमंत्री ने जिले को दी 58 करोड रुपए के सात विकास कार्यों की सौगात

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह के तहत 112 नवदंपतियों के हुए विवाह संपन्न

### उज्जैन में नगर निगम की ओर से क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समरसता और अपनत्व की भावना बढ़ाते है। उन्होंने कहा कि वैवाहिक संस्कार एक दिन का आयोजन नहीं बल्कि अक्षय मूल्यों और अक्षय संस्कारों की स्थापना हैं। विवाह संस्कार दो परिवार को जोड़ने का प्रसंग होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन में नगर निगम की ओर से क्षिप्रा तट स्थित कार्तिक मेला मैदान पर आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अक्षय तृतीया के पवित्र दिवस पर बाबा महाकाल और मां हर सिद्धि की कृपा से 112 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन की पावन धरा पर धर्म का सबसे अनूठा संगम हो रहा है। एक ओर बेटियों का कन्यादान कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर सिंहस्थ



कार्यक्रम को संबोधित करते सीएम।

2028 के लिए विकास कार्यों की आधारशिला रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाह संस्कार जितना सरल, संस्कारित और सामाजिक सहयोग से होगा, उतना ही समाज संतुलित और मजबूत बनेगा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा भी बेटे का विवाह 4 माह पूर्व सामूहिक विवाह सम्मेलन में किया गया था।

### 867 करोड़ की सहायता से एक लाख 57 हजार 769 विवाह हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत 13 दिसंबर 2023 से 31 जनवरी 2026 तक प्रदेश में कुल 1 लाख 57 हजार 769 हितग्राहियों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया है। इसके लिए लगभग 867 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। उज्जैन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में कुल 641 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न कराया गया है, जिसमें 3 करोड़ 52 लाख रुपए से अधिक की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 23 जोड़ों को दिया आशीर्वाद

## सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का अनुकरणीय माध्यमः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में समानता, सादगी और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय माध्यम है। आज अक्षय तृतीया का पावन अवसर है। इस मौके पर किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल अक्षय होता है। आज का यह दिन सभी नव-विवाहित जोड़ों के लिए अत्यंत शुभ और मंगलकारी सिद्ध हो। 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ रविवार को अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी देवास रोड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।


वर-वधू को आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### नवविवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन भेंट किए

मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंचकर सभी नव-दंपतियों को व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद दिया, उनके सिर पर पुष्प वर्षा की तथा उन्हें सुखद, समृद्ध और मंगलमय वैवाहिक जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नव-विवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) भी भेंट किए गए। अतिथियों ने नव-दंपतियों को माला और स्मृति चिन्ह भेंट किए। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले के ग्राम सिरसोदिया में सर्वसमाज जिलास्तरीय मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह में नव दंपतियों को आशीर्वाद दिया।

### शहपुरा में 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह व निकाह हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को जबलपुर जिले की बरगी विधानसभा क्षेत्र के शहपुरा नगर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन में देवी अहिल्या एयरपोर्ट, इंदौर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर शहपुरा में कुल 200 जोड़ों का सामूहिक विवाह-निकाह संपन्न हुआ। इसमें 198 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाजों से तथा 2 जोड़ों का निकाह पूर्ण कराया गया।

## सियासतनामा



### हार के बावजूद नहीं घटा इन नेताओं का कद

भाजपा के 16 सदस्यों वाले नवगठित कोर ग्रुप में शामिल ऐसा पहला नाम है पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का। ये विधानसभा का पिछला चुनाव हार गए थे लेकिन पार्टी में इनकी धमक लगातार बरकरार है। दूसरा नाम है लालसिंह आर्य का। ये भी विधानसभा का पिछला चुनाव हार गए थे लेकिन अब भी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। कोर ग्रुप में शामिल तीसरा नाम है अरविंद भदौरिया का। ये भी अपना वजूद बनाए रखने में सफल हैं। ये तीनों नेता चंबल-ग्वालियर अंचल से हैं जिन्हें हार के बावजूद सरकार और संगठन में समन्वय के लिए बने ताकतवर कोर ग्रुप में शामिल किया गया है। जबकि लगातार जीतने के बावजूद प्रदेश के दो नेताओं गोपाल भार्गव और भूपेंद्र सिंह को जगह नहीं मिली।

### क्या मंत्रिमंडल में आएंगे नरोत्तम?

नरोत्तम मिश्रा दतिया से उप चुनाव लड़ सकते हैं, क्योंकि कांग्रेस के राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त होने के बाद सीट खाली हुई है। चर्चा है कि उप चुनाव से पहले नरोत्तम को ठीक उसी तरह मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है जैसे राम निवास रावत को शपथ दिलाई गई थी। उधर, राजेंद्र भारती ऊपरी अदालत से राहत पाने की कोशिश में हैं, न मिली तो दतिया सीट से उप चुनाव तय है। नरोत्तम सीट रिक्त होने के बाद ज्यादा एक्टिव हो गए हैं। हालांकि, राजेंद्र भारती के रहते यह बहुत आसान नहीं है, क्योंकि क्षेत्र में उनके प्रति सहानुभूति देखी जा रही है।

### सीएम को देनी पड़ी अफसरों को चेतावनी

कमिश्नरों-कलेक्टरों की वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव साफ ने कहा कि जब मैंने कह दिया कि रात्रि विश्राम करना है तो इसका मतलब है कि करना है। जिन कलेक्टरों का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वे सुधार करें। अब पिछले एक साल में किए गए कामों के आधार पर रैंकिंग होगी। लहजे से साफ है कि मुख्यमंत्री ने यह निर्देश पहली बार नहीं दिए, इसीलिए उन्हें चेतावनी देना पड़ी। याद नहीं पड़ता कि किसी कलेक्टर और कमिश्नर ने अपने क्षेत्र का भ्रमण कर किसी गांव में रात्रि विश्राम किया हो। मुख्यमंत्री के तेवरों से साफ है कि अब यह नाफरमानी नहीं चलेगी।

### अफसरों के रवैए से महामहिम भी नाराज

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भी एक कार्यक्रम में अफसरों को सार्वजनिक तौर पर खरी-खोटी सुना दी। उन्होंने सवाल किया कि क्या आदिवासी बच्चे सिर्फ डांस करने के लिए हैं कि वे सुबह कहीं डांस करें और इसके बाद यहां। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 21 फीसदी से ज्यादा आदिवासी आबादी है। इसे देखते हुए हर विभाग को बजट का कुछ हिस्सा आदिवासियों पर खर्च करना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि बजट की 299 करोड़ से ज्यादा राशि खर्च ही नहीं हुई और वापस हो गई। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उन्होंने कहा कि ऐसे अफसरों पर कार्रवाई की जाना चाहिए, क्योंकि कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों में ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाता।

### एक जैसे मामलों में किसी को नौकरी, किसी को नहीं

ओबीसी महिला आरक्षण पर इंदौर और ग्वालियर हाईकोर्ट के आए अलग-अलग फैसलों से भ्रम की स्थिति बन गई है। विवाहित होकर मप्र आई जालौन की अर्चना दांगी को शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए इसलिए अपात्र ठहरा दिया गया क्योंकि उसका जाति प्रमाण पत्र उप्र से बना है, जबकि उनकी जाति दोनों राज्यों में आरक्षित वर्ग में आती है। ग्वालियर हाईकोर्ट ने कहा कि अन्य राज्य का जाति प्रमाण पत्र मप्र में मान्य नहीं किया जा सकता। इसी तरह के कुछ मामले इंदौर हाईकोर्ट के पास पहुंचे तो उसने फैसला दिया कि शादी के बाद अन्य राज्य से मप्र आकर स्थाई रूप से बसने वालों को आरक्षण के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता, पर इसके लिए जरूरी है कि संबंधित जाति दोनों राज्यों में आरक्षति वर्ग में हो। इतना ही नहीं गरिमा राठौर के एक अन्य मामले में हाईकोर्ट ग्वालियर ने ही यह फैसला भी दे दिया कि जाति का पैमाना मां-पिता की स्थिति से तय होता है, इसलिए शादी के बाद उसे आरक्षण के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। गरिमा को नौकरी मिल गई। ऐसे मामलों के लिए सुप्रीम कोर्ट गाइडलाइन होनी चाहिए।

\- दिनेश निगम 'त्यागी'

धर्म गुरुओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए शुक्ल

## समाज को जागरूक कर धर्म गुरू ला सकते हैं शिशु-मातृ मृत्युदर में कमीः डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को कम करने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। हम सबको संकल्प लेना है कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए कोई कसर छोड़नी नहीं है। धर्म गुरूओं का दायित्व है कि वे समाज को जागरूक करें, ताकि प्रदेश एवं रीवा जिले में शिशु मृत्युदर व मातृ मृत्युदर में अपेक्षित कमी लाई जा सके।

यह बात उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने यूनिसेफ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में धर्म गुरूओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कलेक्ट्रेट रीवा के



मोहन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन की जांच नियमित रूप से करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें और अभिभावकों के जागरूक भी करें। शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की 5 लाख बालिकाओं का टीकाकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। हम देश में प्रथम स्थान पर हैं।

## 25,000 महिलाओं की जन आक्रोश पदयात्रा आज, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन प्रस्ताव को संसद में पारित न किए जाने के विरोध में राजधानी भोपाल में सोमवार को विशाल जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा महिला सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के संकल्प के साथ ऐतिहासिक रूप धारण करेगी।


इस वृहद पदयात्रा में लगभग 25,000 महिला कार्यकर्ता एवं जनसमूह शामिल होकर अपनी एकजुटता और आक्रोश का प्रखर प्रदर्शन करेंगे। पदयात्रा एमवीएम कॉलेज ग्राउंड (पुरानी विधानसभा) से प्रारंभ होकर रोशनपुरा चौराहे तक निकाली जाएगी, जहां नारी शक्ति की गर्जना पूरे प्रदेश में संदेश देगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, सुविख्यात ओजस्वी कवियत्री अनामिका अम्बर, मंत्री निर्मला भूरिया, संपतिया उइके, कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी, राज्य मंत्री राधा सिंह, लता वानखेड़े, सांसद कविता पाटीदार, माया नारोलिया सुमित्रा वाल्मीकि सहित भाजपा की महिला महापौर, प्रदेश पदाधिकारीगण, जिला पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर तक की महिला कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सहभागी होंगी। यह पदयात्रा नारी सम्मान के लिए एक सशक्त जनांदोलन का रूप लेगी, जिसमें भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग की महिलाएं भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद करेंगी।

पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा

## मप्र में सभी आबकारी दुकानें बिकी, 18676 करोड़ रुपए का मिलेगा राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी नीति के प्रावधानों के चलते प्रदेश में सभी 3553 शराब की सभी दुकानों की बिक्री हो गई हैं। इन दुकानों से 18676.80 करोड़ कुल रेवेन्यू प्राप्त होगा। यह पिछले साल की सालाना वैल्यू से 12.33% ज़्यादा है। जबकि दूसरे सोर्स से अनुमानित इनकम 1775 करोड़ रुपए होगी।



यह दुकानों से प्राप्त कुल रेवेन्यू का 9.5% है। इन दुकानों की बिक्री से एक्साइज डिपार्टमेंट से अनुमानित रेवेन्यू कलेक्शन 20481.80 करोड़ रुपए होगा। वित्त विभाग की ओर से तय टारगेट 20279 करोड़ रुपए है। वर्ष 2026-27 के लिए आबकारी नीति के निर्धारण एवं संबंधित विषयों पर निर्णय लेने एवं आगामी वर्षों के लिए सुझाव देने कैबिनेट समिति का गठन किया गया है। मदिरा दुकानों, समूहों पर प्राप्त ऑफर पर निर्णय लेने कैबिनेट समिति की बैठक 18 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री, वाणिज्यिक कर विभाग की अध्यक्षता में बुलाई गई थी। बैठक में आबकारी विभाग की ओर से प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के लिए मदिरा दुकानों, समूहों के कैबिनेट समिति की ओर से निर्णय लिया गया कि 24 वें चरण में आरक्षित मूल्य से अधिकतम 65 प्रतिशत तक कम के ऑफर प्राप्त हुए हैं एवं उक्त दुकानों, समूहों के लिए पूर्व में 10 वें चरण (31 मार्च 2026) एवं 11 वें चरण (एक अप्रैल) तथा 21 वें चरण (15 अप्रैल) में प्राप्त ऑफर भी होल्ड पर रखे गए हैं। दुकान, समूह के लिए 24 वें चरण में प्राप्त ऑफर और पूर्व से होल्ड ऑफर में प्राप्त मूल्य की तुलना आबकारी नीति में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किए जाने और उक्त दोनों में से जो भी उच्च ऑफर है, उसे स्वीकार किया जाता है।

### वार्षिक मूल्य में छूट की अनुमति कलेक्टरों ने दी

*आबकारी विभाग के अनुसार 10वें चरण (31 मार्च) एवं 11वें चरण (एक अप्रैल) तथा 21वें चरण (15 अप्रैल) में प्राप्त कतिपय ऑफर होल्ड पर रखे जाने के बाद बाद में स्वीकृत किए गए हैं। टेंडर ऑफर की टेंडर अवधि एवं टेंडर ऑफर स्वीकृत किए जाने की अवधि में भिन्नता होने की स्थिति में इस अवधि की वार्षिक मूल्य में छूट की अनुमति संबंधी राजपत्र के अनुरूप कलेक्टर को अधिकृत किया गया। मदिरा दुकानों के 10 वें एवं 11 वें तथा 21 वें चरण में प्राप्त उच्चतम ऑफर को आगामी चरण के लिए होल्ड पर रखते हुए, निष्पादन से शेष मदिरा दुकानों के लिए ई-टेंडर के माध्यम से ऑफर प्राप्त करने के लिए आगामी चरण में बीओक्यू में न्यूनतम ऑफर का कोई बंधन नहीं रखा जाए।*

7 श्री धाकड़-नागर समाज का आदर्श सामूहिक...



8 सूफियाना सुरों से सजी रवींद्र भवन की शाम, लखविंदर ...





# मंडीदीप की होटलों में रेड... 7 युवती, 3 युवक आपत्तिजनक स्थिति में मिले

**रुटीन चैकिंग में पुलिस ने की तीन बड़े होटलों में कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

मंडीदीप में रविवार को पुलिस द्वारा अलग-अलग तीन होटल से 7 युवती और 3 युवक आपत्तिजनक स्थिति में मिले। पुलिस ने सभी को थाने लाकर पूछताछ की। मंडीदीप थाना पुलिस को पिछले कई दिनों से लगातार जानकारी प्राप्त हो रही थी कि नगर के होटल में संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही है। उसी को ध्यान रखते हुए पुलिस ने होटलों में जांच की, जिसमें नगर के बड़े रसूखदारों के संदिग्ध युवक एवं युवती मिले। पुलिस ने नगर के इंदिरा नगर बैंक स्ट्रीट एवं मंगल बाजार स्थित होटलों में कार्रवाई की गई।

- *इंदिरा नगर बैंक स्ट्रीट एवं मंगल बाजार स्थित होटलों में कार्रवाई की*
- *मंडीदीप थाना पुलिस को पिछले कई दिनों से मिल रही थी सूचना*



### बिना एंट्री के मिल रहे हैं होटल में कमरे

नगर के एक दर्जन होटल में आने-जाने वाले आगंतुकों की न तो कोई एंट्री होती है और न ही कोई जानकारी दर्ज की जाती है। इसके कारण आए दिन नाबालिग जोड़े होटल में संदिग्ध अवस्था में पाए जाते हैं।



### रसूखदारों के होटल में चल रहा अवैध कारोबार

नगर के एक दर्जन से अधिक होटलों में बड़े ही स्तर के यह अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा है। यहां अलग-अलग प्रदेशों से आईं युवतियां चंद पैसों के लालच में अपने जिस्म का सौदा कर नगर का माहौल खराब कर रहीं हैं। नगर के बड़े इज्जतदार और रसूखदार के होटलों में ये कारोबार जमकर फलफूल रहा है।

### होटल संचालकों को सख्त निर्देश-बिना आईडी न दें कमरे

पुलिस के द्वारा होटल, लॉज एवं ढाबों में रुटीन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान रविवार को कुछ युवक और युवतियों के जोड़े मिले हैं, जिन्हें थाने लाकर पूछताछ की गई। इसके साथ ही अन्य होटल संचालकों को भी सख्त हिदायत दी गई कि बिना किसी आइडी के होटल में कमरे न दें, अन्यथा होटल मालिक पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**रंजीत सराठे,**
थाना प्रभारी मंडीदीप

---

गोल चौराहा के पास छोला इलाके की घटना, आरोपी चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस

# एलपीजी से भरा टैंकर झुग्गियों में घुसा, सात साल की मासूम की मौत, दंपती सहित दो बच्चे घायल

- देर रात हुआ हादसा, सात साल की मासूम की मौत
- तीन झुग्गियों को टैंकर ने चपेट में लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में गोल चौराहा पर शनिवार-रविवार की दरमियानी एलपीजी से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे उतर गया। टैंकर ने सड़क से कुछ दूरी पर मैदान में बनी तीन झुग्गियों को अपनी चपेट में लिया है। इस हादसे में सात साल की मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और दो भाई घायल हुए हैं। पुलिस ने टैंकर जब्त कर लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मोनू गैहार (35) मिसरिखगंज, जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। इन दिनों वह परिवार के साथ भानपुर गोल चौराहा पर झुग्गी बनाकर रहते हैं। उनके साथ उनके पिता श्यामलाल गैहार, पत्नी मनीषा गैहार और तीन बच्चे रहते हैं। परिवार गोल चौराहा फुटपाथ पर टेडीबियर और बच्चों के खिलौने बेचता है। मोनू गैहार परिवार के साथ झुग्गी में सो रहा था। रात करीब दो बजे तेज धमाके की आवाज आई। नींद खुली तो झुग्गी में सीएनजी का टैंकर घुस गया था। टैंकर ने सभी को चपेट में ले लिया। इस दौरान उनकी सात साल की बच्ची खुशी टैंकर के नीचे आ गई और उसे गंभीर चोट आई थी। उसे पास ही स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर खुशी को मृत घोषित कर दिया। हादसे में उनकी पत्नी मनीषा, बेटे आरुष (5) और टूटे (4) साल को चोट आई हैं। सभी का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर गोल चौराहा पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दर्दनाक हादसे में सात साल की मासूम की जान चली गई। एलपी टैंकर पूरी तरह से फिट है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि हादसा या तो नींद के झोंके में हुआ या फिर ड्राइवर नशे में था। हालांकि आरोपी ड्राइवर की अभी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। यदि समय रहते पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो हादसा और भी बड़ा हो सकता था। तीन झुग्गियों को चपेट में लेने के कारण लोग आक्रोशित हो गए थे और टैंकर में आग लगा सकते थे। थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी ने बताया कि लोगों को समझाइश दी गई। तत्काल स्थानीय लोगों के साथ बचाव कार्य शुरू किया गया।



हादसे के वक्त अफरा-तफरी मच गई।



बच्ची की मौत के बाद शोकाकुल परिवार।

### परिजन खुशी को लेकर पहुंचे भानपुर के निजी अस्पताल



*हादसे में खुशी की हालत नाजुक देखते हुए पुलिस की टीम उसे लेकर भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंची थी। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर खुशी को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी सरस्वती तिवारी ने बताया कि परिवार गरीब है और उनकी मदद के लिए थाना पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। तहसीलदार भी रविवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची थी। मौका मुआयना करने के बाद परिवार को आर्थिक मदद के लिए प्रशासन को लिखा गया है।*

---

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2025-26**

# शहर में तीन घंटे घूमी नोडल अधिकारियों की टीम फोटो किए अपलोड....एएचओ से ली जानकारी

- *शाहपुरा, चूनाभट्टी, बिट्टन मार्केट, न्यू मार्केट सहित मुख्य बाजारों में देखी व्यवस्था*
- *मौके पर मौजूद एएचओ से सफाई के बारे में पूछा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर सफाई व्यवस्था देखने रविवार को अधिकांश नोडल और सहायक नोडल अधिकारी शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जायजा लेने पहुंचे। सुबह 6 से 9 बजे तक तीन घंटे अपने-अपने क्षेत्र में एएचओ के साथ मुख्य बाजारों, कॉलोनियों, सार्वजनिक स्थलों पर सफाई देखी। कई नोडल अधिकारियों ने सुलभ कांम्पलेक्स, पार्कों, तालाब के किनारे भी जाकर जायजा लिया। अधिकारियों ने अपनी विजिट के दौरान फोटो मोबाइल एप पर अपलोड किए।

निगम आयुक्त ने शहरभर में नोडल अधिकारियों को निरीक्षण की जिम्मेदारी दी है। जबकि शहर के सभी 21 जोन और 85 वार्डों में आम दिनों की तरफ सफाई मित्र, दरोग एएचओ, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन शुरू हो रहा है। इस दौरान मुख्य सड़कों, बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।



नोडल अधिकारियों की टीम को लेकर निगम का अमला मुस्तैद रहा।

### कहीं नाली की सफाई तो कहीं सफाई मित्र कचरा उठाते मिले

चूनाभट्टी, शाहपुरा, न्यू मार्केट, भेल, संत नगर, कोलार, बैरसिया रोड सहित शहर के सभी मुख्य बाजारों, मॉल, अस्पताल, पार्क, तालाब, सुलभ कांप्लेक्स व कई कॉलोनियों में नोडल अधिकारी अपने वाहन में घूमे। इस दौरान कहीं नाली की सफाई करते हुए कर्मचारी मिले तो कहीं सफाई मित्र कचरा उठा रहे थे।



न्यू मार्केट के पास कचरा उठाते निगम कर्मी।

### एएचओ से पूछा-डोर-टू-कचरा कलेक्शन समय पर या नहीं

शहर के कई क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों ने एएचओ से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इसके समय के बारे में पूछा तो बताया गया कि कचरा कलेक्शन में लगे मैजिक जीपीएस सिस्टम से जुड़े हैं। इसमें किसी तरह की देरी नहीं होती।

---

आज गुफा मंदिर, लालघाटी चौराहा व कंट्रोल रूम तिराहा से जवाहर चौक की ओर जाने से बचें

# परशुराम जयंती, नारी सशक्तिकरण सम्मेलन, आक्रोश रैली से बदली रहेगी राजधानी की ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

परशुराम जयंती और नारी सशक्तिकरण सम्मेलन के चलते सोमवार को राजधानी के कई रास्तों का ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। यातायात पुलिस के अनुसार सोमवार को सुबह 8 बजे से गुफा मंदिर में आयोजित होने वाले परशुराम जयंती के कार्यक्रम के चलते आवश्यकता अनुसार ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा।

### परशुराम जयंती पर यह रहेगी यातायात व्यवस्था

परशुराम जयंती के अवसर पर गुफा मंदिर में कार्यक्रम होगा। इसके साथ ही जुलूस भी निकाले जाएंगे। सुबह 8 बजे से आवश्यकतानुसार यातायात डायवर्जन किया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक गुफा मंदिर की ओर, लालघाटी चौराहा से हलालपुर बस स्टैंड की ओर, लालघाटी चौराहा से वीआईपी गेस्ट हाउस की तरफ एवं लालघाटी से विजय नगर, दाता कॉलोनी की ओर मार्ग पर यातायात का दबाव रहेगा। सभी प्रकार के लोकपरिवहन, मालवाहक, भारी, व्यावसायिक, अनुमति प्राप्त वाहनों का उक्त मार्गों पर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा ।

### नारी सशक्तिकरण सम्मेलन

राजधानी में सोमवार को समय सुबह 10 बजे से 2:30 बजे के बीच नारी सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन एमवीएम मैदान भोपाल में किया जाना प्रस्तावित है। इसके चलते इस रूट पर भी यातायात में बदलाव रहेगा। ऐसे में कन्ट्रोल रूम तिराहा से गांधी पार्क, होकर रोशनपुरा चौराहा की ओर आने-जाने वाले मार्गों पर अत्यधिक यातायात दबाव होने से के चलते यह मार्ग प्रभावित रहेगा।

### यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- जवाहर चौक से रंग महल चौराहा, बाणगंगा चौराहा, केएन प्रधान, खटलापुरा रोड होकर आवागमन कर सकेंगे।
- पुराने शहर से आने वाले वाहन लिली टॉकीज चौराहे से जिंसी चौराहा, कोर्ट चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- वीआईपी रोड से नए शहर में आने-जाने वाले वाहन स्मार्ट रोड, भारत माता चौराहा, माता मंदिर से लिंक रोड नंबर 2 होकर आ जा सकेंगे।

---

ऐशबाग की एक झुग्गी में छिपे हुए थे दोनों आरोपी

# पिपरई धर्मांतरण और दुष्कर्म मामले के दो आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अशोक नगर के थाना पिपरई क्षेत्र में नाबालिग बालिकाओं से जुड़े धर्मांतरण और दुष्कर्म के मामले में विशेष जांच दल ने 10-10 हजार रुपए इनामी दो आरोपियों को ऐशबाग इलाके से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए पिपरई थाने लाया गया है। पुलिस ने बताया कि 16 अप्रैल को इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

शिकायत में नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने, दुष्कर्म और जबरन निकाह कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इससे पहले एक विधि विवादित बालक और जस्सी किन्नर को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

लगातार दबिश और तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी अल्तमश कुरैशी (19) निवासी मोतीबाग भोपाल और आहद उर्फ आहत शेख (19) निवासी अर्जुन नगर झुग्गी भोपाल को ऐशबाग क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आए हैं कि आरोपियों गिरोह एक संगठित गिरोह जो अलग-अलग तरीकों से लड़कियों को अपने जाल में फंसाने का प्रयास करता था।

इस सूचना और गिरफ्तारी के बाद पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

---

# बीयूः ऑनलाइन परीक्षा आवेदन जमा करने की तारीख जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत बीएबीएड, बीएससीबीएड (सेकेंडरी) तीसरे और 5वें सेमेस्टर (आरआईई) के परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तारीखें जारी की गई हैं। जिसमें नियमित परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र सामान्य शुल्क के साथ 15 से 27 अप्रैल तक तो 300 रुपए लेट फीस के साथ 28 अप्रैल से 4 मई तक भरने होंगे। विशेष विलंब शुल्क 1000 रुपए के साथ 5 मई से परीक्षा शुरू होने के 3 दिन पहले तक जमा होंगे। अंतिम अवसर के रूप में विशेष विलंब शुल्क 4000 रुपए के साथ परीक्षा शुरू होने के 2 दिन पहले से परीक्षा के दिन तक भरे जा सकेंगे।

---

## शादी-विवाह के आयोजन के चलते ट्रेनों में बढ़ी भीड़

किसी की गैलरी में गुजरी रात तो कोई टॉयलेट में खड़े-खड़े कर रहा सफर

# समर सीजन से पहले ट्रेनों के हाल-बेहाल, स्लीपर कोच जनरल बोगी जैसे; कंफर्म बर्थ, फिर भी बैठै-बैठे सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ट्रेन में स्लीपर कोच का हाल जनरल बोगी की तरह हो गया। पूरा डिब्बा यात्रियों से खचाखच भरा था। कंफर्म रिजर्वेशन लेकर आने वालों के पास केवल बैठने की जगह थी। बोगी के फर्श पर भी कई लोग बैठे थे तो किसी ने यहां बिछौना ही डाल लिया।

यह स्थिति रविवार शाम संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन डा. आंबेडकर नगर - प्रयागराज एक्सप्रेस में देखने को मिली। दरअसल, कंफर्म रिजर्वेशन के बाद भी मुसाफिरों की फजीहत हो रही है। रेल यात्रियों के अनुसार स्लीपर कोच में क्षमता से अधिक यात्री सवार हो रहे हैं। ऐसे में ट्रेन में भीड़ अधिक होने के चलते टॉयलेट तक नहीं जा पा रहे हैं। दरअसल, इन दिनों शादियों के सीजन के चलते ट्रेनों में भीड़ अधिक देखने को मिल रही हैं। पहले से रिजर्वेशन करा स्लीपर कोच के यात्रियों पर ये भारी पड़ रही है। रात के समय इन कोच क्षमता से अधिक मुसाफिर नजर आते है। अधिकांश जनरल टिकट लेकर भी स्लीपर में सवार हो जाते हैं।



### ट्रेनों से स्लीपर हो रहे गायब

भारतीय रेल में लगातार स्लीपर कोच की संख्या घटाने और एसी कोच की संख्या बढ़ाने से कम आय वाले रेल यात्री परेशान हैं। क्योंकि एक तरफ स्लीपर कोच की संख्या घटने से उन्हें मजबूरन एसी टिकट लेना पड़ रहा है। वहीं टिकट कंफर्म न होने से स्लीपर कोच में बेदम करने वाली भीड़ देखी जा रही है। रेलवे सूत्रों के अनुसार रेलवे ने एलएचबी रैक के ट्रेनों में स्लीपर कोचों की संख्या कम की जा रही है। स्लीपर कोच की कमी से स्लीपर की हालत सामान्य बोगी जैसी हो गई है। शादी की छुट्टी व समर सीजन के समय तो अत्यधिक भीड़ के कारण यात्री परेशान हो रहे हैं।

### आए दिन चार से पांच शिकायतें मिल रही

इन दिनों सोशल मीडिया व कंट्रोल रूम को रोजाना कोच में क्षमता से अधिक और भीड़ के कारण टॉयलेट का दरवाजा बंद होने जैसी 4 से 5 शिकायतें मिल रही हैं। कंफर्म टिकट के अलावा ज्यादातर यात्री वेटिंग टिकट के होने के कारण उनको कोच से उतारा भी नहीं जा सकता।

**केस- एक**

रविवार को गाड़ी संख्या 14115 डॉ. अम्बेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस के स्लीपर क्लास में सफर कर रहे यात्री अदित्य कुमार ने रेलवे से शिकायत दर्ज कराई कि उनका स्लीपर क्लास कोच जनरल क्लास बन गया है। इससे उनको परेशानी हो रही है। कोच की गैलरी और टॉयलेट तक यात्री खड़े हैं। टॉयलेट जाने में भी समस्या हो रही है।

**केस- दो**

11057 - अमृतसर एक्सप्रेस के एस-1 कोच में यात्रा कर रहे एक यात्री ने रेलवे से शिकायत दर्ज कराई कि मेरी सीट नं.49 है,मैं भोपाल से ग्वालियर तक के लिए सफर कर रहा हूं। कोच में क्षमता से तीन-चार गुना ज्यादा यात्री हैं। इससे में सीट पर नहीं बैठ पा रहा हूं। कृपया टीटीई स्टाफ को भेजें।

# मप्र में 1500 करोड़ और देशभर में 20 हजार करोड़ रु. के व्यापार का अनुमान

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कभी न घटने वाली समृद्धि का प्रतीक मानी जाने वाली अक्षय तृतीया मध्यप्रदेश वासियों के मन में गहरी आस्था और आर्थिक महत्व के साथ मनाई जाती है। सोना-चांदी की कीमतों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी के बावजूद अक्षय तृतीया के दिन मध्यप्रदेश में लगभग 1500 करोड़ और देशभर में 20 हजार करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान है।

यह अनुमान कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का है। कैट के अनुसार अकेले भोपाल में यह व्यापार लगभग 500 करोड़ रुपए के आसपास रहेगा। संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार अक्षय तृतीया पारंपरिक रूप से सोना चांदी खरीदने के लिए सबसे शुभ अवसरों में से एक रहा है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किया गया निवेश स्थाई समृद्धि लेकर आता है। हालांकि सोना अभी भी खरीदी का केंद्र बना हुआ है, लेकिन तेजी से बढ़ती कीमतों के चलते खरीदी के स्वरूप में बदलाव देखने को मिल रहा है। इस वर्ष सोने की कीमतें पिछले वर्ष के लगभग 1 लाख प्रति 10 ग्राम से बढ़कर लगभग 1.58 लाख तक पहुंच गई हैं, जबकि चांदी 85,000 प्रति किलो से बढ़कर 2.55 लाख प्रति किलो के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई है। कीमतों में इस तीव्र वृद्धि ने उपभोक्ता व्यवहार में बड़ा बदलाव ला दिया है। ऊंची कीमतों के बावजूद मांग कमजोर नहीं हुई है, बल्कि खरीदारी अब अधिक सोच-समझकर और मूल्य-आधारित हो रही है। कैट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल और राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश के ज्वैलर्स ने बदलते रुझानों के अनुसार अपनी रणनीतियों में बदलाव किया है। हल्के वजन के आभूषण, रोजमर्रा में पहने जाने वाले डिजाइन, चांदी और हीरे के उत्पादों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही मेकिंग चार्ज में छूट और छोटे गोल्ड क्वॉइन जैसे आकर्षक ऑफर्स से ग्राहकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

**सोना अभी भी खरीदी का केंद्र बना हुआ है, लेकिन ऊंची कीमतों के चलते खरीदी स्वरूप में बदलाव देखने को मिल रहा**

**खास बातें**

- हल्के वजन के डिजाइन वाले सोने चांदी और हीरे के आभूषणों पर ध्यान
- खरीदारी अब अधिक सोच-समझकर और मूल्य-आधारित हो रही




## 10 टन सोना और करीब 157 टन चांदी की बिक्री का अनुमान

कैट के सहयोगी संगठन ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआईजेजीएफ ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा द्वारा साझा किए आंकड़ों के अनुसार 16,000 करोड़ के अनुमानित सोने के व्यापार का अर्थ वर्तमान कीमतों पर लगभग 10,000 किलो (10 टन) सोने की बिक्री है। यदि इसे देशभर के अनुमानित 2 से 4 लाख ज्वैलर्स में बांटा जाए, तो प्रति ज्वैलर औसतन केवल 25 से 50 ग्राम सोने की बिक्री होती है, जो मात्रा में स्पष्ट गिरावट को दर्शाता है। इसी प्रकार 4,000 करोड़ के चांदी के व्यापार का अर्थ लगभग 1,56,800 किलो (करीब 157 टन) चांदी की बिक्री है, जिससे प्रति ज्वेलर औसतन केवल 400 से 800 ग्राम चांदी की बिक्री होती है। अरोड़ा ने कहाकि ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि कीमतों में वृद्धि के कारण व्यापार का मूल्य तो बढ़ रहा है, लेकिन वास्तविक खपत घट रही है। यही वजह है कि इस वर्ष बाजार में हल्के आभूषण और छोटे सिक्कों की मांग अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण ज्वैलर्स के लिए स्टॉक प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है। इसके बावजूद त्योहार की सकारात्मक भावना के चलते बाजारों में अच्छी ग्राहकी देखी जा रही है। उपभोक्ता अब पारंपरिक आस्था के साथ-साथ आर्थिक समझदारी को ध्यान में रखते हुए सीमित और विवेकपूर्ण निवेश कर रहे हैं।

### सोने और चांदी की रिकॉर्ड कीमतों के बाद 20 हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान

साल 2026 की यह अक्षय तृतीया अपनी भारी-भरकम कीमतों के कारण इतिहास के पन्नों में दर्ज हो रही है। सोने और चांदी के भाव आसमान छू रहे हैं, लेकिन फिर भी लोगों की आस्था कम नहीं हुई है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक इस साल देश भर में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान है, जो पिछले साल के 16,000 करोड़ रुपए के मुकाबले एक बड़ी उछाल है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल का कहना है कि अक्षय तृतीया हमेशा से सोना खरीदने का सबसे शुभ मुहूर्त रहा है। ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन किया गया निवेश कभी घटता नहीं है। हालांकि इस बार कीमतों ने सबको चौंका दिया है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि ज्वैलर्स अब भारी आभूषणों के बजाय हल्के वजन वाले गहनों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। मिडिल क्लास बजट को ध्यान में रखते हुए चांदी और हीरे के ऐसे उत्पाद तैयार किए गए हैं जो रोजमर्रा में पहने जा सकें। भरतिया ने कहाकि ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए मेकिंग चार्ज में अच्छी-खासी छूट दी जा रही है ।

## बिजनेस न्यूज

### आईईएस कॉलेज में पीएम श्री विद्यालयों के नवाचार पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय मार्गदर्शन सत्र का समापन

**भोपाल।** पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों और छात्रों के लिए नवाचार पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय मार्गदर्शन सत्र का समापन आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल में हुआ। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईटीसी), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में पीएम श्री योजना के अंतर्गत विद्यालय नवाचार प्रतियोगिता के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। तीन दिनों तक चले इस सत्र में प्रतिभागियों को डिजाइन थिंकिंग, समस्या-समाधान, प्रोटोटाइपिंग और उद्यमिता पर गहन मार्गदर्शन दिया गया, जो स्कूलों को उत्कृष्टता केंद्रों के रूप में विकसित करने के लिए एनईपी 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप था। इस मौके पर मनोज कुमार श्रीवास्तव, राज्य निर्वाचन आयुक्त,मनीष यादव, कमांडेंट अधिकारी, 41 बटालियन, सीआरपीएफ भोपाल, देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी, पूजा जैन, सहायक निदेशक, शिक्षा निदेशालय, ,आशीष त्रिपाठी, क्षेत्रीय समन्वयक, नवाचार प्रकोष्ठ, एआईसीटीई, शिक्षा मंत्रालय, गौरी गोपीनाथ उपस्थित थे। अंत में चयनित नवाचारों को स्कूल इनोवेशन कॉन्टेस्ट के अंतर्गत प्रोटोटाइप/उत्पाद/समाधान विकास के लिए 1.5 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता तथा कलाम प्रोग्राम फॉर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी अवेयरनेस (कपिला) के अंतर्गत प्रति विद्यालय 34,100 रुपए तक पेटेंट फाइलिंग हेतु सहायता प्रदान की जाएगी,जिसकी घोषण पीएम श्री विद्यालयों द्वारा किया जाएगा।



### भाभा यूनिवर्सिटी में भव्य दीक्षांत समारोह संपन्न, 37 विद्यार्थियों को दी गई डिग्रियां

**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े ही गरिमा पूर्व उल्लासपूर्वक मनाया गया। यह समारोह 2020-21 बैच के छात्र-छात्राओं के लिए खास रहा, जिसमें कुल 37 विद्यार्थियों को उनकी डिग्री प्रदान की गई। पूरे आयोजन में उत्साह, गर्व और सफलता की झलक साफ नजर आ रही थी।कार्यक्रम की शोभा उस समय और बढ़ गई जब श्रीमती भक्ति शर्मा, जो भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रह चुकी हैं, और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विनीत कपूर भी इस खास मौके पर अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपनी उपस्थिति से समारोह को और अधिक गौरवपूर्ण बना दिया। इसके साथ ही भक्ति दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। बड़ी संख्या में यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं, शिक्षक और स्टाफ भी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।



### राहगीरों को गन्ने के रस का वितरण कर निभाई दान परंपरा

**भोपाल।** अक्षय तृतीया के दिन अयोध्या में राजा श्रेयांश एवं राजा सोम द्वारा उन्हें गन्ने के रस का प्रथम आहार दिया गया। इसी अवसर से दान की पवित्र परंपरा का शुभारंभ हुआ। उसी दान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, वर्धमान शाखा कोहेफिजा, मैना सुंदरी संभाग की बहनों द्वारा अक्षय तृतीया पर सुल्तानिया हॉस्पिटल के सामने राहगीरों को गन्ने के रस का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से न केवल दान परंपरा का निर्वहन किया गया, बल्कि लोगों को गर्मी से राहत भी प्रदान की गई। परिषद की श्रीमती संजना जैन, सारिका जैन, सविता जैन, ममता जैन एवीएन रिद्धि जैन सहित अन्य बहनों ने समाज सेवा एवं मानवता के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।



### डिजिटल ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने और युवा क्रिएटर्स को सशक्त बनाने जेडीसीए का गठन

**भोपाल।** जबलपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा डिजिटल इकोसिस्टम को बढ़ावा देने और युवा क्रिएटर्स को सशक्त बनाने के लिए जबलपुर में एक विशेष जबलपुर डिजिटल क्रिएटर एसोसिएशन की स्थापना की जा रही है। यह विशेष रुप से उन लोगों के लिए मददगार होगा, जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं। जबलपुर चेंबर के अध्यक्ष प्रेम दुबे ने बताया कि जबलपुर के युवा डिजिटल क्रिएटर्स इनफ्लुएंसर, और वीडियों एडिटर्स को एक मंच प्रदान करना। कंटेंट निर्माण, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करना। यह पहल शहर में डिजिटल मार्केटिंग और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ाने के लिए की जा रही है। यह एसोसिएशन विशेष रुप से उन लोगों के लिए मददगार होगा जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं।

### अमेजन ने कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए समर्पित एआई स्टोर लांच किया

**बेंगलुरु।** अमेजन ने एआई स्टोर लांच किया है, जो ग्राहकों को एआई-पावर्ड कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स आसानी से खोजने और खरीदने के लिए एक समर्पित प्लेटफॉर्म प्रदान करता है। यह एआई स्टोर कई प्रोडक्ट कैटेगरी को कवर करता है, जिनमें लैपटॉप, स्मार्टफोन, टेलीविजन, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, टैबलेट, स्मार्टवॉच और स्मार्ट ग्लासेस शामिल हैं। इसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय ब्रांड्स के कई विकल्प उपलब्ध हैं। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर जेबा खान ने कहा कि अमेजन डॉट इन पर हमारी भूमिका सिर्फ सबसे बड़ा चयन देने तक सीमित नहीं है। हम ग्राहकों को तेजी से बदलती टेक्नोलॉजी को समझने में स्पष्टता देना चाहते हैं, ताकि वे बिना जटिल तकनीकी जानकारी समझे आत्मविश्वास के साथ सही निर्णय ले सकें।



अब ऑपरेशन बिना बड़े चीरे के, उपमुख्यमंत्री ने किया उद्‌घाटन

# अब भोपाल के बंसल हॉस्पिटल में आ गया 'सर्जिकल रोबोट'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब तक आपने रोबोट केवल फिल्मों में देखा होगा। लेकिन अब भोपाल के बंसल हॉस्पिटल में एक ऐसा सर्जिकल रोबोट आ गया है जो इंसान का ऑपरेशन करता है। बिना बड़े चीरे के। बिना ज़्यादा दर्द के, और मरीज तीन दिन में घर। बंसल प्लाजा में आयोजित एक भव्य समारोह में उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बंसल हॉस्पिटल के रोबोटिक सर्जरी कार्यक्रम का औपचारिक उद्‌घाटन किया।

यह कार्यक्रम भारतीय चिकित्सा संघ ग्रेटर भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. संतोष अग्रवाल ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में रोबोट खुद कुछ नहीं करता। हर हरकत सर्जन के हाथों से नियंत्रित होती है। सरल भाषा में समझें तो सर्जन एक विशेष कुर्सी पर बैठता है जिसे कंसोल कहते हैं। वहां से वह स्क्रीन पर मरीज के शरीर के अंदर का 10 गुना बड़ा, त्रिआयामी (थ्रीडी ) दृश्य देखता है। उसके हाथ जो भी हरकत करते हैं वही हरकत ऑपरेशन टेबल पर रखे रोबोटिक हाथ मरीज़ के शरीर के अंदर करते हैं केवल एक सेंटीमीटर के छोटे-छोटे छेद से। सबसे बड़ी बात इंसान के हाथ का प्राकृतिक कंपन रोबोट पूरी तरह खत्म कर देता है। यानी सर्जन का हाथ चाहे थोड़ा भी हिले मरीज के शरीर के अंदर औजार बिल्कुल स्थिर रहता है। बंसल हॉस्पिटल में स्थापित मेडबोट टौमाई रोबोटिक सर्जरी प्लेटफॉर्म दुनिया के सबसे आधुनिक सर्जिकल सिस्टम में से एक है। मुंबई के कोकिलाबेन हॉस्पिटल के विख्यात यूरो-ऑन्को रोबोटिक सर्जन डॉ. टी.बी. युवराज ने समारोह में बताया कि टौमाई केवल एक रोबोटिक सर्जरी सिस्टम नहीं है यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से युक्त भविष्य का सर्जिकल प्लेटफॉर्म है। डॉ. स्कंद त्रिवेदी ने बताया कि मेडबोट टौमाई के चयन से पहले गहन यथोचित परिश्रम की गई। यह विश्व के सबसे उन्नत रोबोटिक सिस्टम में से एक है जिस पर अब तक 500 से अधिक टेलीरोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि में गर्व है कि यह प्लेटफॉर्म अब भोपाल में उपलब्ध है।



### उद्‌घाटन से पहले ही लिख दी सफलता की कहानी

बंसल हॉस्पिटल ने उद्‌घाटन से पूर्व ही चार सफल रोबोटिक सर्जरी सम्पन्न कर अपनी क्षमता सिद्ध कर दी। यूरोलॉजिस्ट एवं रोबोटिक ऑन्को सर्जन डॉ. संतोष अग्रवाल ने 60 वर्षीय प्रोस्टेट कैंसर पीड़ित रोगी की रोबोटिक रेडिकल प्रोस्टेटेक्टोमी सफलतापूर्वक सम्पन्न की कोई बड़ा चीरा नहीं, न्यूनतम रक्तस्राव, और मरीज तीसरे दिन घर भेज दिया। गायनेकोलॉजिक ऑन्को सर्जन डॉ. निधि नागर ने एंडोमेट्रियल कैंसर की संदिग्ध रोगी की रोबोटिक रेडिकल हिस्टेरेक्टोमी एवं द्विपक्षीय पेल्विक लिम्फ नोड डिसेक्शन पूर्ण सटीकता के साथ सम्पन्न की। इसके अतिरिक्त डॉ. जुबेर खान एवं डॉ. कृपाशंकर तिवारी ने दो मरीजो में रोबोटिक कोलेसिस्टेक्टोमी सफलतापूर्वक की। सभी मरीज़ स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं।

### एलीटकॉन को 2.02 अरब रुपए का ऐतिहासिक एक्सपोर्ट कांट्रैक्ट मिला

**नई दिल्ली।** एलीटकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे दक्षिण अफ्रीका स्थित तंबाकू व्यापारी कंपनी बोज्जा टोबेको से लगभग 2.02 अरब रुपए मूल्य का एक महत्वपूर्ण लॉन्ग टर्म एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट हुआ है। यह अनुबंध 6 अप्रैल 2026 से प्रभावी है, जिसकी अवधि दो वर्ष है और इसमें एक वर्ष का लॉक-इन पीरियड शामिल है। यह लॉन्ग टर्म एक्सपोर्ट आदेश कंपनी को अनुबंध अवधि के दौरान स्थिर निर्यात दृश्यता प्रदान करता है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसके उत्पादों की निरंतर मांग को दर्शाता है। यह आदेश कंपनी को सामान्य व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत प्राप्त हुआ है, जो उत्पादन क्षमताओं के कुशल उपयोग और संचालन की बेहतर योजना बनाने में सहायक है। यह समझौता दक्षिण अफ्रीकी बाजार में कंपनी की उपस्थिति को भी मजबूत करता है और निर्यात विस्तार तथा एक स्थायी एवं स्केलेबल व्यवसाय मॉडल विकसित करने की इसकी रणनीति के अनुरूप है।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के स्टडी सर्कल में अध्यक्ष ने कहा

# एकमुश्त राहत योजना 15 जुलाई तक रहेगी सक्रिय

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल द्वारा संस्था के सदस्यों के लिए स्टेट जीएसटी ऑफिस में कंपनी अनुपालन सुविधा योजना 2026' विषय पर एक महत्वपूर्ण स्टडी सर्कल का आयोजन किया गया।

इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में सीए प्रदीप मुतरेजा ने योजना के विभिन्न तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से अपनी बात रखी। सीए. प्रदीप मुतरेजा ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह एकमुश्त राहत योजना 15 अप्रैल 2026 से 15 जुलाई 2026 तक सक्रिय रहेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुपालन स्तर में सुधार करना और चूककर्ता कंपनियों को कम वित्तीय बोझ के साथ अपनी लंबित वैधानिक फाइलिंग को पूरा करने का अवसर देना है। सत्र के अंत में सीए मुतरेजा ने सभी हितधारकों और कंपनियों से अपील की, कि वे इस 90-दिन की विशेष विंडो का भरपूर उपयोग करें। ताकि बिना भारी पेनाल्टी दिए वे अपने रिकॉर्ड को पारदर्शी और अद्यतन बना सकें। इस स्टडी सर्किल के दौरान संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज पारख, उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल एवं अंकुर अग्रवाल, सचिव धीरज अग्रवाल सह सचिव संदीप चौहान, एवं वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र मनवानी,मृदुल आर्या, गोविंद वसंता, सीए राजेश जैन, सीए जितेंद्र जैन आदि इस मीटिंग में शामिल हुए।




### स्टडी सर्कल में योजना के प्रमुख बिंदु और लाभ पर चर्चा

अतिरिक्त (विलंब) शुल्क पर 90 फीसदी की छूट- कंपनियों को अपने लंबित वार्षिक रिटर्न और वित्तीय विवरण (जैसे एमजीटी-7, एओसी-4, एडीटी-1 आदि) दाखिल करने पर लागू होने वाले अतिरिक्त शुल्क का 90 फीसदी माफ कर दिया गया है अर्थात उन्हें केवल सामान्य शुल्क के साथ 10 फीसदी अतिरिक्त शुल्क का ही भुगतान करना होगा। डॉरमेंट स्टेटस की सुविधा - कोई भी निष्क्रिय कंपनी ई-फॉर्म एमएससी -1 दाखिल करके 'डॉरमेंट कंपनी' का दर्जा प्राप्त कर सकती है। इसके लिए उन्हें सामान्य फाइलिंग शुल्क का केवल आधा (50फीसदी ) ही देना होगा। कंपनी को स्ट्राइक-ऑफ करना- यदि कोई कंपनी अपना संचालन पूरी तरह से बंद करना चाहती है, तो वह योजना के दौरान ई-फॉर्म एसटीके -2 के माध्यम से सामान्य शुल्क का मात्र 25 फीसदी भुगतान करके अपना नाम रजिस्टर से हटा सकती है। जुर्माने और मुकदमे से छूट- यदि योजना के तहत फाइलिंग किसी भी कारण बताओ नोटिस के जारी होने से पहले, या नोटिस जारी होने के 30 दिनों के भीतर की जाती है, तो कंपनियों को अनुपालन में देरी से जुड़े मुकदमों और दंड (पेनल्टी) से छूट मिलेगी।

## बिना मेट्रोपॉलिटन अधिसूचना के नए भोपाल विकास योजना अधूरी रह जाएगी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रोपॉलिटन रीजन की अधिसूचना राजधानी के लिए एक असाधारण प्रशासनिक कदम है, यह एक बड़े शहरी मोड़ की शुरुआत है। उपलब्ध विवरणों के अनुसार यह क्षेत्र 12098 वर्ग किमी में फैलेगा और इसमें 6 जिलों के 2510 गांव शामिल होंगे। क्षेत्रफल के लिहाज़ से यह प्लानिंग कैनवास मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन के 6328 वर्ग किमी और बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन रीजन के लगभग 8005 वर्ग किमी से भी बड़ा है, लेकिन असली सवाल सिर्फ आकार का नहीं, सटीक दिशा का है।

### *भोपाल को सेंट्रल इंडिया के भावी कैपिटल रीजन प्लेटफॉर्म के रूप में देखना चाहिए*

*भोपाल की ताकत उसके संयुक्त चरित्र में है। यह राज्य की राजधानी है, देश के बीच स्थित है, यह रीजन स्टोन एज से रहने योग्य रहा है, इसके पास बुद्ध का बोध और भोज की विरासत है, संस्थागत महत्व है, हरित और झीलों वाली पहचान है, और आगे चलकर नॉलेज, एआई, लॉजिस्टिक्स और नई अर्थव्यवस्था का स्वाभाविक आधार बन सकने की क्षमता है। इसलिए इसे सेंट्रल इंडिया के भावी कैपिटल रीजन प्लेटफॉर्म के रूप में देखा जाना चाहिए।*

### विकास अव्यवस्था के बाद नहीं, बल्कि पहले

क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष और 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर मनोज मीक के अनुसार हमारी सबसे बड़ी चिंता यह है कि जब राजधानी का इतना बड़ा महानगरीय ढांचा अधिसूचित हो गया है, तब भी नई 'भोपाल विकास योजना' 21 वर्ष से लंबित है। बिना नए मास्टर प्लान, मजबूत ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर, रीजनल कनेक्टिविटी, इकोनॉमिक नोड्स और साफ़ गवर्नेंस मॉडल के, इतनी बड़ी अधिसूचना केवल नक्शे का विस्तार बनकर रह सकती है। भोपाल के पास अभी भी वह अवसर है, जहां विकास को अव्यवस्था के बाद नहीं, बल्कि अव्यवस्था से पहले डिजाइन किया जा सकता है।

### मेगा रिटेल आउटरीच कार्यक्रम में पीएनबी को करीब 50 करोड़ रु. की लीड प्राप्त हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा पीएनबी मेगा रिटेल आउटरीच का आयोजन विराशा निसर्ग, बावड़िया कलां, आयोजित किया गया। मंडल कार्यालय भोपाल के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधान कार्यालय नई दिल्ली से गौरव गुप्ता, महाप्रबंधक मुख्य अतिथि तथा जतिंदर मनकोटिया, अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय भोपाल विशेष अथिति के रूप में उपस्थित हुए।

यह कार्यक्रम धीरेंद्र कुमार झा, मंडल प्रमुख, मंडल कार्यालय भोपाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल प्रमुख धीरेंद्र कुमार झा द्वारा मुख्य अतिथि महाप्रबंधक गौरव गुप्ता एवं विशेष अथिति जतिंदर मनकोटिया, अंचल प्रमुख को पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। पीएनबी रिटेल आउटरीच में इच्छुक हितग्राहियों को गृह निर्माण के लिए आवास ऋण, कार ऋण, अन्य ऋण उपलब्ध कराने एवं वित्तीय समाधान के उद्देश्य से यह आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैंक द्वारा 7.25 फीसदी से शुरू आवास ऋण, 7.60 फीसदी से शुरू कार ऋण, 6.85फीसदी से शुरू शिक्षा ऋण, 9.05 फीसदी से शुरू माइ प्रॉपर्टी ऋण एवं 5.75 फीसदी से शुरू सूर्य घर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस आउटरीच में हितग्राहियों को विशेष ऑफर एवं छूट के साथ त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। गौरव गुप्ता, महाप्रबंधक एवं जतिंदर मनकोटिया, अंचल प्रमुख द्वारा लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। बैंक को लगभग रु. 50 करोड़ की लीड प्राप्त हुई।




### गोदरेज ग्रुप ने भारत की सिविल न्यूक्लियर यात्रा में दिया योगदान

**मुंबई।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रिसिजन इंजीनियरिंग व्यवसाय ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में योगदान देते हुए लार्ज रोटेटिंग प्लग, स्मॉल रोटेटिंग प्लग और सोडियम पंप शाफ्ट का निर्माण और आपूर्ति की है। ये घटक भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) को प्रदान किए गए हैं, जो भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व वाला उपक्रम है। इस उपलब्धि के साथ भारत दुनिया का केवल दूसरा देश बन गया है जिसने इस प्रकार की वाणिज्यिक फास्ट ब्रीडर रिएक्टर क्षमता स्थापित की है, जो जितना ईंधन उपयोग करता है उससे अधिक ईंधन उत्पन्न करने में सक्षम है। भारत सरकार ने देश के एक्सपोर्टर्स को एक बड़ी राहत दी है।

भारतीय उद्योग परिसंघ ने की सिफारिश

## विवाद निपटान के लिए जीएसटी की तर्ज पर भारत में स्थापित हो औद्योगिक भूमि परिषद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने राष्ट्रीय मानक तय करने, राज्यों में भूमि संबंधी नियमों में सामंजस्य बिठाने, कार्यान्वयन की निगरानी करने और विवाद समाधान निकाय के रूप में काम करने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) ढांचे की तर्ज पर राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि परिषद (एनआईएलसी) की स्थापना का प्रस्ताव दिया है। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहाकि मेक इन इंडिया, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारों, नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और आधुनिक लॉजिस्टिक्स के तहत भारत की मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की महत्वाकांक्षाओं को तब तक साकार नहीं किया जा सकता जब तक कि औद्योगिक भूमि पूर्वानुमानित, पारदर्शी और निवेश के लिए तैयार न हो जाए। उन्होंने कहाकि 'सीआईआई लैंड मिशन एक व्यावहारिक, कार्यान्वयन केंद्रीय ढांचा प्रदान करता है जो सामाजिक सुरक्षा उपायों का सम्मान करते हुए भूमि मूल्य श्रृंखला में समय दक्षता, पूर्वानुमान और समन्वय को बढ़ाता है। टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक और सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष टीवी नरेंद्रन की अगुवाई में तैयार की गई रिपोर्ट भारत के औद्योगिक भूमि परिवेश में संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक बाधाओं को दूर करने का खाका तैयार करती है। रिपोर्ट की एक प्रमुख सिफारिश एकीकृत, जीआईएस-सक्षम राष्ट्रीय औद्योगिक भूमि बैंक बनाना है, जो भूमि की उपलब्धता, क्षेत्रवार स्थिति, उपयोगिताओं, पर्यावरणीय बाधाओं और स्पष्ट मालिकाना हक पर ताजा जानकारी प्रदान करेगा।




### स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क में बड़ा अंतर

सीआईआई ने स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में राज्यों के बीच बड़े अंतर की ओर भी ध्यान आकर्षित किया है। उद्योग मंडल के अनुसार इससे परियोजना की लागत काफी बढ़ जाती है और निवेश के फैसले प्रभावित होते हैं। इसलिए रिपोर्ट में औद्योगिक भूमि के लिए एक समान राष्ट्रीय स्तर पर निर्देशित स्टाम्प शुल्क अपनाने की सिफारिश की गई है। सीआईआई ने कहा कि विनिर्माण, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा और लॉजिस्टिक के लिए औद्योगिक भूमि एक मूल आधार है।

## चिंतन

# सड़कों को न बनने दें 'मौत' का गलियारा

देश में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या अब एक सामान्य बात नहीं रह गई है, बल्कि यह हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग और कानून के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी ताजा निर्देश केवल कानूनी आदेश नहीं, बल्कि एक चेतावनी हैं। यह चेतावनी उस सिस्टम के लिए है, जिसने सड़कों को सुरक्षित बनाने के बजाय कई जगहों पर उन्हें मौत का गलियारा बनने दिया। अदालत ने साफ कहा है कि एक्सप्रेसवे और नेशनल हाईवे "खतरे के गलियारे" नहीं बनने चाहिए। यह टिप्पणी यूं ही नहीं आई। इसके पीछे वे दर्दनाक हादसे हैं, जिनमें एक ही दिन में दर्जनों लोगों की जान चली जाती है। राजस्थान, हरियाणा, यूपी और तेलंगाना की हालिया घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि हमारी सड़कों पर खतरा केवल वाहन चलाने की गलती से नहीं, बल्कि अव्यवस्थित सिस्टम और लापरवाही से भी पैदा होता है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि देश की कुल सड़क लंबाई में नेशनल हाईवे का हिस्सा महज 2% है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 30% है। यह आंकड़ा अपने आप में बताता है कि समस्या कितनी गहरी है। हाईवे, जो तेज और सुरक्षित यात्रा के लिए बनाए जाते हैं, वही सबसे ज्यादा जानलेवा साबित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जो दिशा-निर्देश दिए हैं, वे इस समस्या के मूल कारणों को संबोधित करते हैं। भारी और कमर्शियल वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग पर रोक, अवैध ढाबों और निर्माणों को हटाने का आदेश, एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए निगरानी। ये सभी कदम न केवल जरूरी हैं, बल्कि लंबे समय से लंबित भी थे। खासकर हाईवे के किनारे अवैध निर्माण और बिना योजना के विकसित ढाबे, अक्सर हादसों का बड़ा कारण बनते हैं, लेकिन भारत में समस्या आदेशों की कमी नहीं, उनके क्रियान्वयन की है। पहले भी सड़क सुरक्षा को लेकर कई गाइडलाइंस और नियम बनाए गए, लेकिन उनका असर सीमित ही रहा। कारण साफ है, जिम्मेदार एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी और जवाबदेही का अभाव। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राज्य पुलिस, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन इन सभी की भूमिकाएं स्पष्ट हैं, लेकिन जब हादसा होता है, तो जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। अदालत ने इस बार टास्क फोर्स और एसओपी के जरिए इस कमी को दूर करने की कोशिश की है। केवल सिस्टम लगाना पर्याप्त नहीं, उसका सही उपयोग और नियमित निगरानी भी उतनी ही जरूरी है। सड़क सुरक्षा को केवल सरकारी जिम्मेदारी मानना भी अधूरा दृष्टिकोण है। इसमें आम नागरिकों और वाहन चालकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ट्रैफिक नियमों का पालन, ओवरस्पीडिंग से बचाव और सड़क पर अनुशासन, ये सभी पहलू हादसों को कम करने में मदद कर सकते हैं, लेकिन यह भी सच है कि जब सिस्टम ही अव्यवस्थित हो, तो व्यक्तिगत सावधानी भी कई बार पर्याप्त नहीं होती। हाईवे केवल विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व भी हैं। अंततः, सड़कें केवल दूरी कम करने का माध्यम नहीं होतीं, वे जीवन से जुड़ी होती हैं। अगर इन सड़कों पर सफर करना जोखिम भरा हो जाए, तो विकास का पूरा मॉडल ही सवालों के घेरे में आ जाता है। इसलिए जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को सख्ती से लागू किया जाए और सड़क सुरक्षा को नीतिगत प्राथमिकता बनाया जाए, क्योंकि हर हादसा सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि एक परिवार की अपूरणीय क्षति होती है और इसे रोकना ही असली जिम्मेदारी है।

# महिला आरक्षण की फिर वही परिणति



मुद्दा
अवधेश कुमार

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के लिए यह पहला अवसर है, जब कोई विधेयक पारित होने से लोकसभा में वंचित रह गया। 1996 से महिलाओं को लोकसभा और राज्य की विधानसभा में आरक्षण देने का मामला लटका हुआ है और विरोधी किसी न किसी बहाने इसमें अड़चन डालते आ रहे हैं। किसी का तर्क कुछ भी हो, निष्कर्ष यही है, वही प्रक्रिया फिर दोहराई गई है। अब इसमें गुणात्मक अंतर यह है कि मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 33% महिलाओं के आरक्षण का कानून संसद द्वारा पारित करवा लिया है। इसलिए उसको लागू तो होना है, किंतु अब विधेयक के गिर जाने से 2029 लोकसभा चुनाव में यह लागू नहीं हो सकता।**

लगभग 12 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के लिए यह पहला अवसर है, जब कोई विधेयक पारित होने से लोकसभा में वंचित रह गया। 1996 से महिलाओं को लोकसभा और राज्य की विधानसभा में आरक्षण देने का मामला लटका हुआ है और विरोधी किसी न किसी बहाने इसमें अड़चन डालते आ रहे हैं। किसी का तर्क कुछ भी हो, निष्कर्ष यही है, वही प्रक्रिया फिर दोहराई गई है। अब इसमें गुणात्मक अंतर यह है कि मोदी सरकार ने सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से 33% महिलाओं के आरक्षण का कानून संसद द्वारा पारित करवा लिया है। इसलिए उसको लागू तो होना है, किंतु अब विधेयक के गिर जाने से 2029 लोकसभा चुनाव में यह लागू नहीं हो सकता।

इसके लिए हमें 2034 की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। दरअसल, 2023 के अधिनियम में यह प्रावधान था कि अगली जनगणना और फिर परिसीमन हो जाने के बाद इसे लागू किया जाएगा। तब अनुमान यह था कि जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया 2029 तक पूरी हो चुकी होगी, इसलिए इसे लागू करने में समस्या नहीं होगी। चूंकि यह पूरी नहीं हुई तो नरेंद्र मोदी सरकार ने इसे संविधान संशोधन के जरिए तत्काल लागू करने का रास्ता चुना। पूरे प्रकरण का कठोर सच यह है कि इन तीनों विधेयकों में ऐसा कुछ नहीं था, जिसको आशंका की दृष्टि से देखा जाए और जिसका इस सीमा तक विरोध हो कि काले झंडे और काले बिल्ले तक पार्टियां व सांसद लगा लें। इनमें संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लोकसभा की सीटों की अधिकतम संख्या को बढ़ाकर 850 करने का प्रावधान करता था। इनमें राज्यों के लिए 815 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 35 सीटें थीं। दूसरा,परिसीमन विधेयक, 2026 नई जनगणना के आधार पर निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण के लिए परिसीमन आयोग के गठन का प्रावधान करता था। तीसरा, केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में महिला आरक्षण लागू करने के लिए था। विपक्ष का मुख्य विरोध पहले विधेयक से था। वस्तुतः संसद का विशेष सत्र आरंभ होने के पहले ही विपक्ष ने अविश्वसनीय रूप से विरोधी रुख अपनाकर अपने संसदीय व्यवहार का संकेत दे दिया था। विपक्ष के सभी नेताओं ने, जिनमें महिला सांसद भी शामिल हैं, नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन संबंधी विधेयकों का जैसा विरोध किया, उसमें साफ हो गया कि इसका पारित होना संभव नहीं है। भाजपा के मंत्रियों ने विपक्ष के नेताओं से बात करनी शुरू की। स्वयं प्रधानमंत्री ने दो पोस्ट से अपील की। इसके पहले वे अपने भाषण में अपील कर चुके थे कि श्रेय आप लोग ले लीजिए, लेकिन महिला आरक्षण में बाधा मत बनिए, लेकिन विपक्ष पहले से मन बनकर बैठा था। उन्होंने अपनी अपील में लिखा कि अपने घर में मां-बहन, बेटी -पत्नी सबको देखिए और उनके अधिकार के लिए विचार कर मतदान करिए। निष्पक्ष होकर विवेक, तथ्य और तर्क के साथ विचार करने वालों का निष्कर्ष है कि पूरा विरोध एकपक्षीय अतिवाद से ग्रस्त रहा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो इसे देश विरोधी और देश को बांटने वाला विधेयक तक करार दिया। उन्होंने कहा कि



ये देश का भूगोल बदलना चाहते हैं, जो हम कभी नहीं होने देंगे। इससे अधिक अतिवादी वक्तव्य और कुछ नहीं हो सकता। अगर इरादा विधेयक पर बहस कर इसमें उचित संशोधन करना हो तो आपके भाषण में उससे संबंधित सुझाव होते हैं। सरकार की राजनीतिक आलोचना में समस्या नहीं है, किंतु पूरी बहस सामान्य आलोचना ही नहीं, विधेयक के विषय वस्तु से भी काफी दूर चला गया था। प्रश्न उठाया जा रहा था कि आखिर 850 सीटों का आपका आधार क्या है? इसी तरह के दक्षिण के राज्यों को इसमें नजरअंदाज किया जा रहा? बजट सत्र में गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के नेताओं से बातचीत शुरू की तो बताया होगा कि हर राज्य की 50% लोकसभा एवं विधानसभा की सीटें बढ़ाने का फार्मूला तय हुआ है। आज परिसीमन हो तो लोकसभा एवं विधानसभाओं की कितनी सीटें बढ़ सकतीं हैं। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया कि अगर उत्तर प्रदेश की सीटें 80 से 120 हो रही हैं तो तमिलनाडु की 39 से 59। इसी तरह अन्य राज्यों के भी विवरण दिए गए। हंगामा इस पर भी था कि 2011 की जनगणना को आधार क्यों बनाया गया? गृह मंत्री का उत्तर था कि 2011 की जनगणना का आधार बनाते तो तमिलनाडु की सीट केवल 49 होती। यहां दो बातें समझने की हैं। एक, वर्तमान 543 सीटों में 33% आरक्षण क्यों नहीं दिया गया? 2023 में जब विधेयक पारित हुआ तभी उसमें जनगणना और परिसीमन का प्रावधान था। विपक्ष ने विरोध क्यों नहीं किया? 1996 से उसके विरोध के पीछे सबसे बड़ा कारण यही था कि आपसी बातचीत में नेता बोलते थे कि 543 में से 33% महिलाओं को मिल गया तो अनेक पुरुष नेताओं को घर बैठ जाना पड़ेगा और राजनीति का नाश हो जाएगा। पिछड़ों के आरक्षण आदि का बहाना बनाया गया, तो पुराने अनुभवों का ध्यान रखते हुए मोदी सरकार ने रास्ता निकाला कि 543 सीटें जस की तस रहें और बढ़ी 272 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हों, सहमति हुई तभी 2023 में कानून बन सका। आज यह तर्क देने वाले अपनी सरकारों में इसके लिए तैयार नहीं थे। 1996 में विरोध करने वाले उस संयुक्त मोर्चा सरकार के साथी थे तो 2008 से 2010 तक विरोध करने वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन के साथी। इनमें समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और कुछ समय तक जनता दल यूनाइटेड अग्रणी रहे। दूसरे दलों के सांसद भी साथ देते रहे। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 1998 और 1999 में महिला आरक्षण विधेयक चलाया किंतु आम सहमति नहीं बन सकी। 2010 में राज्यसभा में भाजपा के समर्थन से विधेयक पारित हुआ, किंतु उनके साथी दलों ने विरोध किया और लोकसभा में पारित करना मुश्किल था। दूसरे, हर 10 वर्ष पर संविधान लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों के जनसंख्या के आधार पर परिसीमन का प्रावधान करता है। 1971 तक नियमित होता रहा। 1976 में आपातकाल के समय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी सरकार ने 42वां संशोधन कर 2001 तक लोकसभा एवं विधानसभाओं की सीटें न बढ़ाने का प्रावधान कर दिया। अगर दल वाकई महिला आरक्षण के पक्ष में होते तो विरोध जताते हुए कुछ संशोधन डालकर पारित कर देते। सीटों की संख्या की लिखित गारंटी के प्रश्न पर गृह मंत्री ने कहा कि आप विधेयक पारित करते हैं तो हम नया संशोधन सीटों की संख्या डालकर पेश करने को तैयार हैं। वास्तव में कांग्रेस और कुछ विपक्षी दलों को दिखाना था कि हम संसद में नरेंद्र मोदी सरकार को पराजित कर सकते हैं। किसी नेता ने महिलाओं को आरक्षण न मिलने पर अफसोस प्रकट नहीं किया। महिलाओं के आरक्षण पर विरोधियों का जो रुख हमने 1996 से देखा, लगभग वही अलग रूपों में फिर संसद में था और इसी की परिणति विधेयक के गिरने के रूप में सामने आई।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आधी दुनिया
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



# सत्ता में महिलाओं की भागीदारी वैश्विक औसत से बहुत दूर

संसद में महिलाओं के 33 फीसदी आरक्षण का बिल गिरने के साथ ही देश में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर नई बहस छिड़ गई है। जहां एक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश के माध्यम से महिलाओं से माफी मांगी है तो दूसरी ओर विपक्ष ने इसे अपनी बड़ी जीत और सरकार की हार बताया है। हालांकि विपक्ष यह भी कह रहा है कि उनका विरोध सीटों के परिसीमन से अधिक है। खैर, यह अलग बहस का विषय हो सकता है। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि सत्ता में महिलाओं की हिस्सेदारी के मामलें में हम दुनिया के देशों से अभी काफी पीछे चल रहे हैं। दुनिया के 190 देशों के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो हमारे देश का स्थान 147वां आता है। दुनिया के देशों में सत्ता में महिलाओं की भागीदारी की बात करें तो वैश्विक स्तर औसत 27.5 फीसदी है। 30 महिला राष्ट्राध्यक्ष हैं तो दुनिया के केवल 8 देश ही ऐसे हैं, जहां महिलाओं की भागीदारी 50 फीसदी से अधिक है। रवांडा, क्यूबा, निकारागुआ, कोस्टारिका, बोलिविया, मैक्सिको, एंडोरा और संयुक्त अरब अमीरात में 50 प्रतिशत से अधिक भागीदारी है। न्यूजीलैंड, डेनमार्क और आइसलैंड 45 से 50 प्रतिशत महिलाओं का प्रतिनिधित्व है। आज हम महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी की बात कर रहे हैं, वहीं इस समय दुनिया के 56 देश ऐसे हैं, जहां सत्ता में महिलाओं का 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व है। एक मोटे अनुमान के अनुसार हालिया चुनावों में 14 राज्यों में महिलाओं की निर्णायक भूमिका रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भी 19 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में महिलाओं ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसके साथ ही पिछले कुछ सालों के चुनाव परिणामों का विश्लेषण करें तो यह भी साफ हो जाता है कि लगभग सभी पार्टियों ने महिलाओं को केन्द्र में रखकर चुनाव घोषणा पत्र बनाये और महिलाओं को किसी भी नाम से योजना रखते हुए एक निश्चित राशि देने की बात प्रमुखता से की।

बिहार, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश या अन्य प्रदेशों में लखपति दीदी या इसी तरह के नाम से मिलती-जुलती योजनाओं में राशि उपलब्ध कराने की रणनीति महिला वोटों को अपनी ओर करने की रही है। यह दूसरी बात है कि इसका लाभ किस पार्टी को अधिक मिला। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि राजनीतिक पार्टियां कहने को कुछ भी कहें या महिलाओं को आगे लाने की कितनी भी बात करें, पर विधानसभा और संसद में महिलाओं की भागीदारी अभी तक बढ़ नहीं पाई है। 2009 की 15वीं लोकसभा के पहले तक तो हमारे देश में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व दहाई की संख्या में भी आगे नहीं पहुंचा था। 15वीं लोकसभा में पहली बार 10.9 प्रतिशत प्रतिनिधित्व हो सका। 17वीं लोकसभा में महिलाओं की सर्वाधिक 14.4 प्रतिशत भागीदारी रही। जहां तक राजनीतिक दलों की बात है तो भले ही महिला आरक्षण बिल का अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के कारण कांग्रेस व अन्य विपक्षियों के साथ तृणमूल कांग्रेस ने भी विपक्ष में मतदान किया पर लोकसभा और राज्य सभा में टीएमसी दल की महिलाओं की हिस्सेदारी अधिक है। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है तो उसकी भागीदारी 14.3 प्रतिशत और बीजेपी की भागीदारी 12.9 प्रतिशत है। अन्य दलों की भी कमोबेश यही स्थिति है। राज्यों ककी बात करें तो इस समय देश में सर्वाधिक महिला सदस्य छत्तीसगढ़ विधानसभा में हैं। छत्तीसगढ़ में कुल सदस्यों में 21.1 प्रतिशत महिला सदस्य हैं।

त्रिपुरा में 15 प्रतिशत महिला सदस्य हैं। बाकी देश के अन्य राज्यों में 15 प्रतिशत महिलाएं भी विधानसभा की सदस्य नहीं हैं। नागालैंड देश का ऐसा प्रदेश है, जहां सबसे कम महिला सदस्य हैं। कर्नाटक जैसे राज्य में भी पांच प्रतिशत से कम महिला विधानसभा सदस्य हैं। इससे यह तस्वीर साफ हो जानी चाहिए कि जब तक संवैधानिक बाध्यता नहीं होगी, तब तक महिलाओं की भागीदारी लाख प्रयासों के बावजूद नहीं बढ़ने वाली है। इसके लिए एक सीमा तक सीटों का आरक्षण करना ही होगा। इसका जीता-जागता उदाहरण पंचायतीराज व स्थानीय स्वशासन संस्थाएं हैं, जहां महिलाओं की सीटें आरक्षित होने से आज तस्वीर ही बदल गई है। यदि महिलाओं की सत्ता में सहभागिता बढ़ानी है तो महिला सीटों का आरक्षण करना ही होगा। राजनीतिक दलों को आपसी आग्रह दुराग्रहों से हटकर इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों को भी इस दिशा में देश में माहौल बनाना चाहिए। यह अवश्य है कि आरक्षण की सीमा आपसी समन्वय व विचार-विमर्श से सर्वसम्मति से तय होता है तो यह बेहतर लोकतांत्रिक परंपरा होगी। यह साफ है कि अब समय आ गया है जब महिलाओं की हिस्सेदारी तय होनी ही चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
**दर्शन**

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

# एक लकड़ी का कटोरा



संकलित
**प्रेरणा**

एक वृद्ध व्यक्ति अपने बहू-बेटे के यहां शहर रहने गया। वो एक छोटे से घर में रहते थे, पूरा परिवार और उसका चार वर्षीया पोता एक साथ ही खाना खाते थे। लेकिन वृद्ध होने के कारण उस व्यक्ति को खाने में बड़ी दिक्कत होती थी। बहु-बेटे कुछ दिनों तक तो ये सब सहन करते रहे। अगले दिन जब खाने का वक्त हुआ तो बेटे ने एक पुरानी मेज को कमरे के एक कोने में लगा दिया और अपने बूढ़े बाप से बोला कि पिता जी आप यहां पर बैठ कर खाना खाया करो। बूढ़ा पिता वहीं अकेले में बैठ कर अपना भोजन करने लगा, यहां तक की उनके खाने-पीने के बर्तनों की जगह एक लकड़ी का कटोरा दे दिया गया था। बाकी लोग पहले की तरह ही आराम से बैठ कर खाना खाते। वहां बैठा बालक भी यह सब बड़े ध्यान से देखता रहता, और अपने में मस्त रहता। एक रात खाने से पहले, उस छोटे बालक को उसके माता-पिता ने ज़मीन पर बैठकर कुछ करते हुए देखा- तुम क्या बना रहे हो? पिता ने पूछा, बच्चे ने मासूमियत के साथ उत्तर दिया, अरे मैं तो आप लोगों के लिए एक लकड़ी का कटोरा बना रहा हूं, ताकि जब मैं बड़ा हो जाऊं तो आप लोग इसमें खा सकें, और वह पुनः अपने काम में लग गया। पर इस बात का उसके माता-पिता पर बहुत गहरा असर हुआ। उनके मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला और आँखों से आंसू बहने लगे। वो दोनों बिना बोले ही समझ चुके थे कि अब उन्हें क्या करना है। उस रात वो अपने बूढ़े पिता को वापस डिनर टेबल पर ले आये, और फिर कभी उनके साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत की धरोहरों को और निखारने की जरूरत

दुनिया भर में विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। इंटरनेशनल काउंसिल ऑन मोन्यूमेंट्स एंड साइट्स ने इसकी शुरुआत की थी। जब इस दिवस को यूनेस्को ने मंजूरी दी थी, तब से यह दिवस हर वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों की संभाल करना और इसके लिए जागरूकता अभियान चलाना भी है। हमारे देश में भी बहुत सी ऐसी धरोहरें हैं जो दुनिया के आकर्षण का केंद्र हैं। इनमें मुख्यत: अजंता एलोरा की गुफाएं, दिल्ली का कुतुब मीनार व आगरा का ताजमहल इत्यादि शामिल हैं। और भी ऐसी बहुत सी धरोहरें हैं। भारत की धरोहरों को और निखारने की जरूरत भी है। ये धरोहरें देश की सभ्यता-संस्कृति की पहचान करवाती हैं। *- मोनिका, करनाल*

## ट्रेंड

### महिला आरक्षण कानून



डीएमके, कांग्रेस और टीएमसी ने संसद में 33% महिला आरक्षण कानून को पारित नहीं होने दिया, लेकिन हम संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण अवश्य प्रदान करेंगे।
**- राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री

### बंगाल में दयनीय स्थिति



बंगाल में हत्या के प्रयास के मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि एसिड अटैक, बाल अपराध, बलात्कार, डकैती, लूट और चोरी की घटनाएं पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक हो रही हैं। "मां, मां और मिट्टी" की बात करने वाली ममता दीदी ने इन स्थितियों को बेहद दयनीय बना दिया है।
**- जेपी नड्डा**, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### तमिल पहचान की रक्षा



परिसीमन भाजपा द्वारा संसद में तमिलनाडु, दक्षिणी राज्यों और पूर्वोत्तर के प्रतिनिधित्व को कम करने का एक स्पष्ट प्रयास था। हमने संसद में इसे रोका और भारत की अवधारणा पर इस हमले को विफल कर दिया। इंडिया अलायंस हमेशा तमिल पहचान की रक्षा करेगा।
**- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### बेटियों की हार




विपक्ष को यह स्पष्ट करना होगा कि बेटियों की हार लोकतंत्र की जीत कैसे हो सकती है? देश की महिलाओं की हार हुई है, उनका सम्मान और आत्मसम्मान छिन गया है। विपक्ष इसे लोकतंत्र की जीत कैसे कह सकता है?
**- रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# उ. कोरिया ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी

उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया एवं जापान ने यह जानकारी दी। ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में 'बेहद गंभीर'' प्रगति की चेतावनी दी थी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' (जेसीएस) ने बताया कि उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। जेसीएस ने कहा कि दक्षिण कोरिया, उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार है और वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाओं का निकटता से आदान-प्रदान कर रहा है। दक्षिण कोरिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर कोरिया द्वारा बार-बार किए जा रहे बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) की आपात बैठक में चिंता जताई और उससे इन्हें तुरंत रोकने का आग्रह किया। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत और वियतनाम की यात्रा के लिए रवाना होने से कुछ घंटे पहले किए गए।



## ऑफ बीट

# क्या माउथवॉश ह्रदय के लिए हानिकारक होता है



सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो में दावा किया गया है कि माउथवॉश से उच्च रक्तचाप का खतरा बढ़ सकता है और ह्रदय की सेहत को नुकसान हो सकता है। कुछ वीडियो के अनुसार, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि माउथवॉश मुंह के उन अच्छे बैक्टीरिया को खत्म कर देता है, जो ह्रदय और रक्त-प्रणाली के लिए जरूरी होते हैं। यह सुनने में चौंकाने वाला लग सकता है लेकिन आपको अभी अपना माउथवॉश फेंकने की जरूरत नहीं है। सच्चाई इससे कहीं ज्यादा जटिल है। हमारे मुंह में कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। ये सभी मिलकर एक संतुलित और विविध प्रकार के 'माइक्रोबायोम' बनाते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया की बढ़त को रोकते हैं, सामान्य 'मेटाबॉलिज्म' में मदद करते हैं और मुंह व शरीर की कुल सेहत को बेहतर बनाते हैं। इन बैक्टीरिया का एक अहम काम है हमारे भोजन (खासकर हरी पत्तेदार सब्जियों) में मौजूद नाइट्रेट को नाइट्राइट में बदलना। जब हम नाइट्राइट निगलते हैं, तो शरीर इसे नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल देता है। यह प्रक्रिया नाइट्रेट-नाइट्राइट-नाइट्रिक ऑक्साइड प्रक्रिया (या एंटरोसैलिवरी प्रक्रिया) कहलाती है। यह एक उदाहरण है कि बैक्टीरिया कैसे शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

## खबर संक्षेप



### मुनि संघ का नगरागमन आज, होगी अगवानी

**औबेदुल्लागंज।** परम पूज्य आचार्य विराग सागर एवं आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य पूज्य मुनि श्री विश्व सूर्य सागर एवं मुनिश्री साध्य सागर महाराज की सोमवार सुबह 7.30 बजे औबेदुल्लागंज पुलिस थाने के सामने भव्य अगवानी होगी। मुनि संघ भोजपुर से विहार करके आ रहे है। समाज के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि मुनि संघ का नगर में ग्रीष्म कालीन वाचन होगा। समाज के अध्यक्ष सुनील जैन तामोट, डॉ. मीना जैन, तरुण जैन, अंशुल जैन, दिनेश गुड्डन जैन, पवन जैन, रूपेश जैन, नरेश दादा, आकाश जैन, विजय जैन, विनय जैन, प्रदीप शिरोमणि, अनुराग जैन, सुनील वर्धमान आदि ने बताया कि समाज में उत्साह है।

### पटवा ने दी विजयवर्गीय को जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री व भाजपा वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। माँ कंकाली से प्रार्थना हैं कि आप सदैव स्वस्थ, प्रसन्न एवं दीर्घायु रहें।

### सुलेखा चौहान ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद



**तामोट।** जनपद सदस्य के जिला अध्यक्ष सुलेखा चौहान ने आदिवासी पन्नालाल ककोड़िया की बेटी सविता (बब्ली) के विवाह समारोह में पहुंच कर वर वधू को आशीर्वाद दिया।

### पेड़ पर लटका मिला अज्ञात युवक का शव

**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। यह घटना गौहरगंज रोड स्थित चांदनी पुलिया के पास की है, जहाँ वेयरहाउस से लगे एक पेड़ पर साड़ी के फंदे से युवक का शव लटका हुआ मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान और घटना के कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। टीआई भारत प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भार्गव परिवार में शोक मुस्लिम समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि




**मंडीदीप।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन भार्गव की माता छोटी बाई भार्गव के निधन पर मुस्लिम समाज के वरिष्ठजन उनके निवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। समाज के प्रतिनिधियों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस दौरान मुस्लिम समाज अध्यक्ष मो. सोहेल खान, असलम पठान मंडी, गुड्डू रमजान, नजर हुसैन व जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मो. आरिफ खान उपस्थित रहे।

## गो-शाला से लौट रहे जेल बंदी ने जामुन के पेड़ पर लगाई फांसी, बीटेक के छात्र ने जहर खाकर दी जान

हत्या के मामले में कोर्ट ने आजीवन कारावास की सुनाई थी सजा, सेंट्रल जेल में था बंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गांधी नगर सेंट्रल जेल के पास जेल की गो-शाला से लौट रहे बंदी ने जामुन के पेड़ पर फांसी लगा ली। जब वह समय पर जेल में दाखिल नहीं हुआ तो उसे जेल प्रहरी देखने पहुंचा था। इस दौरान वह जामुन के पेड़ पर लटका हुआ नजर आया। उसने कुछ देर पहले ही फांसी लगाई थी, लिहाजा उसके पैर हाथ हिल रहे थे। किसी तरह एक्टिवा से लेकर जेल प्रहरी उसे अस्पताल पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बंदी को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार गुड्डु आदिवासी (53) मूलतः बाड़ी जिला रायसेन का था। वर्ष 2017 में उसे हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। जेल की गोशाला में उसकी ड्यूटी थी। प्रतिदिन की सुबह वह अन्य बंदियों के साथ गोशाला जाता था और शाम को काम कर लौट आता था। रविवार सुबह भी वह काम पर गया। बंदियों के साथ गोशाला में काम किया और शाम को बंदियों के साथ नहाकर लौट रहा था। रास्ते में गोशाला के पास पंप हाउस है। शाम को बंदी पंप हाउस की मोटर बंद कर जेल में दाखिल होते हैं। बंदियों को गुड्डु ने कहा कि तुम चलो में पंप की स्वीच बंद कर लौटता हूं। सभी बंदी जेल में दाखिल हो गए, लेकिन गुड्डु नहीं पहुंचा। उसे देखने जेल प्रहरी एक अन्य बंदी के साथ पंप हाउस पहुंचा। इस दौरान गुड्डु जामुन के पेड़ पर दुपट्टे के फंदे के सहारे लटका मिला। उसके शरीर में हलचल होती देख जेल प्रहरी एक्टिवा से ही उसे लेकर अस्पताल पहुंच गया, लेकिन उसकी पहले ही मौत हो चुकी थी।

### जहर खाने के बाद दोस्त को दी सूचना, अस्पताल में मौत

बीटेक छात्र ने जहर खाने के बाद अपने दोस्त को घटना की जानकारी दी। दोस्त ने बहन को बताया और कुछ ही देर बाद जहर खाने वाला छात्र खुद घर पहुंच गया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

टीटी नगर पुलिस के अनुसार 22 वर्षीय हिमांशु लोहवंशी अर्जुन नगर में रहता था। वह रायसेन रोड स्थित एक निजी कॉलेज में बीटेक द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। शनिवार उसने अपने दोस्त को कॉल कर कहा कि मैं अभी अभी हबीबगंज क्षेत्र में हूं और सल्फास की गोलियां खा ली हैं और अब भी मैं घर जा रहा हूं। दोस्त ने तुरंत ही हिमांशु की बहन को कॉल कर घटना की जानकारी दी। थोड़ी देर बाद ही हिमांशु घर पहुंच गया। उसके घर पहुंचते ही परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे। यहां पर समय पर इलाज मिलता न देख से उसे लेकर अरेरा कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे तथा वहां पर भर्ती कराया। थोड़ी देर तक चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा पंचनामा बनाकर कार्रवाई शुरू की। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है तथा परिजनों के बयान भी नहीं हुए जिसकी वजह से आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ सकी है। प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि हिमांशु का एक युवती से प्रेम-प्रसंग था।

## जबरन घर में घुसने की शिकायत, लसूड़िया के 5 पुलिसकर्मी सस्पेंड

### इंदौर में वारंट तामीली विवाद पर कार्रवाई

**भोपाल।** वारंट तामीली के दौरान पुलिसकर्मियों ने जबरन घर में घुसने की कोशिश की। इसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसके बाद लसूड़िया थाना क्षेत्र में डीसीपी (जोन-2) कुमार प्रतीक ने कार्रवाई करते हुए 5 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया।

मामला एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी से जुड़े विवाद का बताया जा रहा है। शनिवार को हुई इस कार्रवाई में एसआई संजय विश्नोई, प्रणीत भदौरिया, दिनेश जाट, रविन्द्र कुशवाह और एक कोर्ट मुंशी को निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी वारंट तामिल करने के लिए निलेश नामक व्यक्ति के घर पहुंचे थे, जहां विवाद की स्थिति बन गई और शिकायत की गई।

## बैरसिया थाना पुलिस ने सनसनीखेज हत्याकांड का किया खुलासा

# प्रेमिका ने किराना व्यापारी के हाथ पकड़े तभी बदमाश ने चाकू गोदकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित शमशाबाद रोड पर गत 15 अप्रैल की दोपहर किराना व्यापारी की हत्या करने वाले हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्या किराना व्यापारी की महिला दोस्त और उसके प्रेमी ने मिलकर की थी। महिला दोस्त ने हाथ पकड़े और साथी ने सीने पर चाकू घोंप दिया था। दरअसल, महिला दोस्त और उसके प्रेमी के बीच किराना व्यापारी के आने से दोनों नाराज थे। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा किराना व्यापारी के मोबाइल की सीडीआर, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कर लिया। पूछताछ में पता चला कि 4 साल पहले पति की मौत के बाद किराना व्यापारी और महिला के बीच नजदीकियां बढ़ गई थी। यह बात महिला के प्रेमी को नागवार गुजरी और महिला के साथ मिलकर उसने किराना व्यापारी को रास्ते से हटाने की योजना बना ली।

पुलिस के अनुसार हनीफ खान (55) वार्ड क्रमांक-7, बैरसिया में रहते थे और बैरसिया में ही किराना दुकान का संचालन करते थे। बुधवार दोपहर करीब चार बजे उनकी लाश शमशाबाद रोड पर ढाबे से कुछ दूर सड़क पर मिली। पुलिस को लगा कि गोली मारकर हत्या की गई है। दूसरे दिन पीएम रिपोर्ट में एक्सरे में पता चला कि सीने में चाकू घोंपा गया है। जांचकर्ता एसआई हेमंत सिंह ने बताया कि हनीफ का पीएम कराते समय एक्सरे कराया गया, जिससे पुष्टि हुई कि गोली लगने से नहीं, बल्कि सीने में चाकू घोंपा गया है।

**गोल चौराहा के पास छोला इलाके में शनिवार देर रात हुआ हादसा, सात साल की मासूम की मौत, दंपती सहित चार लोग घायल**



अनिरुद्ध यादव, आरोपी



सोना मीणा, आरोपी

### कपड़े दिलाकर गांव छोड़ने जा रहा था हनीफ

हनीफ खान की गांव खेजड़ा मिश्र में रहने वाली सोना मीणा (40) से दोस्ती थी। सोना मीणा के 15 और 9 साल के दो बच्चे हैं। चार साल पहले उसके पति की मौत हो गई। पति की मौत के बाद सोना मीणा और हनीफ खान के बीच नजदीकियां बढ़ गई। इधर, अनिरुद्ध यादव (32) भी सोना मीणा के संपर्क में था और उसका प्रेमी था। हनीफ खान 15 अप्रैल को सोना मीणा को गांव से बैरसिया लेकर आए थे। बैरसिया में उन्होंने सोना मीणा के बच्चों के लिए कपड़े खरीदे और कुछ सामान सोना मीणा को दिलाया। इसके बाद उसे घर छोड़ने जा रहे थे। शमशाबाद रोड पर अनिरुद्ध यादव मिल गया। उसने बाइक रोकी। सोना मीणा को साथ देख अनिरुद्ध भड़क गया और हनीफ खान से बहस करने लगा। बहस के बीच हनीफ ने अनिरुद्ध यादव को थप्पड़ मार दिया।

### सीडीआर और सीसीटीवी फुटेज से महिला तक पहुंची पुलिस

पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच की। परिजन ने बताया कि हनीफ की किसी से दुश्मनी नहीं थी। पुलिस ने हनीफ के मोबाइल की सीडीआर निकाली और बैरसिया में लगे कुछ स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज चेक किए। सीडीआर में पता चला कि सोना मीणा से हनीफ की बातचीत अधिक होती थी। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज में सोना और हनीफ साथ नजर आए थे। पुलिस ने सोना मीणा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसने अपने साथी अनिरुद्ध के साथ मिलकर हनीफ खान की हत्या करने की बात स्वीकार ली।

### थप्पड़ का बदला लेने की हत्या

*हनीफ खान ने अनिरुद्ध को थप्पड़ जड़ दिया। इससे वह नाराज हो गया। दोनों बीच मारपीट होने लगी। इसी दौरान अनिरुद्ध ने चाकू निकाल लिया। सोना को भी हनीफ के थप्पड़ मारने वाली बात ठीक नहीं लगी। लिहाजा उसने हनीफ के हाथ पकड़ लिए और अनिरुद्ध ने सीने पर चाकू से दो वार कर दिए। हार्ट के पास चाकू लगने से अनिरुद्ध की मौके पर ही मौत हो गई।*

## श्री धाकड़-नागर समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री पूरी करवाएंगे विवाह की रश्में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



विवाह की तैयारी को लेकर चर्चा करते समिति के लोग।

श्री धाकड नागर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के अध्यक्ष संजीव नागर तामोट एवं वरिष्ठ गौरी शंकर नागर, चंद्र सिंह नागर, मुख्य कार्यकारिणी अध्यक्ष कैलाश डब्बू नागर हिरानिया, रजनीश पटेल, तेज सिंह नागर इंटाया, पूर्व अध्यक्ष मोहन पटेल पारखेड़ी, रामदयाल नागर महाराज, अमित मौनी नागर, परेश नागर, डॉ. भूपेंद्र नागर, नरेंद्र नागर, राजेश राजू भाई पटेल, रवि नागर, डॉ. सीएल नागर, पूर्व पार्षद उमेश नागर, दीपेश नागर, वीरेंद्र नागर आदि ने बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री द्वारा करवाया जाएगा। सोमवार को सुबह 10 बजे गणेश और माता पूजन 11 बजे, मंडप पूजन दोपहर 12 बजे, लग्न एवं वरमाला दोपहर 1 बजे, भावर शाम 4 विदाई होगी। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि वर-वधू को विवाह स्थल पर प्रातः 10 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

### बड़ी संख्या में शामिल होंगे लोग

अध्यक्ष संजीव नागर तामोट ने बताया कि 39वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में लगभग 10 से 15 हज़ार लोग शामिल होंगे। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक सुरेंद्र पटवा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सांसद राजगढ़ रोडमल नागर, इंदौर देपालपुर विधायक मनोज पटेल, राज्य मंत्री मोहन नागर, मध्य प्रदेश शासन के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल को आमंत्रित किया है। समिति के सदस्यों ने विवाह स्थल को भव्य और सुंदर बनाने के लिए लिए जोर शोर से तैयारी में लगे हैं।



## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह का जताया आभार, 5 महिलाओं को मिला लोकसभा जाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नगर पालिका उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र से 5 महिलाओं का चयन किया गया, जिनमें उनका नाम भी शामिल है। नमीता अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री द्वारा उन्हें आशीर्वाद प्रदान हुआ है तथा सभी चयनित महिलाओं को लोकसभा भवन जाने की अनुमति दी गई। यह उनके लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। उन्होंने कहा कि इस पहल से महिलाओं को राजनीति और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिलेगा, जो निश्चित रूप से उनके भविष्य के लिए लाभदायक साबित होगा। इस अवसर पर नमीता अग्रवाल सहित सभी चयनित महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया।

## चाणक्य स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम नगर में प्रथम

# कक्षा 10वीं में गेहना ने 95.8 तो 12वीं में तनिष ने 91.2 फीसदी अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल ने इस वर्ष मध्यप्रदेश बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम दर्ज कराते हुए नगर में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का एक बार फिर प्रमाण दिया है। स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं और 12वीं दोनों में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं के गेहना किंगर ने 95.8% अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। देवेंद्र मरकाम ने 95.6% अंक के साथ द्वितीय तथा सान्या गौर ने 95.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कनीज़ फातिमा 91.2% कृष्णा राजपूत 88.2% दिव्यांश बामनिया 84.2% हर्षिका लोधी 83% दीक्षा ओड 83% मोहित कुमार ओड ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।





### मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान

वहीं कक्षा 12वीं (पीसीएम) में तनिष नागर ने 91.2% अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। (पीसीबी) में सृष्टि नागर ने 90.2% अंक प्राप्त कर नगर दूसरा स्थान, पलक जगदेव 86.8%, तनु विश्वकर्मा 86.2% तथा वैष्णवी नागर 85.4% पूर्वी नागर 83% अमृता मढ़ावी 82% कृष साहू 81% अंक प्राप्त कर नगर एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा दसवीं के कुल विद्यार्थियों में 32 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में कुल विद्यार्थियों में से 47 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा, मेधावी छात्र छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संस्था के संचालक सीएस सिंह एवं प्राचार्या भूपेंद्र कौर ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक संगठन में दो-दो अध्यक्ष, जनता की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

### कुर्सी की लड़ाई में उलझे नेता, बन रहे मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में इन दिनों सामाजिक और व्यापारिक संगठनों की स्थिति हास्यास्पद होती जा रही है। यहां सेवा और जनहित के नाम पर बनने वाले संगठन अब 'कुर्सी की राजनीति' के अड्डे बनते जा रहे हैं। हालात ये हैं कि एक ही संगठन में दो-दो अध्यक्ष सामने आ रहे हैं। हिंदू उत्सव समिति, प्रेस क्लब, व्यापार महासंघ और किराना संघ लगभग हर प्रमुख संस्था गुटबाजी का शिकार है। आधा दर्जन से अधिक नेता खुद को अध्यक्ष घोषित कर चुके हैं।

जनता का सवाल सीधा है जब एक संस्था में दो अध्यक्ष होंगे, तो जवाबदेही किसकी होगी? स्थानीय लोगों का आरोप है कि नेता केवल पद हासिल करने तक सक्रिय रहते हैं। एक बार अध्यक्ष बनने के बाद वे न तो जनता के बीच दिखते हैं और न ही नगर की समस्याओं पर कोई ठोस पहल करते हैं। इस पूरे मामले में मानस कल्याण समिति एक जीता-जागता उदाहरण बन चुकी है। समिति में अध्यक्ष पद को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि संगठन पूरी तरह निष्क्रिय हो गया और सामाजिक गतिविधियां ठप पड़ गईं। नगर में पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण और ट्रैफिक जैसी मूल समस्याएं लगातार बनी हुई हैं, लेकिन संगठनों के जिम्मेदार पदाधिकारी आपसी वर्चस्व की लड़ाई में उलझे हुए हैं। सवाल यह भी उठता है कि क्या ये संगठन जनसेवा के लिए बने हैं या सिर्फ पद और प्रतिष्ठा के लिए हैं?

## माई भारत बजट क्वेस्ट-2026 प्रतियोगिता

## ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की छात्रा ने प्रधानमंत्री के साथ किया वर्चुअल संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



अंशिका नागर

शहर के ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की कक्षा 12वीं की छात्रा अंशिका नागर पुत्री राजू नागर, निवासी दिवटिया का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 प्रतियोगिता के फाइनल राउंड के लिए हुआ। इस उपलब्धि के अंतर्गत अंशिका को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद का विशेष अवसर प्राप्त हुआ, जो विद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है।

गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में देशभर से 12 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से अंशिका ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बजट विषयों की गहन समझ के बल पर शीर्ष 800 प्रतिभागियों में स्थान बनाकर नगर और अपने स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। दो शुरुआती राउंड्स पार करने के बाद, फाइनल राउंड का आयोजन 12 एवं 13 अप्रैल को किया गया। 13 अप्रैल को आयोजित वर्चुअल संवाद में अंशिका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ देश की आर्थिक नीतियों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान अंशिका को मप्र के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के साथ भी संवाद करने का अवसर मिला। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, सहपाठियों एवं नगर के नागरिकों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए अंशिका को बधाई दी है।

## मांगें पूर्ण होने के बाद कर्मचारी काम पर लौटे

# 5 दिन से चल रही मंडीदीप के सफाईकर्मियों की हड़ताल खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर पालिका में सफाई कर्मियों और प्रशासन के बीच चल रही हड़ताल का रविवार को समाधान हो गया है। कर्मचारियों की मांगों को लेकर हुई चर्चा के बाद आपसी सहमति बनी और हड़ताल समाप्त कर दी गई। समझौते के बाद सभी सफाइकर्मी अपने कार्य पर वापस लौट आए। रविवार को हुए बैठक में सफाईकर्मियों की प्रमुख मांगों पर सहमति बनी, जिसमें ईपीएफ और ईएसआई की सुविधा लागू करना तथा न्यूनतम वेतन नियमों का पालन सुनिश्चित करना शामिल है। समझौते के बाद सभी कर्मचारियों को कार्यस्थल पर वापस पहुंचाया गया और नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल किया गया है।

**सफाईकर्मचारियों की सभी मांगे मान ली गईं**

पांच दिन से चल रहे सफाई कर्मियों के धरना प्रदर्शन को लेकर रविवार को सभी सफाई कर्मियों के मांग को माना गया जिसको लेकर सभी सफाईकर्मियों में सहमति बनी और सभी कर्मचारी काम पर वापस आ गए है। अब नगर की साफ सफाई बेहतर हो सकेगी।

**प्रशांत जैन,** सीएमओ नगर पालिका, मंडीदीप

## भोपाल कमिश्नरेट को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली

# तीसरा आईएसओ प्रमाणित थाना बना रातीबड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल कमिश्नरेट को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। थाना रातीबड़ को आईएसओ 9001-2015 मानकों के आधार पर प्रमाणित किया गया। आईएसओ टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन में गुणवत्ता, कार्यप्रणाली और सेवा मानकों पर खरा उतरने के बाद यह सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त संजय कुमार की मौजूदगी में थाना रातीबड़ को औपचारिक रूप से आईएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। यह भोपाल पुलिस कमिश्नरेट का तीसरा थाना है, जिसे यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इससे पहले थाना मिसरोद और महिला थाना को भी आईएसओ प्रमाण मिल चुका है।

पुलिस आयुक्त ने थाना स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जनता के प्रति बेहतर सेवा और पारदर्शिता की दिशा में प्रेरणादायक है। सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम के बाद थाना परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर मोनिका शुक्ला, एडिशनल कमिश्नर अवधेश गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### आधुनिक और जनहितैषी बनाने पर विशेष ध्यान





थाना प्रभारी रासबिहारी शर्मा ने पदभार संभालने के बाद थाना व्यवस्था को आधुनिक और जनहितैषी बनाने पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सबसे पहले आगंतुकों के लिए बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की और स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई। फरियाद लेकर आने वाले नागरिकों से शालीनता और संवेदनशीलता के साथ संवाद सुनिश्चित किया गया, ताकि हर व्यक्ति को न्याय मिल सके। थाना परिसर में 24 घंटे प्रशिक्षिक पुलिसकर्मियों की तैनाती व्यवस्था लागू की गई। रिकॉर्ड प्रबंधन को व्यवस्थित करते हुए सभी फाइलों को सुव्यवस्थित रूप से नस्तीबंद किया गया, जिससे कार्यकुशलता में सुधार हुआ। विवेचकों के लिए बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराया गया, जिससे जांच प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनी। स्वच्छता और अनुशासन पर विशेष फोकस किया गया, जिससे थाना परिसर का वातावरण व्यवस्थित और पेशेवर बना। साथ ही



## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने निगरानी दल और कार्यकर्ता तैयार

**मंडीदीप।** अक्षय तृतीया पर एक भी बाल विवाह न हो इसके लिए महिला बाल विकास की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और कृषक सहयोग संस्थान ने बाल मित्रों ने संकल्प लिया। सभी सृजन के साथी महिला बाल विकास विभाग एवं पंचायतों के निगरानी दलों के साथ अपने क्षेत्र में होने वाले बाल विवाह पर निगाह रखेंगे। कहीं भी बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए उन्हें 112 और 1098 सहित संबंधित अधिकारियों को सूचना देने के लिए प्रेरित किया।

# बोलिविया, मैडागास्कर, वियतनाम और अमेरिका के कवियों के अनुवाद सुने

78वीं पोएट्स वॉक रही गीत और विश्व कविता के नाम

छतनारा की 78वीं पोएट्स वॉक में जुड़े शहर के 40 कवि और कविताप्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छतनारा समूह द्वारा रविवार सुबह 78वीं पोएट्स वॉक का आयोजन किया गया। पोएट्स वॉक छतनारा की नियमित गतिविधियों में से एक है, जिसके अंतर्गत शहर के कवि और कविता प्रेमी प्राकृतिक स्थलों पर बैठ कर कविताएं सुनते-सुनाते हैं। पोएट्स वॉक की शुरुआत में सभी कवि वन विहार के चीकू द्वार के बाहर इकट्ठे हुए और साथ घूमे। इस दौरान कविता के शिल्प और अनुवाद प्रक्रिया जैसे मुद्दों पर कवियों में बातचीत चलती रही। सैरसपाटा के पास झील किनारे बैठ कर कविता-शायरी का सिलसिला शुरू हुआ। कवि निशांत कार्यक्रम में होस्ट की भूमिका में थे। उन्होंने सभी का औपचारिक स्वागत करते हुए पोएट्स वॉक की परिकल्पना से सभी को अवगत कराया। फिर शायर अभय शुक्ला की दो ग़ज़ल पढ़ पोएट्स वॉक की औपचारिक शुरुआत की।





पहले कवि के तौर पर शुभम उमरझरे ने तरन्नुम में गीत सुनाकर वाहवाही लूटी। उसके बाद अरमान ने अपनी कविता सुनाईं। अखिलेश लोधी ने अपने मुक्तक सभी से साझा की। वहीं, सीता सिन्हा ने पोएट्स वॉक के अनुभव पर केंद्रित कविता का पाठ किया। देवेंद्र जेठवानी और अनवर मोहम्मद ने हास्य रचनाएं सुनाईं और सभी को लोटपोट कर दिया। सुहास मिश्रा ने ने स्वरचित अतुकांत कविता सुनाई। ऋषि विश्वकर्मा ने अपनी ग़ज़लों से श्रोताओं की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों से लेकर सेवानिवृत सदस्य भी मौजूद रहे। अनुराग भरत ने वॉल्ट व्हिट्मैन की कविताओं का पाठ किया। निशान्त ने भी मैडागास्कर के कवि जीन-जोसेफ की कविताएं सभी को सुनाई। खुशी ने बोलवियन कवि जेमी साएंज़ की कविता का पाठ किया।

### कविताएं

शोर सवालों का
क्यों डर रहा है अंदर से, क्या जल रहा है अंदर से
एक टूटी कश्ती का, आज सामना है समंदर से
भाग भाग भाग तू, भाग जब तक भाग सके
रात होगी और अंधेरी, जाग जब तक जाग सके
स्व स्वयं का साथ दे, आज खुद को मात दे
मत पूछ मित्र कौन है, मित्र वही जो साथ दे
आज हवाएं मोड़ दे, सारी दीवारें तोड़ दे
साक्षात ही सत्य है, सारी कहानियां जोड़ दे

**- सृष्टि पारधे**

प्रीत का गीत कैसे सुनाऊं बता
छंद के छंद कहने लगेगी व्यथा
लौटने की घड़ी दूर जाने लगघटा
जब विरह की घटा और छाने लगे
तब दिखेगी मेरी काव्य-ज्योति प्रखर
मौन तेरे अधर

**- शुभम उमरझरे**

---

## मधुर आलाप से शुरू हुआ कार्यक्रम, सूफी गीतों और भजनों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

# सूफियाना सुरों से सजी रवींद्र भवन की शाम, लखविंदर वडाली ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के प्रतिष्ठित रविन्द्र भवन में आयोजित संगीत संध्या उस वक्त यादगार बन गई, जब मंच पर सूफियाना गायकी के मशहूर स्वर लखविंदर वडाली ने अपनी आवाज़ का जादू बिखेरा। शाम ढलते ही सभागार सुरों, तालियों और वाह-वाह से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत शांत, मधुर आलाप से हुई, जिसने धीरे-धीरे पूरे माहौल को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। जैसे-जैसे लखविंदर वडाली अपनी प्रस्तुति में आगे बढ़ते गए, श्रोताओं की भावनाएं भी सुरों के साथ बहने लगीं। सूफी कलाम, भजन और लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**यादगार बनी संगीत की यह शाम**

लखविंदर वडाली की यह प्रस्तुति सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव बन गई, जिसने संगीत प्रेमियों को आत्मिक सुकून और आनंद का एहसास कराया।



### हर सुर में बसी रूहानी मिठास उनकी गायकी की खासियत

गहराई, भाव और सादगी-हर प्रस्तुति में झलकती रही। कभी सूफियाना रंग, तो कभी प्रेम और भक्ति की अनुभूति हर गीत ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया। दर्शक झूमते नजर आए और कई बार तालियों की गूंज ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। सभागार में मौजूद संगीत प्रेमियों ने पूरे जोश के साथ कलाकार का स्वागत किया। कई श्रोता गीतों के साथ गुनगुनाते नजर आए, तो कुछ अपनी भावनाओं को तालियों और मुस्कान के जरिए व्यक्त करते दिखे।

**सूफी गायक लखविंदर वडाली ने हरिभूमि से साझा किए मंच के आध्यात्मिक अनुभव**

## 'स्टेज पर जाते ही खुद को नहीं, ऊपरवाले को महसूस करता हूं'



हरिभूमि चर्चा

**भोपाल।** सूफियाना गायकी के लिए पहचाने जाने वाले लखविंदर वडाली का मानना है कि संगीत केवल कला नहीं, बल्कि एक रूहानी जुड़ाव है। जब उनसे पूछा गया कि स्टेज पर जाते समय वह क्या महसूस करते हैं, तो उन्होंने बेहद भावुक अंदाज़ में कहा,'जब मैं परफॉर्म नहीं करता हूं', तब मैं कुछ और होता हूं। लेकिन जैसे ही स्टेज पर जाता हूं, मैं बिल्कुल बदल जाता हूं। एक अजीब सी रूहानी शक्ति का एहसास होता है, जैसे भगवान के साथ एक केमेस्ट्री बन जाती है। उस वक्त बस मैं स्टेज पर होता हूं, बाकी सब ऊपरवाला करता है। हर प्रस्तुति के बाद उन्हें एक अलग ही अनुभूति होती है। सब कुछ किसी दिव्य शक्ति के हाथ में लगता है।

यह बात सूफी गायक लखविंदर सिंह वडाली रविवार को हरिभूमि से एक विशेष बातचीत में कही, वे रविवार को राजधानी में थे और रविंद्र भवन में आयोजित संगीत संध्या में हिस्सा लेने आए थे। अपने करियर के अनुभव साझा करते हुए लखविंदर वडाली ने बताया कि उन्हें देश के कई प्रतिष्ठित मंचों पर गाने का अवसर मिला है। 'यह सब ऊपरवाले की कृपा है कि मुझे इतनी बड़ी-बड़ी जगहों पर परफॉर्म करने का मौका मिला। हाल ही में मैंने ताजमहल और लाल किला जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर प्रस्तुति दी, जो अपने आप में एक अद्भुत अनुभव रहा।'

### अच्छा संगीत सुनें, प्यार बांटें

फैंस और श्रोताओं के लिए संदेश में वडाली ने कहा कि 'मैं बस अपने लोगों से यही कहना चाहूंगा कि अच्छा संगीत सुनें, प्यार बांटें और संगीत को दिल से महसूस करें।

## खूब सजी भोपाली तहज़ीब की शाम



# भोपाल की खूबसूरत गंगा-जमुनी तहज़ीब का दुबई में शानदार जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर बेगम्स ऑफ भोपाल के दुबई चैप्टर द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। परंपरा, संस्कृति, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को समर्पित इस आयोजन में भोपाल की गंगा-जमुनी तहज़ीब की खूबसूरत झलक देखने को मिली।

### पारंपरिक परिधानों में पुरानी रिवायतों और इत्र की महक

पारंपरिक परिधानों में सजी 75 महिलाओं ने मानो भोपाल की पुरानी रिवायतों को दुबई की धरती पर साकार कर दिया। आयोजन स्थल की सजावट में मेहंदी, चूड़ियां, पानदान, पान, सरौता, मुखवास कोन और इत्र जैसे पारंपरिक तत्वों ने उस सांस्कृतिक सुगंध को बिखेरा, जो भोपाली पहचान की आत्मा मानी जाती है। भोपाल की संस्कृति पर आधारित रोचक गेम्स और क्विज़ ने प्रतिभागियों के भीतर छिपी स्मृतियों को भी ताज़ा किया। वहीं, बॉलीवुड गीतों पर लाइव म्यूज़िक ने माहौल को उमंग से भर दिया।



### इन्हें मिला विशेष सम्मान...

प्रतिभागियों की प्रस्तुति, व्यक्तित्व और सहभागिता के आधार पर सम्मान प्रदान किए गया। 'बेगम-ए-महफ़िल' का खिताब फ़ैज़ा ज़ीशान, 'दीवा ऑफ द ईवनिंग' डॉ. उज़मा खान, 'रौनक-ए-महफ़िल' अम्बरीन खान को दिया गया।

---

## पांचवी पुण्यतिथि पर आयोजन

# ज़हीर कुरैशी के व्यक्तित्व की गहराई समुद्र जैसीः संतोष चौबे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**भोपाल इकाई ने किया याद**

वरिष्ठ ग़ज़लकार ज़हीर कुरैशी की पांचवी पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर साहित्यिक संस्था ओपन बुक्स ऑनलाइन की भोपाल इकाई ने उनको स्मरण करते हुए, कल रविवार को गौतम नगर स्थित एक निजी होटल में एक कार्यक्रम 'हिन्दी ग़ज़ल के बहाने-ज़हीर कुरैशी' आयोजित किया। सर्वप्रथम माँ शारदे एवं ज़हीर कुरेशी के तस्वीर पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे ने ज़हीर कुरैशी से साथ अपने पुराने संबंधों को याद किया एवं हिन्दी ग़ज़ल की यात्रा में अमीर खुसरो, कबीर, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र के साथ निराला आदि को याद किया। उन्होंने कहा कि ज़हीर कुरैशी की ग़ज़लों और साहित्य में समुद्र और नदी का बहुत उल्लेख हुआ है, जिससे यह सिद्ध होता है कि ज़हीर का व्यक्तित्व समुद्र जैसा गहरा है।

विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय शायरा अंजुम रहबर ने कहा कि ग़ज़ल के क्षेत्र सर्वोच्च स्थान रखते हुए भी उनका सादगी से भरा व्यवहार सबका प्रिय बनाता है।सारस्वत अतिथि ज़हीर कुरैशी के पुत्र समीर कुरैशी अपने पिता के बारे में बोलते हुए भावुक हो गए और कहा कि कैसे उनके पिता नियम को सर्वाधिक महत्व देते हुए उनकी परवरिश की। विशेष अतिथि दुष्यंत कुमार के पुत्र आलोक त्यागी ने ज़हीर कुरैशी की ग़ज़ल यात्रा को याद किया और कार्यक्रम संयोजक और ज़हीर कुरैशी के शिष्य मनीष बादल की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनीष ने ग़ज़ल के क्षेत्र में गुरु शिष्य परंपरा को वापस से ज़िंदा किया है। संस्था के अध्यक्ष अशोक निर्मल ने सभी मंचाधीन अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के चुनिंदा वरिष्ठ साहित्यकार महेश सक्सेना, डॉ किशन तिवारी, ममता वाजपेयी, दिनेश प्रभात, प्रेमचंद गुप्ता, कमलेश नूर, प्रियेश गुप्ता आदि द्वारा अपनी और ज़हीर कुरैशी की ग़ज़लों का पाठ किया।

हैंड्स-ऑन एक्टिविटी से आसान तरीके से समझे वैज्ञानिक सिद्धांत, समर वर्कशॉप

# फैमिली साइंस कॉर्निवल में बच्चों ने सीखे विज्ञान के मजेदार अंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समर वैकेशन के दौरान आंचलिक विज्ञान केन्द्र द्वारा अवकाश कालीन रचनात्मक विज्ञान कार्यशाला-2026 का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में रविवार को 'फैमिली साइंस कार्निवलः हैंड्स-ऑन एक्टिविटी कार्यशाला' आयोजित हुई, जिसमें बच्चों और उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने अलग-अलग गतिविधियों के जरिए विज्ञान को आसान और मजेदार तरीके से समझा। बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर प्रयोग किए और सीखने का नया अनुभव हासिल किया। इस दौरान न केवल बच्चों का ज्ञान बढ़ा, बल्कि परिवार के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिला।

कार्यशाला का उद्देश्य विज्ञान को रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ना और उसे सरल व रोचक बनाना था। प्रतिभागियों ने सभी गतिविधियों में रुचि दिखाई और विज्ञान के प्रति अपनी जिज्ञासा बढ़ाई। यह समर वर्कशॉप बच्चों के लिए छुट्टियों का सही उपयोग करने और उनके सर्वांगीण विकास में मददगार साबित हो रही है।





## पॉलिटेक्निक सभागार में हुआ आयोजन

# थ्री स्टार म्यूजिकल नाइट में सजी सुरों की महफिल, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पॉलिटेक्निक सभागार में रविवार को थ्री स्टार म्यूजिकल नाइट का भव्य आयोजन किया गया। जहां कार्यक्रम में शहर के कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों का दिल जीत लिया। संगीत संध्या में नूर भाई और असमत जी ने 'मुझे कितना प्यार है तुमसे', मुजाहिद सिद्दीकी और असमत जी ने 'आजा शाम होने आई', जगदीश भाई और चाहत ने 'तूने कैसा है वेश छिपाया' और लईक भाई व फरहत ने 'यूं ही तुम मुझसे बात' जैसे गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।

इसके अलावा साबिर भाई और नगमा ने 'कैसी लग रही हूं' और खेरिया जी और चाहत ने 'तेरा मेरा मेरा तेरा' गाकर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में अतीक भाई, हसीब भाई, तालिब भोपाली, उदय भाई, नईम मामू, सिद्दीकी भाई और शकील ने भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध एंकर बद्र वास्ती ने किया, जबकि मुजाहिद सिद्दीकी ने को-ऑर्डिनेटर के रूप में अहम भूमिका निभाई।




**आयोजन में तमिल समुदाय के लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा**

# तमिल एक्सीलेंस अवार्ड्स से प्रतिभाओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को तमिल संगम (बीटीएस) द्वारा तमिल नव वर्ष के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पहली बार 'बीटीएस तमिल एक्सीलेंस अवाड्र्स' भी दिए गए। कार्यक्रम बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल परिसर में आयोजित हुआ।

इस आयोजन में तमिल समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिक सोच का सुंदर मेल देखने को मिला। कार्यक्रम के अध्यक्ष पी. राजू ने कहा कि यह आयोजन समुदाय के लिए गर्व का विषय है और इससे आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से जुड़ने का मौका मिलेगा। वहीं महासचिव ए. स्वामी दुरई ने कहा कि लोगों की भागीदारी से समुदाय की एकता और मजबूत हुई है।



कार्यक्रम में कई प्रमुख अतिथि शामिल हुए, जिनका सम्मान किया गया। अवार्ड समारोह में छात्र वर्ग में कई बच्चों को सम्मानित किया गया, वहीं विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को पुरस्कार दिए गए। सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को भी विशेष सम्मान मिला। कार्यक्रम के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भरतनाट्यम, कर्नाटक संगीत और लोक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।

**कई बच्चों का सम्मान**








### बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री मोदी, टीएमसी के साथ ही कांग्रेस पर किया बड़ा हमला

# टीएमसी के गुंडे 4 मई से पहले कर दें आत्मसमर्पण, परिणाम आने के बाद किसी को नहीं बक्शा जाएगा,महिलाओं को मिलेगा घर व उत्पाती होंगे बेघर

टीएमसी की 'निर्मम सरकार' के खिलाफ लोगों के गुस्से में जोश झलक रहा है। भाजपा महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का पर्याय है। देश के विकास को सुनिश्चित करने हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं राजनीति में शामिल हों।



एजेंसी ▶▶ बांकुरा

पश्चिम बंगाल के चुनावी रण में प्रधानमंत्री मोदी बांकुरा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राज्य की सत्ताधारी दल टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी की 'निर्मम सरकार' के खिलाफ लोगों के गुस्से में जोश झलक रहा है।भाजपा महिला सशक्तिकरण, उनकी सुरक्षा और संरक्षा का पर्याय है। देश के विकास को सुनिश्चित करने के लिए हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक महिलाएं राजनीति में शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा कि मैं टीएमसी के गुंडों को चुनाव से पहले पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करने का आखिरी मौका देता हूं, क्योंकि परिणाम आने के बाद किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। चुनाव में जनता टीएमसी के 'भय' को खत्म करेगी और भाजपा के 'भरोसे' को जनादेश देगी। बंगाल में भाजपा सत्ता में आती है, तो वह पीएमएवाई के तहत महिलाओं को घर बनाने के लिए 1.5 लाख रुपए तक की सहायता प्रदान करेगी।

## बहनों को सालाना 36,000 रुपए देंगे, 5 लाख तक का मुफ्त इलाज भी मिलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो महिलाओं को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। बंगाल की बहनों को हर साल 36,000 रुपए मिलेंगे। गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे। बेटियों की शिक्षा के लिए 5,000 रुपए देगी। मुद्रा योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 20 लाख रुपए मिलेंगे। कृषि से जुड़ी महिलाओं को सालाना 9,000 रुपए अतिरिक्त मिलेंगे।



पश्चिम बंगाल में रोड शो के दौरान जनता का अभिवादन करते पीएम मोदी

महिला आरक्षण बिल पारित न होने पर बरसे

### तमिलनाडु में बोले सारे विपक्ष ने ओछी राजनीति की

प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण विधेयक के विरोध को लेकर द्रमुक पर कड़ा प्रहार किया है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि द्रमुक ने समर्थन करने के बावजूद यू-टर्न ले लिया है। उन्होंने तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी पर महिला कल्याण की जगह राजनीति को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

## झारग्राम में बोले- आदिवासियों की भूमि पर टीएमसी ने कब्जा किया

झारग्राम में प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी की निर्मम सरकार को आपने 15 साल दिए, 15 साल कम समय नहीं होता। आदिवासी क्षेत्रों को क्या मिला? न पढ़ाई, न कमाई, न दवाई और न सिंचाई। यहां सब कुछ बेहाल है। ये लोग अपनी तिजोरियां भरने में लगे हैं। यहां आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ भूमि पर टीएमसी ने कब्जा कर रखा है।

### इसलिए लोग भाजपा पर भरोसा कर रहे

जब भी भय और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंचते हैं, लोग भाजपा पर भरोसा करते हैं और उसे चुनते हैं। हम बंगाल में भी यही देख रहे हैं। बंगाल के लोगों ने अपना मन बना लिया है, इसलिए मैं कहता हूं कि भय को त्यागें, विश्वास को अपनाएं।



### सीएम स्टालिन ने जारी किया द्रविड़ मॉडल 2.0 घोषणापत्र

## वैश्विक महानगर बनाने के साथ क्रांतिकारी बदलाव का वादा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री और डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने पार्टी मुख्यालय 'अन्ना अरिवालयम' में चेन्नई जिले के लिए विशेष 'चेन्नई सुपर-6' घोषणापत्र जारी कर दिया है। द्रविड़ मॉडल 2.0' के तहत पेश किए गए इस घोषणापत्र में चेन्नई को एक वैश्विक महानगर बनाने और बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा किया गया है।

**बेहतर सामुदायिक सुविधाएं देंगे**

- स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम
- समय पर इंफ्रास्ट्रक्चर
- स्ट्रे डॉग मैनेजमेंट
- टेक और जॉब्स पर फोकस
- ग्लोबल टैलेंट का हब

सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर साधा निशाना

## पीएम मोदी का भाषण झूठ का पुलिंदा



**कोलकाता।** बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित संबोधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मोदी के भाषणों से गरीबों को कोई राहत नहीं मिलती और वे सिर्फ झूठ का पुलिंदा हैं। उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश की बागडोर ऐसे लोगों के हाथ में है जो पहले तनाव फैलाते थे। लोगों को गुमराह किया। हम जिस बात का मूल रूप से विरोध करते हैं, वह है परिसीमन की प्रक्रिया, जिसे मोदी सरकार अपने निहित राजनीतिक एजेंडे के लिए महिलाओं को ढाल बनाकर थोपने की साजिश रच रही थी।

### सरमा के खिलाफ चुनाव आयोग के पास पहुंची टीएमसी, भड़काऊ भाषण देने का आरोप

टीएमसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। पार्टी ने आरोप लगाया कि उन्होंने पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ, ध्रुवीकरण करने वाले और आपराधिक रूप से धमकी भरे बयान दिए।

तमिलनाडु में गृहमंत्री शाह ने ललकारा

## कांग्रेस-डीएमके ने महिलाओं के साथ विश्वासघात किया



**इरोड।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के खिलाफ मतदान करने को लेकर कांग्रेस और डीएमके पर निशाना साधा। इरोड में कहा कि दोनों पार्टी महिलाओं को आरक्षण से वंचित कर विश्वासघात किया है। मोदी सरकार इस साजिश को सफल नहीं होने देगी और महिलाओं को न्याय जरूर दिलाएगी।

**एनडीए सरकार में राज्य में खत्म होगा भ्रष्टाचार**

शाह ने कहा कि अगर एआईएडीएमके और भाजपा की सरकार बनती है, तो राज्य में भ्रष्टाचार खत्म किया जाएगा और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार और खराब प्रशासन के आरोप भी लगाए।

### डीएमके पर परिवारवाद का लगाया आरोप

शाह ने सत्ता धारी डीएमके पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में सत्ता एक ही परिवार के इर्द-गिर्द घूम रही है।

नड्डा का टीएमसी पर सीधा वार

## 'पलटाओ' की हुंकार, सिंडिकेट कटमनी और भ्रष्टाचार होगा बंद



**शीतलकुची।** पंचायत समिति मैदान में विजय संकल्प सभा में जेपी नड्डा ने टीएमसी पर तीखा हमला बोला और बार-बार पलटाओ का नारा दिया। नड्डा ने आरोप लगाया कि बंगाल में सिंडिकेट राज और कटमनी की वजह से आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि हर काम के लिए अवैध वसूली का सिस्टम चल रहा है।

आदित्यनाथ ने दी चेतावनी

## भाजपा को धमकाने वाले... 4 मई के बाद सिखा देंगे सबक



**कूचबिहार।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बंगाल के कूचबिहार में रैली के दौरान टीएमसी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को धमकाने वालों को 4 मई के बाद कड़ा सबक सिखाया जाएगा और उनकी उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। कांग्रेस, वाम दलों पर भी निशाना साधा।

**खबर संक्षेप**

### खाई में गिरी बस, 3 की मौत, 5 गंभीर



**अजमेर।** यहां के पुष्कर मार्ग पर स्थित खतरनाक पुष्कर घाटी में रविवार दोपहर एक निजी बस चढ़ाई के दौरान अचानक अनियंत्रित हो गई और करीब 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। 5 घायल हैं। सभी अजमेर के फायसागर रोड इलाके के रहने वाले थे। ये एक ही परिवार और रिश्तेदार थे, जो पीसांगन में मायरा भरने की रस्म में शामिल होने जा रहे थे।

### टीएमसी के पूर्व सांसद त्रिवेदी बने हाई कमिश्नर



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए पश्चिम बंगाल के बैरकपुर के पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश का हाई कमिश्नर बनाने का फैसला किया है। त्रिवेदी भाजपा में आने से पहले ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं और टीएमसी कोटे से ही यूपीए सरकार में रेल मंत्री बने थे। बाद में वे भाजपा में शामिल हो गए। त्रिवेदी प्रणय वर्मा की जगह लेंगे।

### एक्टर पवन की तबीयत बिगड़ी, सर्जरी कराई



**चेन्नई।** साउथ के मशहूर एक्टर और आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण पिछले कुछ महीनों से हेल्थ इश्यू से जूझ रहे थे, लेकिन शुक्रवार को जब वह अपने ऑफिस का काम कर रहे थे, तभी उन्हें तेज तकलीफ महसूस हुई। हालत बिगड़ते ही उन्होंने तुरंत अपने सभी काम छोड़ दिए और अस्पताल पहुंच गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी एमआरआई की। ‌डॉक्टरों ने सर्जरी की सलाह दी थी।

## महिला आरक्षण बिल और परिसीमन विधेयक पर केंद्र सरकार ने दिए जवाब

# परिसीमन के आधार पर ही नारीशक्ति वंदन अधिनियम सुनिश्चित किया जा सकता था, सेट ऑफ एफएक्यू दिया

### महिलाओं को अभी से लाभ मिलना शुरू हो जाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण बिल से जुड़े कई अहम सवालों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए 14 सवालों का एक सेट ऑफ एफएक्यू जारी किया है।

यह कदम ऐसे समय आया है जब संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक और परिसीमन को लेकर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहती है। इसी पर सरकार ने विस्तृत स्पष्टीकरण दिया है।

### जनगणना और फिर उसके आधार पर परिसीमन होता तो आरक्षण का लाभ न मिलता

**1971** में जनसंख्या 54 करोड़ थी, आज 140 करोड़ के ऊपर हो गई



खरगे ने पूछा ये अहम सवाल

### 'हम महिला आरक्षण के साथ हैं, पर...'



बेंगलुरु में कार्यकरम में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र और प्रधानमंत्री पर हमला बोला। हम आरक्षण के पक्षधर, तरीका गलत था।

जयराम ने साधा निशाना

### पीएम मोदी का संबोधन पक्षपातपूर्ण और विवादास्पद रहा



जयराम रमेश ने पीएम राष्ट्र के नाम संबोधन को पक्षपातपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि एक मौजूदा प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन पवित्र होता है और यह एक निष्पक्ष संबोधन होता है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय संकल्प और आत्मविश्वास को बढ़ाना होता है।

**केंद्र सरकार ने बिंदुवार सवालों पर सरकार की मंशा स्पष्ट की**

- **16 अप्रैल को केंद्र सरकार ने लोकसभा में कौन से बिल पेश किए?**
16 अप्रैल को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन खास बिल पेश किए: संविधान (131वां संशोधन) बिल, 2026, डिलिमिटेशन बिल, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026।
- **तीनों विधेयक सदन ने अभी क्यों लाए गए?**
सरकार ने बताया गया कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम में यह प्रावधान किया गया है कि 2026 के बाद होने वाली जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन के आधार पर महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। अगर केंद्र सरकार 2026 जनगणना और फिर उसके आधार पर परिसीमन की प्रतीक्षा करती तो महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण का लाभ 2029 के आम चुनाव में भी नहीं मिल पाता।
- **इससे देश को क्या लाभ होता?**
सरकार ने बताया कि अगर ये तीनों विधेयक सदन से पारित हो जाते, तो महिलाओं को 2029 के लोकसभा चुनाव में ही 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल सकता था।
- **अभी परिसीमन की बात क्यों लाई गई?**
सरकार की ओर से कहा गया कि परिसीमन का अर्थ है किसी निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं में परिवर्तन। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिसीमन आवश्यक है। 1971 में भारत की जनसंख्या लगभग 54 करोड़ थी। आज यह 140 करोड़ है।
- **सीटों की संख्या 850 करने के कारण ?**
सरकार ने बताया कि यह प्रस्ताव जनसंख्या के अनुपात में सीटों के विस्तार पर आधारित था। एक समान 50 प्रतिशत बढ़ोतरी से सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों का अनुपात अभी की तरह बना रहता।
- **राज्यों या छोटे राज्यों को नुकसान होता?**
सरकार ने साफ किया कि दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व में कोई कमी नहीं आती, बल्कि बढ़ जातीं।
- **सरकार राजनीतिक लाभ लेना चाहती थी?**
सरकार ने परिसीमन आयोग अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं किया।
- **जाति जनगणना को टालने के लिए लाए?**
सरकार ने साफ किया कि वह 3 महीने पहले ही जाति जनगणना की समयबद्ध प्रक्रिया शुरू कर चुकी है, इसलिए इसे टालने का कोई प्रश्न नहीं उठता।
- **2024 में लागू क्यों नहीं कर दिया?**
सरकार का कहना है कि आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन आवश्यक है।
- **नए परिसीमन से राज्यों को नुकसान होता?**
सरकार ने बताया कि नहीं, नए परिसीमन प्रस्ताव से जनसंख्या नियंत्रण करने वाले राज्यों को कोई नुकसान नहीं होता। इससे सीटें मौजूदा संख्या से और बढ़ जातीं। प्रतिनिधित्व बढ़ जाता।
- **एससी-एसटी को नुकसान पहुंचता?**
संविधान में समय-समय पर परिसीमन का प्रावधान है। और इसी प्रक्रिया के माध्यम से एससी-एसटीसहित विभिन्न वर्गों के लिए सीटों का पुनर्निर्धारण और वृद्धि होती है। किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता।
- **मुस्लिम के लिए अलग से कोटा क्यों नहीं?**
सरकार ने बताया कि भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। आरक्षण की नीतियां संविधान में निर्धारित सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन पर आधारित हैं।
- **2023 में महिला आरक्षण विधेयक क्यों लाया गया?**
सरकार ने कहा कि 2023 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिला आरक्षण विधेयक लेकर आई। नए संसद भवन में यह विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ और राज्यसभा से भी इसे मंजूरी मिली।
- **अलग से 'केंद्र शासित प्रदेश विधेयक' क्यों लाया गया था?**
सरकार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, दिल्ली और पुडुचेरी की विधानसभाएं अलग 'यूटी एक्ट' से संचालित होती हैं। इन विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए जम्मू-कश्मीर में लगभग 38, दिल्ली में 23 और पुडुचेरी में 10 सीटें आरक्षित करने के लिए यह तकनीकी संशोधन अनिवार्य था, इसीलिए अलग से केंद्र शासित प्रदेश विधेयक' लाया गया।

## देशभर में मौसम का मिजाज बदला, बादलों की लुका छिपी शुरू

# यूपी-बिहार में तांडव, पहाड़ी इलाकों में बारिश होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में मौसम का मिजाज बदल रहा है। कहीं पर तेज चमकदार धूप निकल रही है, तो कहीं पर बादल चमक रहे हैं। बादलों की लुका-छिपी की मौसम विभाग ने फिर से पहाड़ी राज्यों समेत कई मैदानी इलाकों में झमाझम बरसात का अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में 3 दिन तक गर्मी का तांडव हो सकता है। विभाग ने लू चलने की चेतावनी दी है। बांदा, चित्रकूट और कौशांबी, प्रयागराज, मिर्जापुर आदि गर्म रहेंगे।

### मौसम विभाग ने 10 राज्यों में चेतावनी जारी की



**बिहार में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा, लू के हालात**

बिहार में गर्मी का प्रकोप बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क और साफ रहेगा, जिसके चलते चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ सकता है। पछुआ हवाओं के सक्रिय होने के कारण वातावरण में कनकनी कम होगी और लू जैसी स्थिति महसूस हो सकती है।

**छग- मध्य प्रदेश में बारिश के आसार**

भीषण गर्मी से जूझ रहे मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी मध्य प्रदेश में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की संभावना है।

### राजनांदगांव और वर्धा रहे सबसे गर्म शहर

देश में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में तापमान 45 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को देश के 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी का बांदा 44.6, तेलंगाना का आदिलाबाद 44.3, महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती 44.2 रहे। राजस्थान, यूपी, ओडिशा, तेलंगाना के कई शहरों में 43 डिग्री पर पारा रहा।

नासिक स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज

## महिला कर्मचारी बुर्का नहीं पहनती इसलिए रेप हो रहा

### महिला कर्मचारी ने शिकायत दर्ज कराई

एजेंसी ▶▶ नासिक




यहां स्थित टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के ऑफिस में काम करने वाली एक महिला कर्मचारी ने उत्पीड़न को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला के अनुसार करीब 9 महीने तक उसके साथ लगातार छेड़छाड़, गंदी बातें, पीछा करना और गलत तरीके से छूने जैसी घटनाएं होती रहीं। जून 2025 से मार्च 2026 तक यानी करीब 9 महीने तक पांच सहकर्मियों ने उसके साथ हरकत की। उसने कहा कि महिलाएं बुर्का नहीं पहनतीं इसलिए रेप होता है।

## रूस ने दिया जबरदस्त ऑफर

# भारत में तैयार होंगे एसयू-57 लड़ाकू विमान, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की भी पेशकश

रूस की ओर से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर में सोर्स कोड तक पहुंच, स्थानीय सिस्टम इंटीग्रेशन और भविष्य में भारतीय तकनीकों को शामिल करने की अनुमति भी शामिल है। रूस ने यह भी संकेत दिया है कि शुरुआत में सेमी-नॉक्ड डाउन किट्स से उत्पादन शुरू होगा, लेकिन धीरे-धीरे इसमें भारतीय हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस ने भारत को पिछले एक दशक का सबसे बड़ा सैन्य विमानन प्रस्ताव दिया है। इस जबरदस्त प्रस्ताव के तहत भारत में कम से कम 100 एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट का संयुक्त उत्पादन करने की बात कही गई है, साथ ही व्यापक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की पेशकश भी शामिल है। इसमें सोर्स कोड तक पहुंच, स्थानीय सिस्टम इंटीग्रेशन और भविष्य में भारतीय तकनीकों को शामिल करने की अनुमति भी शामिल है। रूस ने यह भी संकेत दिया है कि शुरुआत में सेमी-नॉक्ड डाउन किट्स से उत्पादन शुरू होगा, लेकिन धीरे-धीरे इसमें भारतीय हिस्सेदारी बढ़ाई जाएगी।

रूसी तकनीकी टीम नासिक प्लांट का दौरा कर चुकी

रूस 100 विमानों के ऑर्डर पर जोर दे रहा


एसयू-57 लड़ाकू विमान

### नासिक में उत्पादन का प्रस्ताव

रूस ने सुझाव दिया है कि इन विमानों का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक प्लांट में किया जाए, जहां पहले से एसयू-30एमकेआई का लाइसेंस के तहत उत्पादन होता रहा है। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील के अनुसार, रूसी तकनीकी टीमों ने नासिक की सुविधाओं का आकलन किया है और पाया है कि करीब 50% मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर को एसयू-57 उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। बाकी के लिए नई निवेश की जरूरत होगी।

### बड़े ऑर्डर की रूस की शर्त

*रूस कम से कम 100 विमानों के ऑर्डर पर जोर दे रहा है। उसका मानना है कि इससे कम संख्या में उत्पादन करने पर नई स्टेल्थ फाइटर उत्पादन सुविधा बनाना आर्थिक रूप से लाभदायक नहीं होगा। इस प्रोजेक्ट में विशेष टूलिंग, रडार-अवशोषक कोटिंग, एडवांस एवियोनिक्स और इंजन सपोर्ट जैसी महंगी तकनीकों में निवेश करना पड़ेगा।*

### नासिक बनेगा स्टेल्थ हब

*रूस नासिक को एसयू-57 के लिए एक विशेष मैन्युफैक्चरिंग हब में बदलना चाहता है। यहां पहले से रूसी विमानों के साथ काम करने का दशकों का अनुभव मौजूद है, जिससे लागत और समय दोनों कम हो सकते हैं। हालांकि, नई असेंबली लाइन, कंपोजिट मटेरियल सुविधाएं, सॉफ्टवेयर लैब और स्टेल्थ कोटिंग वर्कशॉप के लिए अतिरिक्त निवेश जरूरी होगा।*

दुश्मन की हर चाल होगी बेनकाब!

## गरुड़ कमांडो को मिलेंगे नए हाई-टेक यूएवी



भारत सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की गरुड़ स्पेशल फोर्स के लिए अत्याधुनिक माइक्रो यूएवी सिस्टम की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह हाई-टेक ड्रोन दुर्गम पहाड़ी इलाकों, बर्फीली ऊंचाइयों और कठिन मौसम में भी दुश्मन की हर गतिविधि पर नजर रखने में सक्षम होगा। यह प्रस्तावित माइक्रो यूएवी 16,400 फीट तक की ऊंचाई पर ऑपरेट कर सकेगा। इसे खास तौर पर हाई-एल्टीट्यूड (समुद्र तल से बहुत ऊंचाई वाले स्थान) सर्विलांस और ऑपरेशनल सपोर्ट के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि सीमा और संवेदनशील क्षेत्रों में बेहतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके। यह सिस्टम माइनस 20 डिग्री से लेकर प्लस 50 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान में काम करेगा। यानी बर्फीले पहाड़ों से लेकर रेगिस्तान तक हर परिस्थिति में यह यूएवी प्रभावी रहेगा।

### इसे चलाने के लिए दो लोग काफी

रक्षा मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट के तहत 'माइक्रो यूएवी' सिस्टम की खरीद के लिए रिक्वेस्ट फॉर इंफॉर्मेशन (आरएफआई) जारी की है। यह यूएवी एक कॉम्पैक्ट और हल्का प्लेटफॉर्म होगा, जिसे दो लोगों की टीम आसानी से लेकर चल और ऑपरेट कर सकेगी। इसमें ऑटोनोमस वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग, एनक्रिप्टेड कम्युनिकेशन और ऑटो, मैनुअल व टारगेट ट्रैकिंग जैसे मल्टीपल मोड्स होंगे।

## खबर संक्षेप

### गोली लगने से आरएसी जवान की मौत

**जयपुर।** राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी (आरएसी) के एक जवान की रविवार सुबह जयपुर केंद्रीय कारागार परिसर में गोली लगने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। लालकोठी थाने के प्रभारी प्रकाश विश्नोई ने बताया कि आरएसी के कांस्टेबल गिरधारी की ड्यूटी जेल परिसर में लगी हुई थी और उसे उसकी सर्विस राइफल से गोली लगी। प्राथमिक जांच में यह मामला आकस्मिक गोली लगने का प्रतीत हो रहा है। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य कर्मी मौके पर पहुंचे और गिरधारी को खून से लथपथ हालत में पाया।



### श्रीनगर में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के श्रीनगर एयरपोर्ट पर दो अमेरिकी नागरिकों के पास से सैटेलाइट फोन मिलने के बाद उन्हें जांच एजेंसियों से हिरासत में लिया है। जांच एजेंसियां दोनों नागरिकों से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन लेकर चलने के बाद में पूछताछ कर रही हैं। हो सकता है कि इन दोनों अमेरिकी नागरिकों को इस बारे में पता नहीं हो, लेकिन चूंकि पूरा मामला बेहद संवेदनशील है। इसलिए इस मामले की जांच की जा रही है। पहलगाम आतंकी हमले का एक साल पूरा होने के लेकर पूरे जम्मू कश्मीर में अलर्ट है।



### टाटा: गैर-पारसियों के ट्रस्टी बनने पर लगी रोक हटेगी

**नई दिल्ली।** टाटा साम्राज्य की परोपकारी संस्था टाटा ट्रस्ट ने रविवार को एक दूरगामी फैसला लिया है। ट्रस्ट ने बाई हीराबाई जमशेदजी टाटा नवसारी चैरिटेबल इंस्टीट्यूशन (बाई हीराबाई ट्रस्ट) के ट्रस्टी बनने की पात्रता शर्तों में मौजूद भेदभावपूर्ण नियमों को बदलने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने का एलान किया है। इसमें सबसे प्रमुख मुद्दा गैर-पारसी व्यक्तियों के ट्रस्टी बनने पर लगी पाबंदी को हटाना है। टाटा ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मेहली मिस्त्री ने महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर के पास एक शिकायत दर्ज कराई थी।



## इस्लामाबाद में सड़कें सील, लॉकडाउन जैसे हालात, सेरेना और मेरियट होटल खाली करवाए गए

# शांति वार्ता के लिए अमेरिकी प्रतिनिधि दल कल पहुंचेगा पाकिस्तान, ईरान अभी अड़ा

### इस बार उपराष्ट्रपति जेडी वेंस नहीं जाएंगे

*ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक जब तक ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी, तब तक पाकिस्तान में बातचीत के लिए कोई डेलिगेशन नहीं भेजा जाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि जब हम नहीं गुजर सकते, तो दूसरों के लिए भी यह संभव नहीं है*

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

अमेरिका और ईरान के बीच स्थायी युद्धविराम के मुद्दे पर दूसरे दौर की वार्ता मंगलवार को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में कहा कि मेरे प्रतिनिधि कल शाम तक बातचीत के लिए इस्लामाबाद, पाकिस्तान जा रहे हैं। वहीं, ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर शामिल होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पाकिस्तान नहीं जाएंगे।

दूसरी ओर, ईरान ने वहां अपने प्रतिनिधियों को भेजने से इनकार कर दिया है। ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम के मुताबिक जब तक ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी, तब तक पाकिस्तान में बातचीत के लिए कोई डेलिगेशन नहीं भेजा जाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने कहा कि जब हम नहीं गुजर सकते, तो दूसरों के लिए भी यह संभव नहीं है। ईरान ने वार्ता प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजने का निर्णय लिया है।

एक अन्य घटनाक्रम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार शाम ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों के बीच लगभग 45 मिनट तक बात हुई।

उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा टीम इस्लामाबाद पहुंची

दो अमेरिकी कार्गो विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरे हैं


इस्लामाबाद में सड़कें सील की गईं

### इस्लामाबाद-रावलपिंडी में ट्रैफिक बंद

इससे पहले उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की सुरक्षा टीम इस्लामाबाद पहुंची है। दो अमेरिकी कार्गो विमान रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस पर उतरे हैं। इस्लामाबाद और इससे 15 किमी दूर रावलपिंडी में ट्रांसपोर्ट सेवाओं पर भी रोक लगा दी गई है। रावलपिंडी डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने सभी तरह के ट्रांसपोर्ट पर रोक लगाने का आदेश दिया है। हालांकि बाद में कहा कि इस व्यवस्था में निजी वाहनों को छूट मिलेगी। वहीं इस्लामाबाद डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने भी भारी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की आवाजाही पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा जा रहा है कि ये सुरक्षा प्रतिबंध 10 दिन तक लागू रह सकते हैं।

#### बड़े होटलों ने बुकिंग बंद की

इस्लामाबाद के बड़े होटलों ने कोई भी बुकिंग लेने से मना कर दिया है। लग्जरी मोवेनपिक होटल में इस हफ्ते के लिए कोई कमरा खाली नहीं है। पिछली वार्ता के दौरान यही होटल मीडिया के लोगों से भरा हुआ था। वहीं, सेरेना होटल अब नई बुकिंग नहीं ले रहा है। सेरेना में अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की बातचीत हुई थी। इतना ही नहीं, सेरेना और मैरियट होटल में ठहरे हुए मेहमानों को भी रविवार रात से दूसरे ठिकानों पर जाने के लिए कहा गया है। इससे यह साफ होता है कि इन होटलों को किसी खास काम के लिए खाली कराया जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने दी फिर चेतावनी

#### डील नहीं, तो हर पावर प्लांट-पुल पर हमला

ट्रंप ने कहा कि हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित समझौता पेश कर रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि वे इसे स्वीकार करेंगे क्योंकि, अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिका ईरान के हर एक पावर प्लांट और हर एक पुल को ध्वस्त कर देगा। अब और नरमी नहीं! ट्रंप ने कहा कि ईरान ने कल होर्मुज जलडमरूमध्य में गोलियां चलाईं, यह हमारे युद्धविराम समझौते का घोर उल्लंघन है!

ईरानी संसद के स्पीकर का बड़ा दावा

#### यूएस का एफ-35 विमान और 180 ड्रोन मारे

**तेहरान।** ईरान ने एक बार फिर अपनी सैन्य क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि उनके बलों ने करीब 180 ड्रोन को निष्क्रिय किया और अमेरिकी एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि यह ईरान की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता का उदाहरण है। यह कार्रवाई कई स्तरों पर की थी।



**दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमले जारी:** लेबनान में जारी युद्धविराम के बावजूद इजराइली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी हिस्से में हवाई और तोपखाने हमले किए हैं। इजराइली सेना ने इन कार्रवाईयों को खतरे के खिलाफ उठाया गया कदम बताया है, जो कथित तौर पर नई येलो लाइन के दक्षिण में स्थित थे।

## पेजेशकियान ने यूएस को दिखाई आंख

# कहा- ट्रंप कौन? न्यूक्लियर प्रोग्राम ईरान का अधिकार



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने अपने देश के परमाणु कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की कोशिशों को सही ठहराने को लेकर चुनौती दी है। यह सवाल ईरानी राष्ट्रपति ने कानूनी तौर पर उठाया है। पेजेशकियान ने इसे एक तरह से बाहरी दखल करार दिया है। अमेरिका लगातार ईरान पर परमाणु कार्यक्रम रोकने को लेकर दबाव बनाया हुआ है। ईरान के राष्ट्रपति बोले, परमाणु कार्यक्रम किस जुर्म के लिए रोकें? वॉशिंगटन के पास देश से उसके टेक्नोलॉजिकल हक छीनने की कोशिश करने का कोई सही कारण नहीं है। राष्ट्रपति ने अमेरिकी प्रशासन को निशाने पर लेते हुए कहा कि ट्रंप कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता। यह नहीं बताते कि किस जुर्म के लिए? वह कौन होते हैं। किसी देश को उसके अधिकारों से दूर रखने वाले?

### संवर्धित यूरेनियम पर मदद को तैयार रूस



रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसाटॉम के प्रमुख एलेक्सी लिक्हाचेव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस, ईरान से संवर्धित यूरेनियम को बाहर ले जाने में मदद करने के लिए तैयार है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और ईरान के बीच संभावित परमाणु समझौते को लेकर चर्चाएं तेज हैं। एलेक्सी लिक्हाचेव ने कहा कि तकनीकी मुश्किलों के अलावा, अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले भविष्य के समझौते में भरोसे का मुद्दा सबसे अहम है। इस मामले में सिर्फ रूस के पास ईरान के साथ अच्छे सहयोग का अनुभव है। 2015 में ईरान के कहने पर हम पहले भी संवर्धित यूरेनियम ले गए थे और आज भी हम इसमें मदद करने के लिए तैयार हैं।' यानी रूस पहले भी इस तरह की प्रक्रिया में शामिल रह चुका है और दोबारा वही भूमिका निभाने को तैयार है।

### अरबों का यूरेनियम अमेरिका देगा नेपाल!



अमेरिका के एक शीर्ष राजनयिक समीर पॉल कपूर सोमवार को नेपाल पहुंच रहे हैं। समीर पॉल कपूर अमेरिका के दक्षिण और मध्य एशिया के लिए विदेश विभाग के सहायक सचिव हैं। उनके दौरे का मकसद बालेन शाह के प्रशासन के साथ जुड़ना है। वो तीन दिनों तक नेपाल में रहेंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार नेपाल के 'लो मान्थांग' (मुस्तांग) में यूरेनियम की एक बड़ी खान होने की पुष्टि की थी। यहां का यूरेनियम 'मीडियम ग्रेड' का है, जिसे ऊर्जा और रणनीतिक उद्देश्यों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। नेपाल सरकार के पास वर्तमान में यूरेनियम निकालने या उसे प्रोसेस करने के लिए जरूरी तकनीक, पैसा और इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कुछ गोपनीय दस्तावेजों से पता चलता है कि मार्च 2026 में 'पैक्स सिलिका' गठबंधन के तहत अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया को यूरेनियम प्रोसेसिंग के लिए विशेष अधिकार दिए जा सकेंगे। इसके लिए सैद्धांतिक सहमति दे दी गई है।

## नेशनल हेराल्ड मामला

# सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है। अदालत ने अपने आदेश में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया गया था। मामला सुनवाई के लिये न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के समक्ष सूचीबद्ध है। 22 दिसंबर को उच्च न्यायालय ने गांधी परिवार और अन्य को मुख्य याचिका के साथ-साथ ईडी के उस आवेदन पर भी नोटिस जारी किया था जिसमें 16 दिसंबर, 2025 के अधीनस्थ अदालत के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। अधीनस्थ अदालत ने कहा था कि इस मामले में एजेंसी की शिकायत का संज्ञान लेना 'कानूनी रूप से अस्वीकार्य' है क्योंकि यह प्राथमिकी पर आधारित नहीं है।



# कोलंबो पहुंचे उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके से की मुलाकात, परियोजनाओं पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को यहां श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके से मुलाकात की और भारतीय आवास परियोजना एवं मछुआरों के मुद्दों सहित दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसी देशों के बीच विभिन्न पहलों पर चर्चा की। कोलंबो के भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खेल मंत्री सुनील कुमार गामागे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने 49 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आए उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का स्वागत किया। राधाकृष्णन ने कहा कि दोनों नेताओं ने साझा इतिहास और मजबूत सभ्यतागत रिश्तों पर आधारित बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को प्रगाढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की। दोनों नेताओं ने व्यापक चर्चा की, जिनमें भारतीय आवास परियोजना और चक्रवात दित्वा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज के तहत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाएं शामिल हैं।



## बाढ़ राहत से बचाव का प्रशिक्षण


**गुवाहाटी।** असम के गुवाहाटी में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और एसएसबी द्वारा आयोजित संयुक्त बाढ़ राहत अभ्यास 'जल राहत' के दौरान एक एनडीआरएफ कर्मी छात्रों को बचाव उपकरण की जानकारी देता हुआ।

## 2.5 लाख रुपए की ड्रोन आयात रिश्वत मामला

# सीबीआई ने डीजीसीए के डिप्टी डीजी और निजी कंपनी के अधिकारी को अरेस्ट किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक अन्य निजी कंपनी के लिए ड्रोन आयात की सुविधा प्रदान करने के बदले कथित तौर पर 2.5 लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुख्यालय में 'एयरवर्दीनेस डायरेक्टरेट' के उप महानिदेशक मुदावथ देवुला को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।




### रिश्वत की पूरी राशि बरामद की

शनिवार को की गई कार्रवाई में सीबीआई ने बताया कि आरोपी डीजीसीए के अधिकारी ने कथित तौर पर एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए डीजीसीए के पास लंबित आवेदनों की मंजूरी और संबंधित आदेश जारी करने के बदले में निजी व्यक्तियों से अनुचित लाभ की मांग की थी। रिश्वत की पूरी राशि भी जब्त कर ली गई है।

### 37 लाख रुपए नकदी और सोने-चांदी के सिक्के जब्त

सीबीआई ने अपने बयान में कहा है कि सीबीआई ने दिल्ली में चार स्थानों पर आरोपी अधिकारी और अन्य निजी व्यक्तियों के परिसरों की तलाशी ली और इस दौरान 37 लाख रुपए की नकदी के साथ-साथ सोने और चांदी के सिक्के और कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए।

## बैसाखी कार्यक्रम में शामिल होकर गुरुद्वारे से निकल रहे थे बाहर

# इटली में 2 भारतीयों की गोली मारकर हत्या, चलाईं 12 गोलियां

एजेंसी ▶▶ रोम

इटली में दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो इलाके में हुई। घटना शुक्रवार (17 अप्रैल2026) की देर रात करीब 11:50 बजे कोवो के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के बाहर हुई। दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और बैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है।

ताबड़तोड़ फायरिंग कर कार से फरार हुआ हमलावर, जांच तेज

चश्मदीद गवाहों से पूछताछ कर रही पुलिस

सीसीटीवी फुटेज और गोलियों की जांच की जा रही, शवों को पीएम के लिए भेजा



घटनास्थल पर जांच करती स्थानीय पुलिस

### मेयर ने जताया दुख, कहा- कभी ऐसी घटना नहीं हुई

*पकोवो के मेयर ने इस घटना पर दुख और हैरानी जताई है। उनका कहना है कि सिख समुदाय यहां पिछले 15 साल से शांति से रह रहा है और पहले कभी ऐसी घटना नहीं हुई। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है, गवाहों से पूछताछ हो रही है और गोलियों की जांच की जा रही है। दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पाविया भेजा गया है।*

### पुलिस ने माना सुनियोजित हत्या

*स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, हमलावर अचानक वहां पहुंचा और दोनों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद वह कार से मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से करीब दस खाली कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस का मानना है कि यह कोई अचानक हुआ झगड़ा नहीं था, बल्कि सुनियोजित हत्या हो सकती है। गोलीबारी के दौरान एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ है।*

### जांच में जुटी पुलिस

*पुलिस सीसीटीवी फुटेज, गवाहों के बयान और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की जाँच में जुटी हुई है। हमलावर भी भारतीय मूल का था और वह स्थानीय सिख समुदाय में जाना-पहचाना व्यक्ति था। वह गुरुद्वारे में अक्सर आता-जाता था।*

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 1 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 5 | 3 | 2 | 6 |
| गुजरात | 5 | 3 | 2 | 6 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन

283 रन

हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज

13 विकेट

चेन्नई

# पंजाब ने एलएसजी के खिलाफ बनाया बड़ा स्कोर, दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य (93 रन) और कूपर कोनोली (87 रन) के अर्धशतकों के दम पर रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान जारी रखा। पंजाब किंग्स छह मैच में से पांच जीत से 11 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। एलएसजी की यह लगातार तीसरी हार है।

सलामी बल्लेबाज प्रियांश और कोनोली के बीच दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन ही बना सकी, जिसमें कप्तान ऋषभ पंत ने 43 रन, ऐडन मारक्रम ने 42 रन, मिचेल मार्श ने 40 रन और आयुष बडोनी ने 35 रन बनाए। पंजाब किंग्स के लिए मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक और युजवेंद्र चहल को एक एक विकेट मिला।

## पंजाब किंग्स ने एलएसजी को 54 रन से हराया



### कोनोली और आर्या ने रचा इतिहास

कूपर कोनोली और प्रियांश आर्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे विकेट के लिए 80 गेंदों में 182 रनों की लाजवाब साझेदारी निभाई। आईपीएल इतिहास में यह महज तीसरा मौका है, जब पंजाब किंग्स की तरफ से किसी जोड़ी ने 150 से ऊपर रनों की साझेदारी निभाई है। इससे पहले केएल राहुल और मयंक अग्रवाल ने 2020 में 183 रनों की साझेदारी की थी। वहीं, 2011 में एडम गिलक्रिस्ट और शॉन मार्श ने मिलकर 206 रन जोड़े थे।

### मार्करम के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज

एलएसजी के खिलाड़ी एडेन मार्करम के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। मार्करम आईपीएल इतिहास में एलएसजी की तरफ से सबसे महंगा ओवर डालने वाले गेंदबाज बन गए हैं। पंजाब किंग्स की पारी के 13वें और अपने स्पेल के पहले ओवर में मार्करम ने 32 रन दिए। उनके इस ओवर में पीबीकेएस के बल्लेबाज प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने मिलकर कुल 5 छक्के लगाए। मार्करम से पहले यह अनचाहा रिकॉर्ड रवि बिश्नोई के नाम दर्ज था। उन्होंने आईपीएल 2022 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ खेलते हुए एलिमिनेटर मुकाबले में 27 रन दिए थे।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्या का मार्श बो सिद्धार्थ | 93 | 37 | 4 | 9 |
| प्रभसिमरन का मार्श बो शमी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कोनोली का सिद्धार्थ बो प्रिंस | 87 | 46 | 8 | 7 |
| अय्यर का शमी बो मोहसिन | 05 | 06 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस रन आउट | 29 | 16 | 2 | 2 |
| वढेरा का पूरन बो सिद्धार्थ | 13 | 07 | 1 | 1 |
| शशांक का मारक्रम बो प्रिंस | 17 | 06 | 1 | 2 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 254/7 रन

गेंदबाजी : शमी 4-0-56-1, मोहसिन 4-0-43-1, प्रिंस 4-0-25-2, बडोनी 1-0-14-0, आवेश 3-0-46-0, सिद्धार्थ 3-0-35-2, मारक्रम 1-0-32-0,

| लखनऊ सुपर जायंट्स पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मार्श का बार्टलेट बो चहल | 40 | 28 | 3 | 2 |
| बडोनी का बार्टलेट बो विशाक | 35 | 21 | 5 | 1 |
| पंत का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 43 | 23 | 1 | 4 |
| पूरन का अय्यर बो यानसेन | 09 | 9 | 1 | 0 |
| मारक्रम का स्टोइनिस बो यानसेन | 42 | 22 | 3 | 3 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 21 | 17 | 1 | 1 |
| हिम्मत सिंह नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-41-1, बार्टलेट 4-0-54-0, यानसेन 4-0-37-2, विशाक 4-0-30-1, चहल 4-0-36-1

### खबर संक्षेप

#### जोबर्ग ओपन में प्रणवी ने किया 30वां स्थान हासिल



**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीसरे दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाकर लेडीज यूरोपियन टूर के जोबर्ग महिला ओपन में संयुक्त 30वां स्थान हासिल कर लिया। प्रणवी ने पहले दो दिन में 70-74 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे दौर में तीन बोगी की लेकिन इसके साथ ही छह बर्डी भी लगाई। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर है। अन्य भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर, त्वेसा मलिक, अवनि प्रशांत और हिताशी बख्शी कट में जगह नहीं बना पाई थी। फ्रांस की तीन खिलाड़ी कैमिला शेवेलियर, सेलीन हर्बिन और अगाथे लैस्ने संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों का कुल स्कोर 16 अंडर पार है।

#### लॉस एंजिलिस में संयुक्त 36वें स्थान पर अदिति

**लॉस एंजिलिस।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से जेएम ईगल लॉस एंजिलिस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 36वें स्थान पर हैं। अदिति ने तीसरे दौर में चार बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। कोरिया की सेई यंग किम ने तीसरे दौर में 71 स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त बरकरार रखी है। किम ने शुरुआती 9 होल में पांच बर्डी के साथ 8 शॉट की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद अंतिम 9 होल में उन्होंने लगातार 4 बोगी की। किम का कुल स्कोर 15 अंडर है।



#### पीएसए चैलेंजर टूरः फाइनल में पहुंचे सूरज चंद

**चेन्नई।** भारत के सूरज कुमार चंद ने रविवार को हांगकांग के वाइलोक टो को हराकर एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर के पुरुष फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चंद ने यहां इंडियन स्क्वाश अकादमी में खेले गए पुरुष सेमीफाइनल में 11-8, 11-7, 11-6 से जीत दर्ज की। वह पीएसए टूर पर पांचवीं बार फाइनल में पहुंचे हैं। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर मौजूद चंद का मुकाबला दक्षिण कोरिया के आठवें वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जियोंगमिन रियू से होगा।

## कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को 4 विकेट से हराया

# सीजन में केकेआर की पहली जीत

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स 4 विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है।




### आर्चर के नाम जुड़ी बड़ी उपलब्धि

ईडन गार्डन्स के मैदान पर जोफ्रा आर्चर के नाम बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। आर्चर ने मोहम्मद शमी के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आर्चर ने केकेआर की पारी की पहली ही गेंद पर टिम सीफर्ट को क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन भेजा। आईपीएल में यह पांचवां मौका है, जब आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट चटकाया है। आर्चर इस लीग में पारी की पहली बॉल पर सर्वाधिक बार विकेट लेने वाले संयुक्त रूप से पहले गेंदबाज बन गए हैं। आर्चर के अलावा मोहम्मद शमी ने भी आईपीएल पारी की पहली गेंद पर 5 बार बल्लेबाजों को आउट किया है।

### वैभव ने मैक्सवेल को छोड़ा पीछे

वैभव सूर्यवंशी ने केकेआर के खिलाफ 28 गेंदों पर 46 रन बनाए और इस दौरान 2 छक्के और 6 चौके भी जड़े। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 164.29 का रहा। इन 2 छक्कों के दम पर वैभव अब आईपीएल की पहली 13 पारियों के बाद सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। वैभव ने इस लीग में 13 पारियों में कुल 44 छक्के लगाए हैं जबकि इससे पहले ये रिकॉर्ड मैक्सवेल के नाम था जिन्होंने 13 पारियों के बाद कुल 33 छक्के लगाए थे। आईपीएल की 13 पारियों के बाद सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर आ चुके हैं।

### वरुण के टी20 में 200 विकेट पूरे

वरुण चक्रवर्ती ने टी20 क्रिकेट में अपने 200 विकेट पूरे कर लिए हैं। 155 मैच में वह 200 विकेट तक पहुंचे। 34 साल के स्पिनर ने 2019 में आईपीएल से ही टी20 डेब्यू किया था। 155 मैचों में उनके 202 विकेट हो गए हैं। वरुण का बेस्ट प्रदर्शन 17 रन देकर 5 विकेट है। उन्होंने तीन बार मैच में 5 विकेट झटके हैं। उनका इकोनॉमी 7.63 और औसत 21.75 का है।



### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 | 29 | 4 | 2 |
| सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 | 28 | 6 | 2 |
| जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 | 07 | 0 | 0 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 | 14 | 1 | 0 |
| हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 | 18 | 0 | 0 |
| फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 | 07 | 0 | 1 |
| जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 | 07 | 0 | 1 |
| आर्चर रन आउट | 08 | 05 | 1 | 0 |
| बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त:13, कुल:20 ओवर में 155/9 रन

गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-37-0, त्यागी 4-0-22-3, ग्रीन 2-0-27-0, नारायण 4-0-26-2, चक्रवर्ती 4-0-14-3, रमनदीप 2-0-26-0

| कोलकाता नाइट राइडर्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 | 1 | 0 | 0 |
| रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 | 2 | 0 | 0 |
| अंगकृष पगबधा बो जडेजा | 10 | 19 | 1 | 0 |
| ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई | 27 | 13 | 4 | 1 |
| पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 | 20 | 2 | 1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 | 34 | 5 | 2 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 | 13 | 1 | 0 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 | 16 | 1 | 2 |

अतिरिक्त: 09, कुल : 19.4 ओवर में 161/6 रन

गेंदबाजी: आर्चर 4-0-35-1, बर्गर 2-0-20-1 , बिश्नोई 4-0-41-1, यश 4-0-25-1 , जडेजा 3-0-8-2, ब्रिजेश 1.4-0-21-0

## हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस

# फॉर्म में गुजरात टाइटंस, संघर्ष कर रही मुंबई, आज हाई-वोल्टेज मुकाबला



एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भरी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है। गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार से की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। इसके बिल्कुल विपरीत मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है।

### नहीं चल पा रहे मुंबई के गेंदबाज

मुंबई के गेंदबाज भी नहीं चल पा रहे हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अभी तक विकेट नहीं ले पाना उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने भले ही किफायती गेंदबाजी की है लेकिन बल्लेबाज उनके सामने जोखिम लेने से बचते हुए उन्हें आसानी से खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट नहीं ले पाए हैं जबकि हार्दिक भी गेंदबाजी में कोई कमाल नहीं दिखा पाए हैं। उनके स्पिनरों के प्रदर्शन में भी निरंतरता नहीं है।

### टाइटन्स ने खोजा जीत का तरीका

गुजरात टाइटन्स ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं।

# कोच नवल सिंह बर्खास्त, चोपड़ा और अंतिल ने की थी शिकायत

## नीरज और सुमित ने कोच पर लगाया था मानसकि उत्पीड़न का आरोप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय ओलिंपकि चैंपियन नीरज चोपड़ा और पैरालंपिकि गोल्ड मेडलिस्ट सुमित अंतिल की शिकायत के बाद भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने कोच नवल सिंह के खलिाफ सख्त एक्शन लिया है और तत्काल प्रभाव से उनकी सेवाएं समाप्त कर दी हैं। यह फैसला तब लिया गया जब सुमित अंतिल ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को दी गई एक शिकायत में द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता नवल सिंह पर मानसिक उत्पीड़न और गाली गलौच करने का आरोप लगाया था।

### नवल को पैरालंपिक समिति की गतिविधियों से हटाया



पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़ियां ने कहा कि नवल को पैरालंपिक समिति की सभी गतिविधियों से हटा दिया गया है। उन्होंने पत्र लखिकर कहा कि पैरालपिकि पदक विजेता सुमित अंतिल और कई अन्य लोगों से कोच नवल सिंह के कथित दुराचार, अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के संबंध में शिकायतें मिलने पर मामले की सावधानीपूर्वक समीक्षा की गई।शिकायतों की जांच की गई और एथलीटों को अपनी चिंताओं को सामने रखने का उचित अवसर दिया गया।

### कर्नाटक में एथलेटिक्स चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन स्पर्धा 24 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के इच्छुक खिलाड़ियों को 24 से 26 अप्रैल तक कर्नाटक के तुमकुर में आयोजित तीन दिवसीय आयु वर्ग प्रतियोगिता के दौरान एएफआई की ओर से निर्धारित मानक हासिल करने होंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को आगामी एशियाई प्रतियोगिता के लिए चयन मानदंडों की घोषणा की। देश के शीर्ष एथलीटों के तुमकुर में होने वाली तीन दिवसीय 24वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद है। एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 28 से 31 मई तक हांगकांग में आयोजित की जाएगी।






## एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट

# मेस्सी ने दागे दो गोल, इंटर मियामी जीता

**कॉमर्स सिटी।** लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए, जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। क्लब के खेल निदेशक के रूप में कार्यरत होयोस ने जावियर माशेरानो के व्यक्तिगत कारणों से अचानक क्लब छोड़ने के बाद कोचिंग का कार्यभार संभाला। माशेरानो ने क्लब के साथ अपने एकमात्र पूर्ण सत्र में इंटर मियामी को 2025 एमएलएस कप का खिताब दिलाया था। मेस्सी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।



# सोसिडाड ने जीता कोपा डेल रे का खिताब

**सेविले ।** रियाल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया। सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला, जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराजो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने



कहा, ‘ यह अविश्वसनीय सफर रहा है और मुझे लगता है कि यह तो बस शुरुआत हो सकती है।’




# बॉक्सिंग अकादमी की दो खिलाड़ी भारतीय जूनियर कैंप में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र बॉक्सिंग अकादमी की दो खिलाड़ी राष्ट्रीय कैंप में शामिल की गई हैं। इनमें वारीदी दुबे (66 केजी) और रिद्धि पांडे (70 केजी) में हिस्सा लेंगी। अकादमी के कोच रोशनलाल ने बताया कि यह दोनों खिलाड़ी एनआईएस पटियाला में राष्ट्रीय कैंप में 20 अप्रैल से हिस्सा लेंगी। इसके लिए वे पटियाला पहुंच गई हैं। रोशनलाल ने उम्मीद जताई है कि दोनों ही खिलाड़ी इस कॉम्प्टीशन को जीतकर मप्र अकादमी का नाम रोशन करेंगी।

डीजीपी कप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबले

# नगेन्द्र सिंह के दोहरे प्रदर्शन से एसएएफ भोपाल फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस क्रिकेट ग्राउंड नेहरू नगर में खेले जा रहे डीजीपी कप 2026 के 28वें संस्करण में शनिवार को 2 सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मैच साइबर टेलीकॉम और एसएएफ भोपाल के बीच खेला गया। जिसमें साइबर टेलीकॉम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी की। इनमें साइबर टेलीकॉम की ओर से मंजीत ठाकुर ने 40 (25), अनुराग ने 24 (27), महेंद्र राजपूत 23 (26) के योगदान से टीम ने 134 रनों का लक्ष्य खड़ा किया। एसएएफ के अरुण ने 4, नगेंद्र सिंह, रवि को 1-1 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसएएफ ने 19 ओवर में जीत हासिल की, जिसमें नगेंद्र सिंह ने 49 (43), रोशन ने, 34 (25), नरेंद्र रावत 25(19) ने रन का योगदान दिया। साइबर टेलीकॉम के रियाज़ इकबाल और भागवत राजपूत को 1-1 विकेट मिले। नगेन्द्र सिंह के शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## संदीप के दोहरे प्रदर्शन ने भोपाल पुलिस को पहुंचाया फाइनल में

*टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच भोपाल पुलिस और इंदौर जोन के बीच खेला गया। इंदौर जोन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल पुलिस को 150 रन का लक्ष्य दिया, जिसमें मनीष पांडेय ने 60 (41), विकास ने 28 (20), दीपक पाटिल ने 27 (37) रन की पारी खेली। भोपाल पुलिस के संदीप को 3 विकेट मिले। जवाब में भोपाल पुलिस ने 19.4 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल किया, जिसमें सर्वेश ने 34 (26), परवेज ने 25 (14), अंबिया 21 (29) रन का योगदान दिया। इंदौर जोन की ओर से रितिक और संजय को 2-2 विकेट प्राप्त हुए। संदीप के दोहरे प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। उपरोक्त दोनों मैचों के मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथि विशेष पुलिस महानिदेशक आशुतोष राय, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी श्रीनिवास वर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक रियाज़ इकबाल, कमांडेंट नगेंद्र सिंह,आईपीएस नरेंद्र रावत एवं भोपाल रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर ने प्रदान किया।*



बॉयज़ अंडर-22 इंटर डिविजनल वन-डे टूर्नामेंट

# प्रारब्ध के कप्तानी प्रदर्शन से भोपाल ने सागर डिविजन को 82 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपीसीए द्वारा आयोजित बॉयज़ अंडर-22 इंटर डिविजनल वनडे टूर्नामेंट में कप्तान प्रारब्ध मिश्रा के दोहरे प्रदर्शन से भोपाल डिवीज़न ने सागर डिवीज़न को 82 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। प्रारब्ध ने टॉस जीता और तय 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 330 रन बनाए। इनमें प्रारब्ध ने 86 रन (85 गेंद) की बेहतरीन पारी खेली, जबकि शिवांश चतुर्वेदी ने नाबाद 53 रन (35 गेंद) बनाकर तेज़ फिनिश दिया। इसके अलावा विकास शर्मा ने 50 रन का योगदान दिया।

जवाब में सागर डिवीज़न की टीम 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 248 रन ही बना सकी। सागर के लिए आर्यन पांडे ने 120 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली, जबकि ध्रुव चौरसिया ने 48 रन बनाए। भोपाल के अनिमेष सिंह ने 3 विकेट झटके, जबकि प्रारब्ध मिश्रा और तनिष्क यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए। इस जीत के साथ भोपाल ने मैच में 4 अंक अर्जित किए। मैच में फील्डिंग प्रदर्शन के लिए सागर के ध्रुव चौरसिया और भोपाल के किंशुक श्रीवास्तव को सराहा गया। मैच में शानदार दोहरे प्रदर्शन के लिए कप्तान प्रारब्ध मिश्रा को लगातार दूसरे मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व रंजी ट्रॉफी कप्तान अमिताभ विजयवर्गीय ने प्रदान किया।



विधायक कप अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट

# विश्वास सारंग अकादमी की खिताबी जीत अरेरा अकादमी को 130 रन से हराया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के तत्वाधान में आयोजित विधायक कप अंडर 12 बीडीसीए क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को अरेरा क्रिकेट अकादमी और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के बीच फाइनल मैच खेला गया। टॉस विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए तय 30 ओवर में 240 रन का लक्ष्य दिया। इनमें अक्षत द्विवेदी ने 88, दक्ष सक्सेना ने 59 और कबीर अग्रवाल ने शानदार 23 रन बनाए। अरेरा के गेंदबाज धैर्य पटेल, आरव चौहान और रुद्रांश ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में अरेरा क्रिकेट अकादमी की टीम 110 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी ने 130 रन के बड़े अंतर से अरेरा क्रिकेट अकादमी को हराया। अरेरा के रुद्राक्ष प्रताप ने 30, अनिका खरे ने 15 और जय बैरागी ने 14 रन बनाए। विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के कप्तान दक्ष सक्सेना और प्रवेश बामरे ने तीन-तीन और अयक गुर्जर ने एक विकेट लिया। शानदार 82 रन बनाने वाले अक्षत द्विवेदी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने दिया।

### ये रहे सर्वश्रेष्ठ

- *बेस्ट बॉलर-प्रवेश बामरे, विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी*
- *बेस्ट कैच- कृष्ण रेलवे, यूथ क्रिकेट अकादमी*
- *बेस्ट बैट्समैन-दक्ष सक्सेना, विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी*
- *बेस्ट फील्डर-निर्भय राज सिंह, अरेरा क्रिकेट अकादमी*
- *अपकमिंग प्लेयर-हर्षिका वर्मा, विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी*
- *बेस्ट विकेटकीपर-अरहान मिर्जा, विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी*
- *विशेष पुरस्कार डिसिप्लिन प्लेयर-सक्षम समुद्र, विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी*

22 राज्यों से 800 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

# मंडीदीप में डॉज बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता 18 मई से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर मंडीदीप में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की डॉज बॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन होने जा रहा है। डॉजबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता जिला रायसेन को प्रदान की गई है, जिसका आयोजन एमेच्योर डॉजबॉल एसोसिएशन रायसेन द्वारा किया जाएगा। यह 19वीं सीनियर राष्ट्रीय डॉज बॉल प्रतियोगिता 18 से 21 मई तक आयोजित होगी, जिसमें देश के 22 राज्यों से लगभग 800 खिलाड़ी (बालक एवं बालिका वर्ग) भाग लेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान कर उनके कौशल को निखारना और खेल को बढ़ावा देना है। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति की बैठक वार्ड 5 स्थित जागृति हाई सेकंडरी स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के जिला सचिव विराट मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडीदीप में पहली बार इतने बड़े स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित हो रही है, जिसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी संजय सिंह, जीवन सिंह पाल, राजकुमार मारण, सुरेंद्र सिंह चौहान, कपिल देव राजपूत, एस एस राजपूत, खेल प्रशिक्षक निसार उल्लाह, रामनिवास पाल, सोनू खटीक, प्रशांत सर सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सहयोग का आश्वासन दिया।

मप्र क्रिकेट एसोसिएशन का भाऊ साहेब निंबालकर ट्रॉफी अंडर 18 बॉयज टूर्नामेंट

# भोपाल डिविजन और रेस्ट आफ एमपी 'बी' के बीच मैच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## पहली पारी में भोपाल डिविजन ने बनाए 7 विकेट पर 252 रन



मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 बॉयज भाऊ साहेब निम्बलकर ट्रॉफी में जबलपुर के नीमखेड़ा मैदान पर रविवार से शुरू हुए (चार दिवसीय) मैच में भोपाल डिविजन और रेस्ट आफ एमपी 'बी' के मध्य मैच प्रारंभ हुआ। भोपाल डिवीजन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक 90 ओवर में 7 विकेट पर 252 रन बना लिए हैं, जिसमें ओजस शुक्ला ने 69 रन, कनिष्क गौतम ने 38 रन, मलय श्रीवास्तव 32 रन, आलिफ हसन ने 28 रन और आरव मसीह नें 27 रन बनाए। रेस्ट आफ एमपी 'बी' से गेंदबाजी में युवराज कंसाना ने 4 और सार्थक वर्मा ने 2 विकेट लिए । सोमवार को मैच का दूसरा दिन है।

## भोपाल समाचार

निगम सख्त, देगा एनएचएआई को रिमाइंडर, बार बार पाइप लाइनें तोड़ने से रुक रही थी सप्लाई

# निगम के अटके 19 लाख, 13 दिन बाद भी एनएचएआई ने जमा नहीं कराई हर्जाने की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अयोध्या बायपास रोड को टेनलेन किए जाने के निर्माण के दौरान पाइप लाइनों के टूटने के मामले में नगर निगम ने सख्ती दिखाते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को हर्जाना जमा कराने के लिए नोटिस जारी करने की तैयारी कर ली है।

निगम द्वारा 19 लाख 49 हजार 400 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि जमा कराने के लिए भेजे गए पत्र को 13 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक राशि निगम कोष में जमा नहीं कराई गई है। अयोध्या बायपास मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के दौरान एनएचएआई की परियोजना क्रियान्वयन इकाई और उसकी अनुबंधित एजेंसी द्वारा लगातार लापरवाही बरत रही है।

इसके चलते बार-बार पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो रही हैं, जिससे न सिर्फ पानी की सप्लाई रुक रही है, बल्कि हजारों लीटर पानी भी बर्बाद भी हो रही। इसे लेकर जलकार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने निगम आयुक्त की स्वीकृति के बाद एनएचएआई के परियोजना संचालक को पत्र भेजा था। इसके बावजूद अब तक राशि निगम के कोष में जमा नहीं हुई है, जिसे लेकर दोबारा निगम प्रशासन रिमाइंडर भेजेगा।

### यहां टूटी थी पाइप लाइनें, सुधारने पर खर्च आया 19 लाख

अयोध्या बायपास पर निर्माण कार्य के दौरान दामखेड़ा के पास 500 मिमी व्यास की फीडर मेन पाइप लाइन, सागर लैंडमार्क के पास 110 मिमी तथा पीपुल्स हॉस्पिटल के पास 355 मिमी व्यास की एचडीपीई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थीं। इसे सुधारने के लिए निगम पर 19 लाख रुपए से ज्यादा का आर्थिक बोझ पडा।

### निगम ने दिया तर्क रिमांइडर देंगे, उसके बाद आगे की कार्रवाई

जलकार्य विभाग के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि एनएचएआई ने अब तक हर्जाने की राशि जमा नहीं कराई है। एनएचएआई को रिमाइंडर देंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




जांच में फर्जी और अधूरे दस्तावेजों की जानकारी मिलने के बाद एक्शन

# दुकान एवं स्थापना पंजीयन की ऑटो अप्रूवल व्यवस्था बदलेगा पंजीयन विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र श्रम विभाग अब जल्द ही दुकान एवं स्थापना पंजीयन की ऑटो-अप्रूवल व्यवस्था बदलेगा। दरअसल विभाग को जांच के दौरान फर्जी और अधूरे दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन जारी होने का मामला मिला। इसे लेकर अब यह व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। यह बात सामने आई थी कि कि कई लोगों ने फर्जी और अधूरे दस्तावेजों के दम पर आसानी से पंजीयन हासिल कर लिए हैं।

श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, बीते वर्ष 12 सितंबर 2025 से दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के तहत पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्णतः स्वचालित (ऑटो-अप्रूवल) कर दिया गया था, ताकि आवेदकों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। हालांकि, इस व्यवस्था का लाभ उठाकर कई आवेदकों ने सिस्टम को चकमा दे दिया। विभाग को कई मामलों में आधे-अधूरे आवेदन भी मिले। विभाग ने आदेश दिया है कि जिला स्तर पर जारी हुए कुल पंजीयनों में से कम से कम 10 प्रतिशत प्रमाणपत्रों की बारीकी से रैंडम जांच की जाए।

# पोंजी स्कीम मामला:अच्छे रिटर्न का लालच देकर जालसाज ने की एथलीट से लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने पोंजी स्कीम चलाने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी लोगों को प्रत्येक महीने अच्छा रिटर्न का लालच देकर निवेश कराकर धोखाधड़ी करता था। अब तक केवल एक ही शिकायतकर्ता सामने आया है, लेकिन पुलिस को संदेह है कि आरोपी ने भोपाल और अन्य शहरों पर निवेशकों से करोड़ों रुपए की ठगी की है।




जानकारी के अनुसार हर्षवर्धन नगर निवासी एथलीट ज्योति ने शिकायत करते हुए बताया कि उनकी पहचान राजेंद्र सिंह परमार से हुई। वह टीटी नगर में ऑफिस का संचालन करता था। उसने कहा कि आप निवेश करें, प्रत्येक महीने अच्छा रिटर्न मिलेगा। जालसाज राजेंद्र के कहने पर ज्योति ने 5 लाख रुपए निवेश कर दिए। उसे पहले दो महीनों में 21 हजार रुपए मिले। बाद में परमार ने रुपए देने बंद कर दिए। ज्योति ने उससे बातचीत की तो बहाने बनाने लगा। ज्योति ने अपने रुपए वापस मांगे। इस पर आरोपी ने कहा कि रुपए के बदले वह प्लॉट दे देगा, लेकिन न तो उसने रुपए लौटाए और न ही प्लॉट दिया। गांधी नगर पुलिस ने पहले ही राजेंद्र सिंह परमार को हिरासत में लिया था, लेकिन उसी शाम उसे रिहा कर दिया। ज्योति के अलावा, एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी ने भी इस योजना में कई लाख रुपए का निवेश किया है। टीटी नगर और गांधी नगर पुलिस थाने के चक्कर काटने के बाद ज्योति ने पुलिस आयुक्त संजय कुमार से संपर्क किया और अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद टीटी नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930